संसेक्स 70,506.31 ↓ -930.88
डॉलर 83.183 ▲ +0.033

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 8.0 | 11.0 |
| धनबाद | 23.0 | 10.0 | 14.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 9.0 | 14.0 |
| पलामू | 23.0 | 8.0 | 12.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत 2080

रांची, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 314, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155

www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — विकसित भारत यात्रा के सहारे भाजपा की ...8

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

मंदाना का डीपफेक वीडियो : मास्टर माइंड ...10 — देश/विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 58.900

चांदी (किलो) 79,700

## एक नजर

### हेमंत सरकार 29 को पूरा करेगी 4 साल, मोरहाबादी में होगा भव्य समारोह

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के चार साल पूरे होने पर 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में सरकारी समारोह का आयोजन किया जायेगा। राज्य सरकार स्तर से इसकी तैयारी प्रारंभ की गयी है। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये हैं। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस दिन राज्य के करीब 9000 युवाओं को नियुक्ति पत्र का भी वितरण करेंगे। परिसंपत्तियां का भी वितरण होगा। सड़कों व भवनों का उद्घाटन-शिलान्यास होगा।

### राज्य के फंड के सवाल पर पीएम से मिली ममता



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। पीओमओ ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी। मुलाकात के बाद ममता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने केन्द्र सरकार की ओर से राज्य को समय पर फंड न जारी किए जाने का मुद्दा प्रधानमंत्री से मुलाकात में उठाया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि केन्द्र और राज्य के अधिकारी इस मुद्दे को लेकर एक संयुक्त बैठक करेंगे।

### रिम्स निदेशक के लिए 22 को इंटरव्यू

**रांची।** रिम्स निदेशक पद के लिए 22 दिसम्बर को इंटरव्यू होगा। अभी तक इस पद के लिए 14 चिकित्सकों ने आवेदन दिया है। आवेदन करने वालों में नौ चिकित्सक झारखंड के हैं। जबकि दो नई दिल्ली, एक लखनऊ, एक राजस्थान और एक पंजाब के हैं। उल्लेखनीय है कि रिम्स निदेशक का पद पिछले छह माह से प्रभार में है।

### ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज को एक साल का एक्सटेंशन

**रांची।** झारखंड में मनी लाउंड्रिंग के तमाम केस को लीड कर रहे ईडी अधिकारी कपिल राज को एक साल का एक्सटेंशन मिला है। झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन, मनरेगा घोटाला, वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस व जमीन घोटाले की जांच की मॉनिटरिंग कपिल राज के द्वारा ही की जा रही है।

### राज्यपाल की आपत्ति और सुझाव दरकिनार

# पुराने स्वरूप में ही पास हुआ 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति

### विपक्ष सदन में करता है समर्थन और राज्यपाल का कान भरते हैं

**आरएनएम। रांची**

1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक पर अड़ियल रुख दिखाते हुए राज्य सरकार ने बुधवार को राज्यपाल और विपक्षी भाजपा के साथ तकरार के रास्ते आगे बढ़ने का साफ संदेश दे दिया है। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भोजनावकाश के बाद मुख्यमंत्री ने बिना किसी संशोधन के बिल सदन में पेश किया। विपक्ष के जोरदार विरोध के बावजूद विधेयक ध्वनिमत से पास हो गया। विधेयक पास होते ही सत्ता पक्ष ने जय झारखंड के नारे लगाए। इसके अलावा प्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय (निरसन) विधेयक-2023 भी सदन से पास हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 11 नवंबर, 2022 को विधानसभा के विशेष सत्र में पारित झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 को सदन में रखा था। यह 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य स्थानीय को परिभाषित करने का है। हमने आरक्षण बढ़ाने के संबंध में भी बिल पास करवाकर राजभवन भेजा है। आज फिर मांग करता हूं कि आरक्षण बिल को लेकर भी राज्यपाल जल्द निर्णय लें।

### सीएम हेमंत ने कहा



### कब क्या हुआ

- ▶▶ 11 नवंबर 2022 को राज्य सरकार ने विशेष सत्र बुला इसे सदन से पारित करके नवीं अनुसूची में इसे शामिल कराने के लिए राजभवन भेजा।
- ▶▶ राज्यपाल रमेश बैस ने 29 जनवरी 2023 को बिना संदेश के साथ विधेयक को पुनर्विचार के लिए लौटाया।
- ▶▶ वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने संदेश के साथ 3 दिसंबर 2023 को वापस कर दिया। अटार्नी जनरल से सलाह करके सुझाव और आपत्ति भी दर्ज करायी।

### क्या हैं विवाद के बिंदू

- ▶▶ विपक्षी भाजपा का तर्क है अध्यादेश जारी कर सरकार खुद इसे लागू कर सकती है।
- ▶▶ सरकार इसे केंद्र के मत्थे धकेल कर इसे कानूनी पचड़े में फंसाना चाहती है।
- ▶▶ विधेयक को नौवीं अनुसूची में शामिल कराने के बहाने लटका रही राज्य सरकार।

### सरकार का पक्ष

- ▶▶ राज्यपाल को कानून बनाने अथवा उसमें संशोधन करने का अधिकार प्राप्त नहीं।
- ▶▶ संविधान के अनुच्छेद-309 के तहत कानून बनाने की शक्ति राज्य विधान सभा को प्राप्त है।
- ▶▶ इसी कारण हमने विस की सहमति से इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने का निर्णय लिया।

### सीएम हेमंत सोरेन ने राज्यपाल के हर तर्क को किया खारिज

सदन में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति पेश करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछली बार विपक्ष ने भारी मन से ही सही मगर इसका समर्थन किया था। लेकिन बाद में राज्यपाल का कान भर इसे लटकाने काम कराया। यह झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की वर्षों पुरानी मांग है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की संसोधन की जरूरत नहीं है। सोरेन ने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीयता इस राज्य के करोड़ों आदिवासी और मूलवासी की अस्मिता एवं पहचान से जुड़ी है। उनकी यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है। उनकी भावना एवं आकांक्षा के अनुरूप पिछले वर्ष 11 नवम्बर को इस सदन ने ध्वनिमत से पारित कर इसे राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा था। दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने जब अलग राज्य की लड़ाई लड़ी तो उसके मूल में भी यही भावना थी कि स्थानीय व्यक्तियों का यहां की संपदा और नौकरियों पर हक मिले। मगर दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड बनने के बीस वर्षों तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने अपने संदेश के साथ विद्वान अटॉर्नी जनरल का वैधिक परामर्श भी दिया हैऔर उसके अनुसार विधेयक पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है।

### कैबिनेट से निर्णय लेकर ऑर्डिनेंश जारी करे सरकार : अमर बाऊरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि सरकार की नियत युवाओं को नौकरी और हक देना नहीं बल्कि से कानूनी पचड़े में फंसाना है। अगर सरकार की नियत ठीक है तो आप बहुमत में हैं कैबिनेट की बैठक बुलाकर ऑर्डिनेंश जारी करके इसे लागू कर सकते हैं। यह विषय केंद्र का नहीं बल्कि पूरी तरह से राज्य का है। फिर सरकार इसे केंद्र के मत्थे धकेल कर इसे कानूनी पचड़े में क्यों फंसाना चाहती है। हमारी पूर्व की रघुवर सरकार ने जो स्थानीय और नियोजन नीति लायी उसे सदन में नहीं लाया गया, कैबिनेट से ही निर्णय लेकर इसे लागू कर दिया। उस नीति से हजारों युवाओं को नौकरी मिली जिसमें 90 प्रतिशत स्थानीय युवा शामिल थे। सरकार यह नीति एक आऊटडेटड चेक है, भाजपा सत्ता में आयी तो हम देंगे राज्य की जनता को 1932 खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति।

# प्रिंस खान, डब्लू सिंह सहित 7 अपराधियों पर इनाम घोषित

**सभी हैं मोस्ट वांटेड, 25 से 50 हजार तक रखा गया है इनाम**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस की पहुंच से फरार चल रहे सात मोस्ट वांटेड अपराधियों पर इनाम घोषित किया गया है। इनामी लिस्ट में कुख्यात प्रिंस खान उर्फ हैदर अली, डब्लू सिंह और गोपी खान जैसे दुर्दांत अपराधी शामिल है। धनबाद के कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया है। धनबाद का रहने वाला प्रिंस खान बेहद खतरनाक अपराधी है, प्रिंस के ऊपर 50 से अधिक कांड दर्ज है। पलामू के मोस्ट वांटेड अपराधी डब्लू सिंह पर 40 हजार का इनाम घोषित किया गया है, डब्लू सिंह पर भी 40 से ज्यादा कांड दर्ज है। धनबाद के गैंग्स ऑफ वासेपुर के मोस्ट वांटेड अपराधी गोपी खान पर 40 हजार का इनाम घोषित किया गया है, गोपी खान पर 23 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। मोस्ट वांटेड हरीश कुमार सिंह उर्फ छोटू पर 40 हजार का इनाम घोषित किया गया है, छोटू जमशेदपुर का कुख्यात अपराधी है। छोटू पर 12 कांड दर्ज है। कुख्यात अपराधी बबलू ठाकुर उर्फ भारत नारायण ठाकुर पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है बबलू ठाकुर रामगढ़ इलाके में सक्रिय है। बबलू पर 10 कांड दर्ज है। अपराधी विकास साहू के खिलाफ 25,000 का इनाम घोषित किया गया है।

### डीजीपी ने जारी किया आदेश

झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डीजीपी झारखंड के द्वारा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार के आदेश सूचना एवं झारखंड पुलिस हस्तक नियम में प्रदत शक्तियों के आलोक में सभी सात अपराधकर्मियों के त्वरित गिरफ्तारी को सुनिश्चित करने के लिए इनाम की राशि की घोषणा की गई है। इनाम की राशि की अवधि 20.12.2023 से लेकर 20.12.2024 तक लागू रहेगी।

# कोर्ट ने अमित अग्रवाल की बेल याचिका की खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पीआईएल मैनेज करने के लिए नकदी लेन-देन के आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सीबीआई और अमित अग्रवाल के अधिवक्ता की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। अमित अग्रवाल ने जमानत की गुहार लगाते हुए 14 दिसंबर को अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। सीबीआई ने छह दिसंबर में कैश कांड मामले में रिमांड पर लिया था। पूछताछ के बाद सीबीआई ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे अदालत ने न्यायिक हिरासत में लेते हुए फिर जेल भेज दिया था। अमित अग्रवाल ने वकील राजीव कुमार पर जो आरोप लगाया था, उसकी जांच की जिम्मेदारी हाई कोर्ट ने सीबीआई को सौंपी। सीबीआई ने 20 जनवरी, 2013 को प्राथमिकी दर्ज की थी। पीआईएल मैनेज करने से जुड़े केस की जांच ईडी भी कर रही है।

# केरल में कोरोना के मामलों में तेजी 292 नए मामले, तीन की हुई मौत

**झारखंड में अभी सिर्फ दो कोविड मरीज, दोनों जमशेदपुर टीएमएच में भर्ती**

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

केरल, गोवा, महाराष्ट्र में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन 1 रफ्तार पकड़ने लगा है। केरल में तीन की मौत हो गई है जबकि गत 24 घंटे में 292 नए मामले सामने आये हैं। महाराष्ट्र में एक मामले की पुष्टि हुई है। कई अन्य राज्यों में इस वैरिएंट के पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। केरल में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 2041 है। गोवा में नए वैरिएंट के 19 केस दर्ज हुए हैं। मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना के 341 नए मामले सामने आए हैं। जिसमें दिल्ली और गुजरात में तीन-तीन, महाराष्ट्र में 11, तमिलनाडु में 13, तेलंगाना में 4, कर्नाटक में 9 मामले दर्ज किए गए हैं। फिलहाल झारखंड में कोविड-19 के एक्टिव केस की संख्या सिर्फ दो है। राज्य के स्वास्यि मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि दोनों मरीजों को जमशेदपुर के टाटा मोटर्स हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। दोनों मरीजों की स्थिति स्टेबल है।




### राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की समीक्षा बैठक

कोरोना और इसके नए वेरिएंट जेएन- 1 के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा संबंधी सेवाओं की तैयारियों पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के जेएन-1 वेरिएंट को वेरियंट ऑफ इंटरेस्ट माना है, यानी यह वायरस तेजी से फैल सकता है। इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें घबराने नहीं, सतर्क रहने की जरूरत है। अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर 3 महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल होना चाहिए। इसके लिए राज्यों को केन्द्र सरकार की ओर से सभी प्रकार का समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को तैयारियों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं करने के निर्देश दिए।

### झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी होंगे शामिल

### झारखंड के पड़ोसी राज्य के टेट पास अभ्यर्थियों को भी मौका

### 3 साल के अंदर पहले ही प्रयास में पास करनी होगी जेटेट




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने सहायक आचार्य की होने वाली नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि यदि इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो जाती है तो उन्हें तीन साल में प्रथम प्रयास में ही झारखंड टेट (जेटेट) परीक्षा पास करनी होगी। यदि झारखंड सरकार तीन साल में जेटेट परीक्षा आयोजित नहीं करती है तो अभ्यर्थियों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा की तैयारी के लिए तीन माह का समय दिया जायेगा। कोर्ट ने कहा कि सरकार हर साल जेटेट परीक्षा आयोजित करे। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि चूंकी झारखंड में आठ वर्षों से राज्य सरकार ने जेटेट की परीक्षा नहीं ली है। कोर्ट ने कहा कि वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने सीटेट परीक्षा पास की है या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास की है, वे सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यदि ऐसे अभ्यर्थी चयनित हो जाते हैं और नियुक्त होते हैं तो उन्हें तीन वर्ष के भीतर पहले प्रयास में ही झारखंड सरकार द्वारा आयोजित जेटेट परीक्षा पास करनी होगी। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा में परीक्षा की तैयारी के लिए तीन माह का समय दिया जायेगा। यदि तीन साल में राज्य सरकार जेटेट परीक्षा नहीं लेती है तो अभ्यर्थियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी। कोर्ट के आदेश पारित किये जाने के क्रम में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार के उच्च अधिकारियों से दिशा निर्देश लिया, उसके बाद कोर्ट के आदेश पर अपनी सहमति जतायी। याचिकाकर्ता का कहना था कि झारखंड सरकार ने वर्ष 2016 के बाद टेट परीक्षा नहीं ली है लेकिन राज्य में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा शुरू हो गई है, इसके लिए आवेदन मंगाये जा रहे हैं। इसलिए शिक्षक नियुक्ति में सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शामिल होने दिया जाये या झारखंड सरकार जेटेट परीक्षा का आयोजन कराये। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि 23 अगस्त, 2010 के एनसीटीई की गाइडलाइन में प्रोविजन है कि यदि राज्य सरकार टेट परीक्षा नहीं लेती है तो दूसरे राज्य से टेट परीक्षा या केंद्र सरकार से सीटेट पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति में कंसीडर किया जायेगा।

# माननीय, मिमिक्री करेंगे तो आमलोग क्या करेंगे ?



सुनील बादल

**संसद** की सुरक्षा में सेंध मामले पर संसद के दोनों सदनों में विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया और प्रतिक्रियास्वरूप सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्षी दलों के सांसद संसद के नए भवन के 'मकर द्वार' पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने न सिर्फ उपराष्ट्रपति का माखौल ऊड़ाया, बल्कि उनकी मिमिक्री भी की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी टीएमसी नेता की मिमिक्री का वीडियो बनाते देखे गए। इस घटना के बाद दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाने में वकीलों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। दूसरी तरफ खुद उपराष्ट्रपति ने कांग्रेस नेता के इस हरकत को गिरने का हद बताया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान अगर ऐसा कोई भी आधार मिलता है तो सांसदों की गिरफ्तारी हो सकती है। टीएमसी सांसद की अपनी मिमिक्री उतारे जाने की घटना पर पीड़ा व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सोचिए कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी, जब एक सांसद (कल्याण बनर्जी) उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ा रहे थे और आपके एक वरिष्ठ नेता (राहुल गांधी) वीडियोग्राफी कर रहे थे। मुझ पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा था। यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्यसभा के सभापति के पद का निरादर है और, वह भी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य द्वारा जिसने इतने लंबे समय तक शासन किया हो। उपराष्ट्रपति ने इस तरह की घटनाओं को गंभीर मसला बताते हुए कहा कि चिदम्बरम जी, आपकी पार्टी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो डाला था, जिसे बाद में हटा लिया गया, यह शर्मनाक है। आपने मुझे अपमानित करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के 'एक्स' हैंडल का इस्तेमाल किया। आज कल्याण बनर्जी टीवी पर बयान देते दिखे कि मिमिक्री एक कला है, जिसे मैंने दिखाया। मुझे नहीं पता कि धनखड़ साहब ने इसे अपने ऊपर क्यों लिया। अगर वाकई ऐसा है तो क्या वह राज्यसभा के अंदर इस तरह का व्यवहार करते हैं? वह मेरे सीनियर हैं। हम दोनों एक ही प्रोफेशन में रहे हैं। हम जानते हैं कि किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। तृणमूल सांसद की ये हरकत सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। भाजपा ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। वहीं, इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने धनखड़ से फोन पर बात की और कहा कि वह खुद 20 साल से यह अपमान झेल रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घटना पर दुख जताया और कहा कि ऐसी घटनाएं संसदीय मयार्दा बनाए रखने के लिए अच्छी नहीं है।

भारत की संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है और हमारे देश के सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक भी है। संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है भारत में कहा जाता है -महाजनो येन गतः स पन्थाः यानी सद्गुणों से संपन्न श्रेष्ठ पुरुष जिस रास्ते वे चले, उसी मार्ग पर चलना चाहिए। शिरोमणि अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल को संसद संविधान की कब्रगाह नजर आई तो दूसरी ओर तमाम तरह के आर्थिक अपराधों के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह उत्तर कोरियाई सदन की तरह एक सांकेतिक सदन बनने वाला है। सड़कों पर मामूली विवाद से लेकर बड़ी घटना तक में जिस तरह की प्रतिक्रिया देश में कुछ लोग देते हैं और वह सोशल मीडिया के ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

### तीन क्रिमिनल लॉ में बदलाव का बिल लोकसभा से पास

# मॉब लिंचिंग के लिए अब फांसी की सजा

### शिकायत के तीन दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी

### सात साल सजा वाले सभी अपराधों में फोरेंसिक अनिवार्य

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

लोकसभा से बुधवार को तीनों क्रिमिनल लॉ बिल पास हो गए। इसको अब राज्यसभा में पेश किया जाना है। गृह मंत्री अमित शाह ने बीते सप्ताह लोकसभा में इन तीनों बिल भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 को पेश किया था। गृह मंत्री शाह ने लोकसभा में यह भी कहा कि नये कानूनों में महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करने वाले कानूनों को प्राथमिकता दी गई है, उसके बाद मानव अधिकारों से जुड़े कानूनों और देश की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को प्राथमिकता दी गई है।

### 3 क्रिमिनल लॉ में किए गए ये बदलाव

- सीआरपीसी में किसी शिकायत पर एक्शन का कोई समय निर्धारित नहीं था। आप कोई शिकायत देते थे, तो पुलिस उस पर 10 साल बाद भी कार्रवाई कर सकती थी। लेकिन अब तीन दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी।
- आतंकवाद की व्याख्या अब तक किसी भी कानून में नहीं थी। सरकार राजद्रोह को देशद्रोह में बदलने जा रही है।
- मॉब लिंचिंग घृणित अपराध है और इस कानून में मॉब लिंचिंग अपराध के लिए फांसी की सजा का प्रावधान किया जा रहा है।
- यौन हिंसा के मामलों में बयान महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट ही करेगी।
- पीड़िता का बयान उसके आवास पर महिला पुलिस अधिकारी के सामने ही दर्ज होगा।
- झूठे वादे या पहचान छुपाकर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में आएगा।
- गैंगरेप के मामलों में 20 साल की सजा या आजीवन कारावास की सजा
- छोटे-मोटे आपराधिक मामलों में समरी ट्रायल में तेजी लाई जाएगी। 3 साल तक की सजा वाले मामलों में मजिस्ट्रेट कर सकते हैं समरी ट्रायल।
- सात साल या उससे अधिक की सजा वाले सभी अपराधों में फोरेंसिक अनिवार्य होगा।
- 10 साल या उससे अधिक, आजीवन एवं मृत्युदंड के दोषी प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित किए जा सकेंगे।
- घोषित अपराधियों की भारत से बाहर की संपत्ति को जब्त करने का नया प्रावधान होगा।

रोड अंडर ब्रिज पर नक्सली संगठन ने धावा बोला

# गोली चलाकर काम बंद रखने की दी चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी थानाक्षेत्र अंतर्गत राय रेलवे क्रासिंग के निकट ह्यरोड अंडर ब्रिज के निर्माण स्थल पर नक्सली संगठन पीएलएफआई के हथियारबंद लोगों ने धावा बोल दिया। घटना मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है। संगठन के सदस्यों ने वहां डिउटी कर रहे गार्ड अजय उरांव को पीटा। फिर गार्ड अजय उरांव को कब्जे में लेकर साइट सुपरवाइजर फिरोज अहमद के आवास पर पहुंचे और वहां गोली चलाई तथा संगठन से बात होने तक काम बंद रखने की चेतावनी दी। नक्सली चार की संख्या में थे। नक्सलियों ने सुपरवाइजर को काम बंद करने की धमकी देते हुए कहा कि हमलोग पीएलएफआई के कृष्णा यादव के आदमी हैं, बिना संगठन से बात किए काम नहीं करना है। इस गोलीबारी की घटना के बाद कर्मचारियों के बीच दहशत का माहौल है। नक्सलियों ने जिस सुपरवाइजर के आवास पर गोली चलाई वह घर सौखी महतो की है जिसमें कंपनी का सुपरवाइजर भाड़े पर रहता है। गोली चलाए जाने की घटना के प्रत्यक्षदर्शी रामेश्वर महतो ने बताया कि सभी नक्सली पैदल ही रेलवे लाइन की तरफ से वापस लौट गए। इस रोड अंडर ब्रिज का निर्माण सिंहा इंफ्राटेक नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है। विगत 10 दिसंबर को ही स्थानीय सांसद संजय सेठ व विधायक समरीलाल ने नारियल फोड़कर इस आरयूबी का शिलान्यास किया था।

# गूंज महोत्सव में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली स्टेडियम परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजनसिल्ली सामुदायिक अस्पताल, सिंगपुर नर्सिंग होम एवं सैमफोड अस्पताल रांची के द्वारा किया गया। शिविर में सिल्ली समुदायिक अस्पताल के डॉक्टर मोना आनंद ने 150 लोगों का जांच किया तथा सिंगपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉ रमनेश प्रसाद के द्वारा शुगर, बीपी, टीवी एवं सैमफोड अस्पताल के द्वारा मिर्गी, ब्रेन स्ट्रोक, माइग्रेशन, ब्रेन हेमरेज इत्यादि का जांच निशुल्क किया गया एवं सामुदायिक अस्पताल सिल्ली के द्वारा निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर नरगिस, शबाना, बसंती, सुषमा का काफी सराहनीय योगदान रहा।

# रोल और मलती पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो/मांडर

चान्हो प्रखण्ड के रोल और मांडर प्रखंड के मलती पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पतियों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूपसे अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारंटी, स्वास्थ्य जाँच, किसान क्रेडिट कार्ड, कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वे वित्त की योजनाऐं, राशन कार्ड सुधार एवं निर्माण, सर्वजन-पेंशन योजना है। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें।

# पिपरवार में अपराधियों ने दो कोयला लदे हाइवा व डंपर में लगाई आग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

अज्ञात अपराधियों ने पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी चौक के निकट दो कोयला लदे हाइवा डंपर में आग लगा दी और भाग निकले। ये डंपर आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र से कोयला लेकर सीएचपी परियोजना आ रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, टंडवा थाना प्रभारी बिजय कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार महतो, सीआईएसएफ के कमांडेंट संदीप कुमार एस, डिप्टी कमांडेंट उपेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर विकास कुमार सशस्त्र बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और अग्निशमन गाड़ी के सहयोग से आग को बुझाया। पुलिस आसपास के इलाकों में छापामारी अभियान चला रही है।

# मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के सीएमडी



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। उन्होंने सीसीएल के कोल खनन और उत्पादन से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान की दिशा में राज्य सरकार से मिल रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस सहयोग से सीसीएल ने वर्ष 2023-24 में कोल उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है उसे हासिल करने में सफल होगा।

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री संविधान का अपमान : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा संसद भवन परिसर में सांसदों के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मिमिक्री करने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने घोर निन्दा की है। प्रसाद ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक शिक्षाविद् हैं और एक संवैधानिक पद पर हैं। ऐसे में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का आचरण अशोभनीय और घोर निंदनीय है। प्रसाद ने कहा कि किसी जनप्रतिनिधि को ऐसा व्यवहार करना शोभा नहीं देता है।

## कांग्रेस पार्टी की ब्रांबे एवं बरगड़ी पंचायत में पंचायत सम्मेलन का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड के ब्रांबे एवं बरगड़ी पंचायत मे बुधवार को कॉग्रेस पंचायत सम्मेलन में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कॉग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए। सम्मेलन को संबोधित करते बंधु तिर्की ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव की तैयारी मे अभी से जुट जाएं। कार्यकर्ता ही आमलोग और वोटर के सबसे करीब होते हैं। इसलिये आप अपनी ताकत को समझें और गांव के जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने टोला कमिटी और बी एल ए का गठन करने को लेकर जरूरी निर्देश दिया ।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एडवेंचर कैंप



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने कक्षा केजी से कक्षा 12वीं तक के छात्रों के लिए एडवेंचर कैंप की एक श्रृंखला का आयोजन किया। छात्रों को बैंबू ब्रिज, बर्मा ब्रिज, डबल लॉग क्रॉसिंग, पैरलल रोप, फ्लाइंग फॉक्स, डबल जंपिंग, टायरोलियन ट्रैवर्स, कमांडो नेट एवं कैट वॉक जैसी गतिविधियां कराई गई। इसके माध्यम से उन्हें विभिन्न हर्डल का सामना करने का प्रशिक्षण दिया गया। इन सभी गतिविधियों से छात्रों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने और उनके व्यक्तित्व को विशिष्ट बनाने में मदद मिलेगी। एडवेंचर कैंप की सभी गतिविधियां विधिवत प्रशिक्षित आयोजकों एवं विद्यालय के शिक्षकों की देख रेख में संपन्न हुआ। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह के साहसिक शिविर आयोजित करने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि ये शिविर छात्रों को विपरीत और कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करने में मदद करते हैं।

# झारखंड पुलिस डॉग स्क्वाड के एक ट्रैकर और तीन स्निफर सेवानिवृत्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज झारखंड पुलिस डॉग स्क्वाड के एक ट्रैकर और तीन स्निफर लगभग 9 वर्षों तक झारखंड पुलिस में अपनी सेवा के बाद समारोहपूर्वक सेवानिवृत्त हो गए। ट्रैकर मोनाली ने अपने करियर में 2018 में खेलगांव पीएस के तहत 1.5 लाख का गोल्ड ट्रैक किया और स्निफर्स चिप, धिनो और माचो ने अन्य उपलब्धियों के अलावा अपने करियर में कई वीवीआईपी कार्यक्रमों के सुचारू आयोजन में सफलतापूर्वक योगदान दिया है। सभी चार कुत्ते 8 दिसंबर 2023 को सेवा से सेवानिवृत्त हो गए और आज एक औपचारिक समारोह आयोजित किया गया है जिसमें असीम विक्रांत मिंज, आईजी सीआईडी मुख्य अतिथि थे। कार्तिक एस, डॉ. पंकज कुमार, इंस्पेक्टर जोसेफ तिर्की समारोह में उपस्थित अन्य उल्लेखनीय सदस्य हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित "Inviting Expression of Interest for Selection of Methodology for improvement of bad quality of Raw Water in vicinity of Intake Well site of Getalsud dam for drinking purpose" (RFP No. – 01/CDO/Selection of Methodology/2023-24) जिसका **PR. No.-312268 Drinking Water and Sanitation (23-24)#D** है, में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

| विवरणी | पूर्व का तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| Date of Presentation by bidders of this work at CDO, D.W.& S.D., Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 | 08.12.2023 at 3.00 PM onward | 29.12.2023 at 3.00 PM onward |
| Last date & time of online submission | 17.12.2023 at 2.00 PM | 05.01.2024 at 2.00 PM |
| Opening date of technical bid | 17.12.2023 at 5.00 PM | 05.01.2024 at 5.00 PM |

शेष यथावत रहेगा।

ह०/
कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची

PR 313888 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना जिला कार्यालय, कोडरमा

विज्ञापन संख्या :– 1541 / 19.12.2023

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 3863 दिनांक 10.10.2023 एवं प्रशासी पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 4113 दिनांक 19.10.2023 के आलोक में जिला में संचालित 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला / पुरूष अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 16.01.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा कार्यालय, समाहरणालय परिसर, राँची पटना रोड, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते हैं। जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में निम्नवत् पदों पर संविदा पर चयन किया जाना है –:

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, (गणित) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– भौतिकी विज्ञान एवं गणित) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (कम्प्यूटर) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | पूर्णकालिक लेखापाल | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ (आदेशपाल – एवं रात्रि प्रहरी) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 11 | मुख्य रसोईया | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 12 | सहायक रसोईया | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | कुल | 15 | 13 | 2 | 0 | 0 | 0 | 15 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा कार्यालय, समाहरणालय परिसर, राँची पटना रोड, कोडरमा में अनिवार्य रूप से दिनांक 16.01.2024 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे ।

3. चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि –

| क्र.सं. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 1. **शैक्षणिक अहर्ता :–** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 एवं 6 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में संबंधित विषय में न्यूनत्तम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। क्र. सं. 7 से 8 में अंकित पदों हेतु किसी भी विषय में न्यूनत्तम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक हो सकते हैं। अनुसूचित जाति / जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 05 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>**कम्प्यूटर शिक्षक / शिक्षिका के लिए न्यूनतम अहर्त्ता** BCA/BSc. in Computer Science/Any Graduate with 2 years diploma in computer science from recognized institute of AICTE **होगी** ।<br>2. प्रशैक्षणिक अहर्ता :– मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी. एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक शिक्षिका के लिये Bachelor in Physical Education/ Degree in physical education अनिवार्य होगा।<br>3. शिक्षक पात्रता परीक्षा :–<br>i. राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (NCTE) के द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका हिन्दी भाषा, गणित, जीव विज्ञान एवं रसायन एवं सामाजिक शिक्षा के पदों को कक्षा 1 से 8 हेतु वर्गीकृत किया गया है। अतः इन पदों के लिए अभ्यर्थियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा।<br>ii. कक्षा 9 से 10 हेतु वर्गीकृत किए गए पद यथा– पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका विज्ञान विषय समूह (भौतिकी एवं गणित), पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका अंग्रेजी के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) उत्तीर्णता की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी।<br>iii. पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका कम्प्यूटर तथा शारीरिक शिक्षक / शिक्षिका के पद हेतु JTET की उत्तीर्णता अनिवार्य नहीं होगी।<br>iv. शिक्षक / शिक्षिकाओं की नियुक्ति एवं परिलब्धि :– शिक्षक / शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर किया जाएगा तथा उन्हें निर्धारित परिलब्धि प्रदान की जाएगी।<br>v. शिक्षक / शिक्षिकाओं के पद पर चयन हेतु प्राप्त अभ्यावेदनों में से सर्वाधिक योग्यता एवं प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की मेधा सूची तैयार की जाएगी। प्रत्येक पद के लिए 5 अभ्यर्थियों को अंतर्वीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा तथा उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार चयन समिति के द्वारा मेधा सूची का निर्माण कर मेधा के अनुसार चयन किया जाएगा। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840 /– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) | | |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, (गणित) | | |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, विज्ञान **(विषय समूह– जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान)** | | |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, विज्ञान **(विषय समूह– भौतिकी विज्ञान एवं गणित)** | | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | | |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | | |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (कम्प्यूटर) | | |
| 9 | 01पूर्णकालिक लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1. किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान / विश्वविद्यालय से बी. कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता।<br>2. तकनीकि अहर्ता:– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी.जी.डी.सी.ए. / डी.सी.ए. / समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता।<br>3. हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली साफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। | 3. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 11880 /– प्रतिमाह देय होगी।<br>4. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ (2) | शैक्षणिक अहर्ता – मैट्रिक | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 6000 /– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 11 | मुख्य रसोईया (1) | शैक्षणिक अहर्ता – 8वीं पास | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 7200 /– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 12 | सहायक रसोईया (3) | शैक्षणिक अहर्ता – 8वीं पास | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 5400 /– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |

4. चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं :–

i. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु निर्धारित अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों को राज्य कार्यकारिणी की 52वीं एवं 65वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में चयन में प्राथमिकता दी जाएगी जिसके आलोक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों के.जी.बी.भी. / जे.बी.ए.भी. / राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान / साक्षर भारत / महिला समाख्या में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में उपरोक्त कार्यक्रमों के अधीन पद की कार्यावधि के समतुल्य छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही साथ शैक्षणिक अहर्ता में न्यूनतम 05 प्रतिशत् की छूट 10 वर्ष की सेवा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमों किए जाने की स्थिति में प्रदान की जाएगी। इन कर्मियों को राज्य कार्यकारिणी के निर्णय के आलोक में चयन में प्राथमिकता हेतु कार्यरत शिक्षक / शिक्षिकाओं एवं गैर–शैक्षणिक पदों पर कार्यरत अभ्यर्थियों के समरूप पदों पर ही एक वर्ष के कार्यकाल के 01 वर्ष के आधार पर कुल कार्यकाल की गणना कर परीक्षा में प्राप्त अंक में अतिरिक्त अंक जोड़ा जाएगा।

ii. महिला / पुरूष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

iii. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा। शिक्षक / शिक्षिकाओं एवं अन्य गैर शैक्षणिक कर्मियों के कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर संविदा की समाप्ति का निर्णय लेने हेतु भी जिला स्तरीय चयन समिति सक्षम प्रधिकार होगी।

iv. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। चयन में कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय आरक्षण के नियम का पालन किया जाएगा।

v. सभी शिक्षक / शिक्षिकाओं एवं लेखापाल को आवासीय परिसर में रहना अनिवार्य होगा।

5. आयु सीमा :–

i. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होगी।

ii. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में कोटिवार अधिकत्तम उम्र सीमा निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Unreserved Category | 35 |
| 2 | Female (All category -UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 3 | Extremely Backward classes (Annexure I)/ Backward Classes (Annexure II) | 37 |
| 4 | SC/ ST (Male and Female) | 40 |
| 5 | Person with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

iii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

iv. उपरोक्त कंडिका–4 (i एवं ii) के अधीन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्व से दैनिक मानदेय पर अंशकालीन / पूर्णकालीन रूप से कार्यकरत अभ्यर्थी को भी उनके प्रत्येक कार्य वर्ष हेतु एक वर्ष की उम्र सीमा में छूट देय होगी।

v. उम्र की गणना आवेदन करने के वर्ष 01.07.2023 के आधार पर की जायेगी।

6. आवेदन :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 16.01.2024 के संध्या 5:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा (SSA) के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।

7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट koderma.nic.in पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे। उपरोक्त जानकारी संबंधित जिलों के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।

8. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।

9. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।

10. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित / रद्द करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा को सुरक्षित रहेगा।

11. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।

12. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

13. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–

14. 23 X 10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा ।

15. सभी शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए ।

16. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।

17. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति। / –

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 313881 Jharkhand Education Project Council (23-24)_D

### आज का पंचांग

गुरुवार को हिंदू पंचांग को वैदिक पंचांग के नाम से जाना जाता है। पंचांग के माध्यम से समय और काल की सटीक गणना की जाती है। पंचांग मुख्य रूप से पांच अंगों से मिलकर बना होता है। ये पांच अंग तिथि, नक्षत्र, वार, योग और करण है।

## एक नजर

### श्रमदान दिवस पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित

रांची। बुधवार को विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के तत्वावधान में श्रमदान करने वाले हुनर वाज श्रमिक भाई सुबोध कुमार शर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा एवं अन्य भाई को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा जी के नेतृत्व मे सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप मे मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार,संरक्षक पिंटू शर्मा, छत्रपाल राम उस्ताद आदि मौजूद थे। बताते चलें मंच की ओर से श्रमदान देने वाले श्रमिक भाईयों के मनोबल बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रमदान दिवस मनाया गया। उपरोक्त सम्मानित हुनरवाज विश्वकर्मा श्रमिक भाई जरुरतमंद लोगों के मकानों का निः शुल्क श्रमदान देकर टेबल, कुर्सी, बेड, दरवाजे आदि की रिपेयरिंग करते हैं और इसे अपना धर्म समझते हैं।

### बड़ा तालाब को पर्यटक स्थल के रूप अधिसूचित करने की अनुशंसा

रांची। उपायुक्त सह अध्यक्ष रांची जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की बैठक हुई। बैठक में रांची के सांसद, राज्यसभा सांसद, विधायक व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में रांची अवस्थित बड़ा तालाब को श्रेणी-बी में शामिल करने पर चर्चा की गई। बड़ा तालाब के संबंध में समिति के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि यह तालाब रांची की एक पौराणिक धरोहर है। जो रांची शहर के मध्य भाग में अवस्थित है। यह तालाब करीब 175 वर्ष पुराना है तथा रांची के अधिकतर लोगों की इससे आस्था जुड़ी हुई है। बड़ा तालाब के मध्य भाग में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद का एक विशालकाय मूर्ति अधिष्ठापित है।

### फुटबॉल कप प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

**रांची।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष - महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न। स्वागत भाषण जिला खेल पदाधिकारी रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने किया। जबकि आगन्तुको का स्वागत वरीय प्रशाखा पदाधिकारी मनोज पासवान ने किया। फाइनल मैच एवं समापन समारोह में मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। समापन समारोह के अवसर पर स्वागत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ओरमांझी के छात्राओं ने सभी अतिथियों का स्वागत बैंड डिस्प्ले के धुन के साथ मुख्य मंच तक लाये एवं मैदान में धुन पर की आकर्षक प्रस्तुति पेश की।

सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर राजकीय कार्यक्रम 29 दिसंबर को

# उपायुक्त राहुल सिन्हा ने तैयारियों की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। समाहरणालय में आयोजित बैठक में 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त, दिनेश कुमार यादव, आईटीडीए निदेशक सुधीर बाड़ा, डीआरडीए निदेशक रामवृक्ष महतो, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा संचालित राज्यस्तरीय विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जानी है। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबुआ आवास योजना, ग्राम गाड़ी योजना, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, सर्वजन पेंशन योजना आदि के लाभुकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने आयेजन स्थल पर साज सज्जा को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही। मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम की तैयारी, मंच संचालन आदि व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# इंडियन बैंक के तत्वावधान में नराकास की 29वीं बैठक का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता। रांची

इंडियन बैंक द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), रांची की 29वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नराकास (बैंक) रांची के अध्यक्ष एवं इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक एफआर बोखारी ने की। इस बैठक में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक निर्मल कुमार दुबे एवं इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै के राजभाषा विभागाध्यक्ष अजय कुमार विशेष रूप से आमंत्रित थे। इसके अलावा नाबार्ड के प्रभारी-अधिकारी /महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, केनरा बैंक के महाप्रबंधक श्रीनाथ जोशी, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक बैजनाथ सिंह एवं सभी बैंकों / वित्तीय संस्थानों/ बीमा कंपनियों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नराकास के सदस्य सचिव एवं इंडियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा ने किया ।

माही ने बेथेसदा की छात्रा शिल्पा कुमारी को साईकिल भेंट की

# पैसे की कमी से पढ़ाई न रूके : जुनैद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के द्वारा जमैतुल इराकीन के सहयोग से नवीं व दसवीं की निःशुल्क कक्षाएं माही क्लासेस के नाम से चलायी जा रही है जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्रायें दक्ष शिक्षकों के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस कक्षा में शामिल होने के लिए दूर-दराज के इलाकों से भी विद्यार्थी आते हैं। इसी क्रम में एक छात्रा शिल्पा कुमारी के कक्षा में उपस्थिति संघर्ष व लगन को देखते हुए माही ने शिल्पा के स्कूल बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में माही के संरक्षक जुनैद अनवर,वार्ड 16 की पार्षद नाजिमा रजा एवं प्रधानाध्यापिका रेश्मा केरकेट्टा* की उपस्थिति में उसे उपहार के रूप में साईकिल प्रदान किया। ज्ञात हो कि शिल्पा को अपने घर से प्रतिदिन माही क्लासेस पैदल आने-जाने में देढ़ से दो घण्टे का समय लगता है एवं सवारी के लिए आर्थिक कमी के कारण भाड़े की व्यवस्था नहीं कर पाती थी। साईकल प्राप्त कर शिल्पा ने खुशी का इजहार करते हुए कहा की अब वह आसानी से स्कूल, कोचिंग व अन्य जगहों पर जा सकती है जिससे काफी समय बचेगा और वह आगामी बोर्ड परीक्षा में ध्यान केंद्रित कर उत्तम अंकों से उत्तीर्ण होकर परिवार व स्कूल का नाम रौशन करेगी। इस अवसर पर माही के संयोजक जुनैद अनवर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी तरह के आर्थिक कमी के कारण शिक्षा समाप्त नही करना है। शिल्पा ने अपने संघर्ष व लगन से न केवल अपने शिक्षकों को बल्कि मुझे भी प्रभावित की और आप सभी को भी इनसे प्रेरणा लेना चाहिए और शिक्षा के माध्यम से संघर्ष करते हुए सफलता की ओर बढ़ना चाहिए।

माही की निरंतर प्रयास है कि कोई भी आर्थिक कमी की वजह कर शिक्षा लेने से वंचित नही रहे। जिस तरह शिल्पा ने अपनी लगन से ईनाम हासिल किया उसी तरह आप भी कर सकते हैं, मैं इसी मंच से घोषणा करता हूँ कि आप मे से आगामी बोर्ड परीक्षा में जो स्कूल टॉपर होगी उसे भी साईकिल दिया जाएगा।

# आदिवासी कल्याण मंत्री से आदिवासी सेना ने त्वरित कार्रवाई की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। अजय कच्छप ने मंत्री को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल की ओर से उन्हें एक मांग पत्र सौंपकर सरना भवन, जतरा भवन, सामूहिक भवन, सरना बाउंड्री, मसना व अन्य बाउंड्रीवाल और अन्य सामूहिक सामाजिक स्थल पर चापाकल बोरिंग व अन्य लंबित मामला पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि आदिवासी सेना के मांगपत्र पर विचार करते हुए लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में सुमन लोहरा, मानू तिग्गा, सुखदास मुडा, मंटू मुंडा, रंजन रवि, पंकज मुंडा, इस्लाम अंसारी, चिल्गु उरॉव, रामा महली, राजेश लिंडा, मंशा बडाईक, विश्वा तिर्की, गणेश मिर्धा, संजय लोहरा, मंगल मुंडा, बिरसा लोहरा और बिरसा एक्का शामिल थे।

श्रीवैकुण्ठाधिपति के दिव्य वैकुण्ठोत्सव पर सहस्त्रनाम अर्चना की बुकिंग शुरू

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में चार दिवसीय अनुष्ठान गुरुवार से शनिवार तक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में गुरुवार से लेकर रविवार तक चार दिनी श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना का होगा अनुष्ठान। गुरुवार प्रातः नित्याराधन, भोग, आरती स्तुति आदि पूजाक्रम के पश्चात प्रथम पाली का आयोजित अर्चनानुष्ठान प्रातः आठ बजे शुरू किया जायेगा। द्वितीय पाली सुबह दस बजे, तृतीय सायं 4:30 बजे तथा चौथी पाली की अर्चना सायं 6 बजे होगी। चारों दिन के सहस्त्रार्चन का समय इसी प्रकार रहेगा। चार दिवसीय इस महानुष्ठान में यजमान स्वरूप सहभागिता निभाने के लिए श्रद्धालुओं ने पहले से ही कूपन प्राप्त कर बुकिंग करा रहे हैं। मूल रूप से वैकुण्ठ एकादशी 23 दिसंबर शनिवार को है। इसके आगे और पीछे की महत्वपूर्ण तिथियां भी समान फल देनेवाली बतायी गयी हैं। वैकुण्ठ एकादशी उत्सव धनुर्मास के दौरान शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनायी जाती है।

## कोर्ट की खबरें

### बिहार एसटीएफ और रांची पुलिस ने इनामी बदमाश को दबोचा

**रांची।** बिहार एसटीएफ और रांची पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात अपराधी संजय कुमार उर्फ संजय सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई से पुलिस ने अवैध रायफल के साथ पकड़ा है। गिरफ्तार संजय पांडव गिरोह का सरगना भी बताया जा रहा है। संजय सिंह मूल रूप से पटना जिले के धनरुआ थाना के नीमा गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ हत्या, अपहरण, रंगदारी से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। संजय पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। रांची के एक वरीय अधिकारी ने खबर की पुष्टि की है।

### सीबीआई की टीम अवैध खनन मामले की जांच करने पहुंची नीबू पहाड़


**रांची/ साहिबगंज।** रांची सीबीआई की टीम बुधवार को अवैध खनन मामले की जांच करने नीबू पहाड़ पहुंची। सीबीआई की टीम 40 मिनट तक वहां रुकी और आवश्यक जानकारियां जुटाकर निकल गयी। इससे पूर्व मंगलवार को सीबीआई की टीम शोभनपुर भट्ठा स्थित दाहू यादव के घर और बथान पहुंचकर जांच की थी। सीबीआई की तीन सदस्यीय टीम साहेबगंज पहुंची। टीम सोमवार से ही वहां जांच-पड़ताल कर रही है। सीबीआई टीम परिसदन में रुकी हुई है। इस मामले में सीबीआई जल्द और लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस कर सकती है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीते सात दिसंबर को सीबीआई की 40 सदस्यीय टीम ने एक साथ पंकज मिश्रा सहित आठ लोगों के यहां छापेमारी की थी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने निशिकांत दुबे की याचिका निष्पादित की

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा शुरू करने को लेकर दायर याचिका पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने 19 सितंबर को सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बुधवार को राज्य सरकार को एक महीने में सभी भवन मालिकों को मुआवजा का भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही मुआवजे की राशि 25 प्रतिशत बढ़ा दी। इसके बाद हाई कोर्ट ने निशिकांत दुबे की याचिका को निष्पादित कर दिया। इस मामले में अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने निशिकांत दुबे का पक्ष रखा।याचिका निष्पादित होने के बाद उम्मीद की जा रही है कि अगले एक महीने में देवघर में रात्रि विमान सेवा शुरू हो जायेगी। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हाई कोर्ट में अवमानना वाद दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने देवघर एयरपोर्ट पर रात्रि विमान सेवा को जल्द शुरू करने की मांग की थी। याचिका में उन्होंने कहा था कि झारखंड हाई कोर्ट ने वर्ष 2013 के एक पीआईएल की सुनवाई के दौरान तत्कालीन अधिकारियों द्वारा दिये गये हलफनामे को देखते हुए याचिका निष्पादित की थी लेकिन हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी देवघर एयरपोर्ट पर अब तक सुचारु रूप से उड़ानें शुरू नहीं हुईं। याचिका में यह भी कहा गया कि कुछ उड़ान कंपनियां वहां से अपनी सेवा शुरू करने में दिलचस्पी दिखा रही हैं लेकिन एयरपोर्ट पूरी तरह से फंक्शनल नहीं होने के कारण यहां से रात्रि विमान सेवा शुरू नहीं की जा रही है।

### प्रखंड समन्वयकों को सिर्फ पंचायती राज के कार्यों में ही लगाएं : निशा उरांव

रांची। पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने पंचायत राज स्वशासन परिषद अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को प्राथमिकता के अनुसार पंचायती राज संस्थानों में ही कार्य पर लगाने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है। उन्होंने इस संबंध में पूर्व सचिव विनय कुमार चौबे के हस्ताक्षर से जारी पत्र की कॉपी भी दी है। निशा उरांव ने कहा कि लगातार समीक्षा में यह बात सामने आ रही है कि स्वशासन परिषद अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को दूसरे कार्यों में लगाया जा रहा है, जिस वजह से पंचायतों का काम प्रभावित हो रहा है। विभागीय लक्ष्य प्राप्त करने में भी दिक्कत हो रही है। राज्य सरकार ने पंचायती राज स्वशासन परिषद के अंतर्गत प्रखंड समन्वयकों की नियुक्ति की थी और इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिया गया था।




# सृजन और संघर्ष से बनता है आदिवासी साहित्य का सौंदर्य : रवि भूषण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

किताब उत्सव में तीसरे दिन का पहला सत्र 'हमारा झारखंड हमारा गौरव' झारखंड की विचारक-कथाकार एलिस एक्का पर केंद्रित रहा। इस सत्र में आदिवासी विमर्श की चिंतक वन्दना टेटे ने उनके जीवन और व्यक्तित्व पर वक्तव्य दिया। वन्दना ने कहा कि एलिस एक्का ने न सिर्फ साहित्य बल्कि विविध क्षेत्रों में काम किया। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। एलिस को पढ़ते हुए मुझे बहुत सहजता महसूस होती है। उनके लेखन में कोई बनावट नहीं है। आदिवासियों की खास बात होती है कि वो एकसाथ कई भाषाएं जानते हैं। एलिस भी कई भाषाएं जानती हैं। उनकी कहानियां सिर्फ महिला प्रधान नहीं हैं बल्कि उनमें समाज में मौजूद भेदभाव भी लक्षित होते हैं। आदिवासी कहानियां बहुत आशावादी होती हैं। एलिस की कहानियों में प्रकृति का चित्रण बहुत सहज ढंग से किया गया है। साहित्य के माध्यम से ही हम दुनिया को अपने समाज के बारे में बता सकते हैं। जबतक हम अपने अतीत को नहीं जानेंगे तबतक हम आदिवासी मूल्यों को मजबूती से नहीं लिख पाएंगे। जिन आदिवासी लेखकों ने हम लोगों के लिए नींव बनाई है, उन्हें जाने बगैर हम उसपर कोई इमारत नहीं खड़ी कर सकते। दूसरा सत्र मनोज भक्त के उपन्यास 'शाल डूंगरी का घायल सपना' पर केंद्रित रहा। इस सत्र में मनोज भक्त, साहित्यकार पंकज मित्र, सावित्री बड़ाइक और श्री विनोद कुमार सिंह ने उपन्यास पर अपना वक्तव्य रखा। इस सत्र में डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय शोध कल्याण संस्थान के निदेशक रणेन्द्र ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि साहित्यिक रचनाओं में एक इतिहास छिपा रहता है। उन्होंने ्शाल डूंगरी का घायल सपनाः किताब के बारे में बताया कि इस उपन्यास में झारखण्ड बनने के बाद की राजनीति की कटु सचाइयों को उपन्यास के रूप में सजीव चित्रण किया गया है। मनोज भक्त ने लेखकीय वक्तव्य देते हुए बताया कि कैसे झारखण्ड आंदोलन ने उनको इस उपन्यास को लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वो उनके गांव के आसपास आदिवासी समाज के खिलाफ जो जुल्म और सितम ढाए जा रहे थे उन घटनाओं को कहानी के माध्यम से सामने लाने का प्रयास किया है।

अगली वक्ता सावित्री बड़ाइक ने इस उपन्यास की चर्चा करते हुए कहा कि इसे पढ़ते वक्त उन्हें इनके किरदारों में सिमडेगा और गुमला की हर रोज मानव तस्करी की जा रहीं बच्चियों की झलक दिखाई पड़ती है। इस उपन्यास की सुंदर लेखनी और किरदारों का सजीव चित्रण इसकी रोचकता को अंत

# झारखंड आंदोलनकारियों को नौकरी में 5 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पारित

## प्रज्ञान इंटरनेशनल विवि विधेयक और शाईन नेशनल विवि विधेयक 2023 सदन से पास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को झारखंड के पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संसोधन) विधेयक 2023 सदन में पारित हो गया। इस विधेयक के सदन में पास होने के बाद अब झारखंड आंदोलनकारियों को राज्य सरकार की नौकरियों में 5 प्रतिशत तक क्षैतिज आरक्षण मिलने का रास्ता साफ गया है। राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद आंदोलनकारियों को 5 प्रतिशत आरक्षण का कानून झारखंड में प्रभावी हो जायेगा। मालूम हो कि राज्य सरकार ने रिक्तियों में आंदोलनकारियों के आश्रित को पांच प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार की तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नियुक्तियों में हर आंदोलनकारी के एक आश्रित को पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। जो एक बार के लिए होगा। इसके अतिरिक्त आंदोलनकारी के आश्रित के अलावा महिलाओं को भी रिक्तियों में पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। दिव्यांगों को भी इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त सदन से बुधवार को प्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 और शाईन नेशनल विश्वविद्यायल विधेयक 2023 भी बुधवार को सदन में पास हो गया।



### वनांचल शब्द भी जोड़ा जाए, जेपी आंदोलनकारियों को करें शामिल : बाऊरी



**नेता** प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि झारखंड आंदोलन के नाम पर आंदोलन करने वाले लोगों ने झारखंड आंदोलन को बेचने का काम किया। वनांचल आंदोलन के कारण ही झारखंड राज्य बना। जिसमें भाजपा की अहम भूमिका रही। इसलिए इस विधेयक में झारखंड के साथ वनांचल शब्द को भी जोड़ा जाए और जेपी आंदोलनकारियों को भी आरक्षण एवं सम्मान मिलना चाहिए। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने पूछा कि वृहद झारखंड उड़ीसा और बंगाल के आंदोलनकारियों को लाभ मिलेगा या नहीं। झारखंड आंदोलन वृहद झारखंड के लिए चल रहा था। जिसमें उड़ीसा, बंगाल के भी कुछ हिस्सा शामिल था। इन राज्यों के लोगों ने भी अपनी लड़ाई लड़ी। अपना योगदान दिया। सरकार को यह बताना चाहिए कि क्या उन राज्यों के आंदोलनकारियों को इसका लाभ मिलेगा या नहीं। क्योंकि जो झारखंड अलग हुआ उसमें बंगाल और उड़ीसा के जिले शामिल नहीं हैं।

### उत्तराखंड की तरह मिले आंदोलनकारियों को आरक्षण : लंबोदर महतो



विधेयक पर आजसू पार्टी विधायक डा लंबोदर महतो ने कहा कि पांच प्रतिशत आरक्षण वह भी एक बार के लिए झारखंड आंदोलनकारियों के साथ अन्याय है। उत्तराखंड की तरह यहां भी 10 प्रतिशत तक आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के बाद अब तक झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान और अधिकार नहीं मिला।

# 'अटॉर्नी जनरल का परामर्श युक्तिसंगत व तर्कसंगत नहीं'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को विधानसभा में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति पेश करते हुए राज्यपाल और अटर्नी जनरल के मशविरे पर भी तर्क दिए। उन्होंने कहा कि विद्वान अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श की कंडिका-9 से 15 में स्थानीयता की परिभाषा एवं उसके आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराने को पूरी तरह से जायज ठहराया है एवं राज्य के प्रयास की सराहना की है। मगर विधेयक की धारा-6 पर परामर्श के लिए विद्वान अटॉर्नी जनरल ने जिस चीबलू लीला प्रसार रेओ बनाम आंध्रप्रदेश तथा सत्यजित कुमार बनाम झाराखंड राज्य में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को अपना आधार बनाया है। दोनों फैसले वर्तमान विधेयक के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक नहीं है। उक्त दोनों आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी है कि संविधान की पांचवी अनुसूची की कंडिका-5 (1) में राज्यपाल को कानून बनाने अथवा उसमें संशोधन करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। संविधान के अनुच्छेद-309 के तहत नियम बनाने की यह शक्ति राज्य की विधान सभा को प्राप्त है. इसी कारण से हम लोगों ने विधेयक बनाने और इस पर विधान सभा की सहमति प्राप्त करने का एवं उसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्वान अटॉर्नी जनरल द्वारा जिन अन्य आदेशों का उल्लेख किया गया है उनमें से पिछड़े वर्ग को आरक्षण उपलब्ध कराने से है। वर्तमान विधेयक का उद्देश्य स्थानीयता परिभाषित करना एवं उसके आधार पर स्थानीय को रोजगार सहित अन्य लाभ प्रदान करना है। इस प्रकार इन सभी मामलों में पारित आदेश का वर्तमान विधेयक से किसी प्रकार का संबंध स्थापित नहीं होता है। अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श में यह भी उल्लेख नहीं किया है कि कई राज्यों के द्वारा विभिन्न वर्गों को 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण उपलब्ध कराने का प्रावधान भी नौवीं अनुसूची में शामिल कर लिए जाने के फलस्वरूप ज्यूडिशियल रिव्यू से सुरक्षित हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटॉर्नी जनरल ने अपने परामर्श में वर्ग 4 के लिए तो विधेयक के प्रावधान को संवैधानिक प्रावधानों के अनुकूल पाया है, परंतु वर्ग 3 के मामलों में उनकी राय ऐसी नहीं है। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि सभी प्रांतों में और राष्ट्रीय स्तर पर भी सामान्यतः वर्ग 3 और वर्ग 4 की श्रेणी के नौकरियों को एक श्रेणी में रखा जाता है। आश्चर्य की बात है कि अटॉर्नी जनरल ने इस तथ्य को अपना परामर्श प्रदान करने में कहीं भी संज्ञान में नहीं लिया है। अटॉर्नी जनरल द्वारा दिया गया परामर्श युक्तिसंगत एवं तर्कसंगत नहीं है।

## खरसावां डिग्री कॉलेज में घंटी आधारित शिक्षकों से पढ़ाई करायी जायेगी : मिथिलेश



विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को विधायक दशरथ गगराई ने सदन में कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के 17 पद सृजित हैं। जबकि कॉलेज सिर्फ प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहा है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार ने 281 नियमित और 34 बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों के पद पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी है। जब तक नियुक्ति नहीं होती है तब तक कॉलेज में घंटी आधारित शिक्षकों से पढ़ायी करायी जायेगी। मंत्री ने एक महीने में घंटी आधारित शिक्षक नियुक्त करने का आश्वासन दिया।



## विस की कार्यवाही देखने पहुंचे केन्द्रीय विद्यालय के बच्चे, सीएम से की मुलाकात

झारखंड विधानसभा के चल रहे शीतकालीन सत्र में सदन की कार्यवाही देखने आए पीएम केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ धुर्वा, रांची के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इन विद्यार्थियों को विधानसभा के महत्व और संचालन से जुड़ी जानकारी दी। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र और विधानसभा को लेकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रियता से लोकतंत्र को और मजबूती दी जा सकती है।

## स्थानीय नीति से संबंधित बिल ढाक के तीन पात है : लोबिन



**शीतकालीन** सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही समाप्ति के बाद सदन से बाहर आये जेएमएम विधायक लोबिन हेम्ब्रोम ने स्थानीय नीति से संबंधित बिल को सदन से पारित होने पर कहा कि यह वही ढाक के तीन पात है। इससे राज्य के लोगों को कुछ मिलने वाला नहीं है। हेमंत सरकार ने इस बिल को सिर्फ फंसाने और लटकाने के लिए बनाया है। पहली बार बिल विधानसभा में पारित होकर राज्यपाल के पास भेजा गया। राज्यपाल ने उस पर ऑटर्नी जरनल से कानूनी राय मांगा। इसमें काफी समय लगा। फिर उसी बिल को बिना कोई संशोधन के सदन में पारित करा लिया। उन्होंने कहा कि यह बिल फिर लटकेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के युवाओं के साथ गलत व्यवहार कर रही है। रोजगार देने का वायदा कर सत्ता पाने वाली सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे रही है। विधानसभा के बाहर देखा जाय कितने लोग अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है।

## मेरे प्रति सदन में अध्यक्ष का जो व्यवहार हैं उससे मैं दुखी हूं : बाबूलाल मरांडी




**झारखंड** विधानसभा शीतकालन सत्र में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति पर सदन में चर्चा के दौरान भाजपा विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपनी राय रखने का समय नहीं दिया गया। सदन में भाजपा विधायकों द्वारा बार बार स्पीकर से आग्रह करने के बाद भी बाबूलाल मरांडी को बोलने का मौका नहीं दिया गया। इस पर मरांडी ने कहा है कि मुझे हाउस में बोलने नहीं दिया गया। स्पीकर का रवैया अपमानजनक है, मैं मन से दुःखी हूं। उन्होंने कहा कि आप भले ही मुझे भाजपा का नहीं मानते हो पर मैं एक विधायक तो हूं। सरकार पर निशाना साधते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार सिर्फ राजनीति कर रही हैं। बाबूलाल मरांडी को सदन में बोलने का अवसर नहीं दिए जाने पर निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा कि स्पीकर द्वारा हाउस में उन्हें इतनी महत्वपूर्ण बिल पर बोलने नहीं दिया जाना सही नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सदन में अध्यक्ष का जो व्यवहार मेरे प्रति हैं उससे मैं बहुत दुखी हूं। मेरे द्वारा लगातार हाथ उठाने के बाद भी मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जाता है। जनता ने मुझे चुना है, मैं विधायक हूं और जनता से जुड़े मुद्दे पर सदन में सुझाव देने का हकदार हूं। फिर भी बोलने नहीं दिया गया। सदन के बाहर विधानसभा अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा में स्पीकर का मेरे प्रति जो व्यवहार हो रहा है। उसका विरोध दर्ज कराता हूं। लोकसभा में भी रहा हूं। सीनियर सांसद हाथ उठाते हैं तो अध्यक्ष अवसर देते हैं। आज हम कई बार हाथ उठाते रहे पर सदन में अध्यक्ष ने हमें बोलने का अवसर नहीं दिया।

**विस के बाहर इरफान व भानू में बकझक, भानू बोले**

## सरकार आने दो... घर पर बुलडोजर चलवा देंगे





**झारखंड** विस के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन के बाहर बीजेपी विधायक भानू प्रताप शाही और कांग्रेस इरफान अंसारी के बीच तीखी बकझक हुई। शीतकालीन सत्र से निलंबित होने पर बाहर में धरना पर बैठे इरफान अंसारी ने बीजेपी विधायकों पर कटाक्ष करते हुए कहा- 'ये लोग यहां क्या कर रहे हैं, भगाओ इनको'। कांग्रेस विधायक की बात सुनकर बीजेपी विधायक भानू प्रताप शाही भड़क गए। उन्होंने कहा- हमारी सरकार आने दो, हम खड़ा होकर इनके घर पर बुलडोजर चलवा देंगे। दरअसल, विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को बीजेपी विधायक भानू प्रताप शाही, जेपी पटल और बिरंची नारायण को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। जिसके विरोध में बीजेपी विधायक विधानसभा के बाहर धरना पर बैठे थे। इसी दौरान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी वहां पहुंचे। उन्होंने धरना दे रहे बीजेपी विधायकों पर कंमेंट किया कि ये लोग यहां क्या कर रहे हैं, भगाओ इन लोगों को।

## डीएसपीएमयू का नाम बदल कर वीर बुधू भगत के नाम किया जाय : शिल्पी नेहा



**झारखंड** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन की जब दोपहर 12:30 बजे शुरू हुई, तो शून्यकाल चला। इस दौरान कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी आरएसएस के नेता थे। उनका झारखंड के लिए कोई योगदान नहीं रहा। फिर भी उनके नाम पर रांची कॉलेज का नाम बदल कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी नामकरण हुआ। इसे बदल कर सरकार झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधू भगत के नाम पर इस यूनिवर्सिटी का नामकरण किया जाय। कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने धनबाद के झरिया में बीसीसीएल द्वारा दामोदर नदी को प्रदूषित किये जाने और एनजीटी के गाइडलाइन के उल्लंघन का मामला उठाया। दीपिका पांडेय सिंह ने शिक्षा विभाग की सहमति के बावजूद पारा शिक्षकों को अबतक वेतनमान और ईपीएफ सुविधा नहीं दिये जाने का मसला रखा। राजेश कच्छप ने ओरमांझी के प्लस टू स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक नहीं होने और अनगड़ा के विद्यायल को अपग्रेड करने की बात रखी। अंबा प्रसाद ने हजारीबाग के गोंदलपुरा में अडानी ग्रुप द्वारा ग्रामीणों की फर्जी आमसभा कर कोयला खनन का मामला उठाते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। विनोद सिंह ने हजारीबाग पूर्वी और गिरिडीह वन प्रमंडल में हाथियों द्वारा फसल नुकसान का मुआवजा साल भर से लंबित रहने का मामला रखा। क्यूआरटी के गठन की भी मांग की।

## घेराव करने जा रहे लोगों को जगन्नाथ मंदिर के पास रोका, सड़क जाम



**विधानसभा** सत्र के दौरान अपने मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए कई संगठनों ने बुधवार को भी विधानसभा के समक्ष धरना और प्रदर्शन करने की कोशिश की। पंचायत सचिवालय स्वयसेवक संघ, पारा शिक्षक, झारखंड आंदोलनकारी महासभा और दिव्यांग आंदोलनकारी संघ के सैकड़ों प्रदर्शनकारी दोपहर को विधानसभा घेराव करने जा रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें जगरन्नाथ मंदिर के समीप बनाये गये बैरिकेटिंग के पास रोक दिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारी वहीं सड़क जाम कर बैठ गये। जमीन पर बैठकर धरना देते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते रहे। सड़क पर आंदोलनकारियों के बैठ जाने के कारण सड़क जाम हो गयी। दोनों तरफ से वाहनों का आना जाना बंद हो गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि हमलोग अपनी अपनी मांगों को लेकर लगातार सरकार से गुहार लगा रहे है। लेकिन सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाने और विधानसभा सत्र के दौरान राज्यभर के जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में मामला लाने के उद्देश्य से हमलोगों ने धरना-प्रदर्शन का रास्ता अख्तियार किया है। हमारी मांगें जब तक पूरी नहीं होगी, हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

## रामगढ़ और बोकारो में वन अधिकार के तहत 225 से अधिक पट्टे लंबित : लंबोदर महतो



**शीतकालीन** सत्र के दौरान शून्यकाल में विधायक लंबोदर महतो ने रामगढ़ और बोकारो में वन अधिकार के तहत 225 से अधिक लंबित पट्टे संबंधी आवेदन पर सदन का ध्यान दिलाया। दशरथ गगराई ने पश्चिमी सिंहभूम के स्कूलों में पूर्व की तरह मिड डे मील व्यवस्था की मांग की। विक्सल कोंगाड़ी ने प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में जनजातीय भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति का मामला उठाया। अनंत ओझा ने राजमहल में इंडोर स्टेडियम की कमी और इसके निर्माण की मांग सरकार से की। भूषण बाड़ा ने पंचायत स्वयंसेवकों को बकाया मानदेय देने और स्थायी किये जाने की मांग की। इरफान अंसारी ने फाजिल और आलिम स्नातकों को भी केंद्र और राज्य सरकार की नौकरियों में मान्यता देने का आग्रह किया।

## चाकुलिया में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट चालू नहीं हुआ : विधायक समीर मोहंती



सदन में शून्यकाल के दौरान विधायक समीर मोहंती ने सदन में चाकुलिया नगर पंचायत के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के चालू नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 2022 में प्लांट बनकर तैयार हो चुका है लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया है। इस पर जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि प्लांट का निर्माण होने के बाद उसे चालू करने के लिए तीन प्रकार के प्रमाण पत्र को प्राप्त करना जरूरी होता है। जिनमें से दो प्रमाण पत्र एनवायरमेंटल क्लीयरेंस और कंसेंट टू एस्टेब्लिश प्रमाण पत्र को प्राप्त कर लिया गया है। सिर्फ कंसेंट टू ऑपरेट प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना बाकी है। इसके मिलने के बाद प्लांट सुचारू रूप से शुरू हो जायेगा।

### प्रदीप यादव ने स्पीकर से की भाजपा विधायकों पर कार्रवाई करने की मांग



सत्र की कार्यवाही दोपहर 12:30 बजे दोबारा शुरू होने के बाद शून्यकाल के दौरान भाजपा विधायकों के द्वारा टोका-टोकी किया जा रहा था। स्पीकर के द्वारा मना करने के बावजूद विधायक नहीं माने और वेल में पहुंचकर जमीन में धरना पर बैठ गये। धरना में बैठे भाजपा विधायक शोरगुल करते रहे। इस पर प्रदीप यादव ने स्पीकर से कहा कि सदन की कार्यवाही के बीच समानांतर कार्यवाही चलाने वाले ऐसे विधायकों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# भाजपा विधायकों का सदन में हंगामा, बाहर धरना




**झारखंड** विधानसभा के चौथे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व भाजपा के तीन विधायकों का निलंबन वापस करने की मांग को लेकर विधानसभा के गेट पर भाजपा के विधायकों ने धरना-प्रदर्शन किया। विधायकों ने जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। सदन की कार्यवाही 11 बजकर 7 मिनट पर शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सदन में स्पीकर से तीनों विधायकों बिरंची नारायण, जेपी पटेल और भानु प्रताप शाही का निलंबन वापस लेने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जनता की आवाज उठाने वाले पार्टी के तीनों विधायकों का निलंबन गलत है। निलंबन आदेश को रद्द करते हुए तीनों का निलंबनमुक्त किया जाय। नेता अमित मंडल ने स्पीकर से कहा कि आप दोनों पक्ष के कस्टोडियन हैं। मंगलवार को तीनों विधायक सिर्फ नियोजन नीति की मांग कर रहे थे। आपका कल के निलंबन का फैसला ज्यादा कठोर हो गया। उदार दिल दिखाते हुए विधायकों का निलंबन वापस लें। इसके बाद भाजपा के सभी विधायक वेल में पहुंच गए और कहा कि आसन निलंबन मामले में न्याय करे। भाजपा विधायक वेल में ये सरकार निकम्मी है के नारे लगाते रहे। हंगामा के बीच प्रश्नकाल चलता रहा। सिर्फ 16 मिनट सदन चल सका। काफी शोर शराबे और हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12.30 तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, निलंबित विधायक बिरंची नारायण, जेपी पटेल और भानु प्रताप शाही सदन के बाहर धरने पर बैठ गये। तीनों विधानसभा के मुख्य द्वार पर धरना देकर निलंबन का विरोध किये। निलंबित तीनों विधायक सुबह गद्दा और तकिया लेकर विधानसभा पहुंचे थे। बिरंची नारायण ने कहा कि सरकार सदन में बेरोजगारों के मुद्दे नहीं उठने देना चाहती। वे राज्य की नियोजन नीति को लेकर कार्यस्थगन प्रस्ताव लाना चाहते थे। बस इसी बात पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। यह तो स्पीकर की तानाशाही है।



## मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के सीएमडी

मुख्यमंत्री से बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। उन्होंने सीसीएल के कोल खनन और उत्पादन से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान की दिशा में राज्य सरकार से मिल रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस सहयोग से सीसीएल ने वर्ष 2023-24 में कोल उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है उसे हासिल करने में सफल होगा।

### प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# हजार से ऊपर आवेदनों का हुआ निष्पादन





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलकपी में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, अंचल अधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, उपप्रमुख सुरजी देवी, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, मुखिया ललिता देवी, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक, कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, उपमुखिया छत्रधारी ठाकुर, पंसस विकास पांडेय, विनीता कुमारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 464 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र चार, आय प्रमाण पत्र चार, लगान रसीद दो, आयुष्मान कार्ड नौ, मनरेगा 128, सर्वजन पेंशन योजना 84, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 65, किसान क्रेडिट कार्ड योजना दो, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के छह, जाति प्रमाण पत्र वितरण पांच, राशन कार्ड में संसोधन के 12, गुरू जी क्रेडिट कार्ड के 14 आवेदन प्राप्त हुए। जबकी साइकिल के लिए डीबीटी 164 छत्र छात्राओं को राशि दी गई। मौके पर एसएचजी क्लस्टर सदस्यों के बीच 468 आईडी कार्ड का वितरण, 168 जरूरतमंद लोगों को कंबल और 201 कार्डधारकों के बीच धोती, साडी, लुंगी का वितरण किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1801 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1156 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकि 645 आवेदन प्रोग्रेस में है। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार, प्रधानाध्यापक छत्रु प्रसाद, समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार में लाभुकों को मिली पेंशन की स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान लेगू महतो को सर्वजन पेंशन योजना के तहत वृद्धा पेंशन का स्वीकृति पत्र दिया गया। मौके पर लेगू महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान में वे अपने पत्नी के साथ रहते हैं उन्हें सहारा देने वाला कोई नहीं है। काफी ज्यादा उम्र हो जाने के बाद वह किसी प्रकार का कार्य करने में भी सक्षम नहीं है। जिससे उनका भरण पोषण करना काफी कठिन हो जाता है। सरकार द्वारा उन्हें राशन प्राप्त होता है परंतु अन्य सामग्रियों यथा अपनी अन्य जरूरत के लिए उन्हें काफी मशक्क कत करनी पड़ती है। ऐसी स्थिति में जीवन यापन करना काफी कठिन हो गया है। उनके घर से प्रखंड कार्यालय की दूरी काफी ज्यादा है जिस कारण वे कार्यालय पहुंचकर पेंशन एवं अन्य योजना हेतु आवेदन देने में भी सक्षम नहीं थे। परंतु वे सरकार का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे दरवाजे पर ही इस तरह के शिविर का आयोजन किया जहां मुझे आवेदन करने के साथ-साथ वृद्धा पेंशन का स्वीकृति भी प्रदान कर दिया गया जिससे अब जीवन यापन करने में थोड़ी सहूलियत होगी।

## एक नजर

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों से खाद्य सामग्री का लिया सैंपल

**बरही।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में चला औचक निरीक्षण, लिए गए सैंपल बरही । मंगलवार की देर शाम तक जिला खाद सुरक्षा पर अधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के अगुवाई में अनुमंडल के विभिन्न स्थान पर औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान खाद्य सामग्रियों की जांच के साथ सैंपल संग्रह भी किए गए. साथ ही सभी दुकानदारों और विद्यालय प्रबंधन को खाद्य सामग्रियों को सुरक्षित और साफ सुथरे जगह पर रखने का निर्देश दिया गया. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुग्गी ने बताया कि इस दौरान चंदन लड्डू दुकान बरकट्ठा, बरकट्ठा बाजरा, मिडिल स्कूल बरसोत, +2 उच्च विद्यालय करियातपुर, करियातपुर बाजार, होटल श्री परिवार धमना, नीमकी फैक्ट्री, होटल फूड प्लाजा धमना और धमना बाजार के कई होटल से सैंपल संग्रह कर जांच के लिए भेजे गए. उन्होंने बताया कि बीते दिन लिए गए सैंपल के आधार पर कई दुकानदारों के विरुद्ध एसी कोर्ट में मामला दर्ज कराया गया था. जहां एक निश्चित जुमार्ना के साथ सशर्त मामले को निष्पादित किया गया है.

### पशुधन मिशन कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़ ।** कृषि विज्ञान केंद्र मांडू में बुधवार को राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत आहार एवं चारा विकास विषयक एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड रांची द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ सुधांशु शेखर ने की। उन्होंने प्रशिक्षण में आए कृषकों को पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने हेतु सावधानियां चारा के गुणवत्ता दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु जानकारी साझा की साथ साथ ही बीमार पशुओं की देखभाल एवं इलाज संबंधी मूलभूत जानकारी प्रशिक्षण आर्थियों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में नाबार्ड रामगढ़ के जिला विकास प्रबंधक उपेंद्र कुमार शाह,ई-नाम के संतोष कुमार,क्षेत्रीय कार्यालय राष्ट्रीय बीज निगम पटना से आए डॉ. विजय सिंह मिठारवाल, प्रमुख गुण नियंत्रण डॉ. आशीष कुमार,श्रीवास्तव प्रमुख उत्पादन में भाग लिया।

### भाजपाइयों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**रामगढ़ ।** सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में रविदास टोला बोंगावार में भाजपा की बैठक हुई। बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने केंद्र सरकार के लाभकारी योजनाओं की जानकारी दिया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को फिर से मजबूत कर तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनाने की अपील की। वही, ग्रामीण महिलाओं ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीण महिलाओं ने पेयजल समस्या को लेकर सांसद प्रतिनिधि को एक ज्ञापन सौंपा। सांसद प्रतिनिधि ने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही समस्याओं का निराकरण करा दिया जाएगा।

## डीएसई के आदेश के खिलाफ गोलबंद हुए सहायक अध्यापक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** विगत 19 दिसंबर को राज्य के सहायक अध्यापक अपनी मांगों को लेकर विधानसभा घेराव के लिए रांची गए थे. इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को विधानसभा घेराव में शामिल शिक्षकों का मानदेय अगले आदेश तक स्थगित रखने का निर्देश दिया गया है. उक्त आदेश का सहायक अध्यापक संघ में विरोध किया है. साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक से किस तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है. प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर वर्षों से सहायक अध्यापक कई बार विधानसभा का घेराव करने रांची गए है. परंतु तह तुगलकी फरमान पहली बार जारी हुआ है. इस फरमान से डीएसई का तानाशाह स्पष्ट नजर आता है. उन्होंने तत्काल प्रभाव से जारी निर्देश को निरस्त करने की मांग किया है. साथ ही यह भी बताया कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो हजारीबाग जिले के सभी सहायक अध्यापक डीएसई कार्यालय के समक्ष घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन चलाएंगे. उनकी बातों का जिला अध्यक्ष चंदन मेहता ने भी समर्थन करते हुए कहा कि अगर किसी भी शिक्षक का वेतन कटता है तो जिला कमेटी बर्दाश्त नहीं करेगी. इसके विरोध में गुरुवार से शुक्रवार तक जिले के सभी सहायक अध्यापक कला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य करेंगे. यह निर्णय हजारीबाग और बड़ी में हुए सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक लिया गया. उक्त जानकारी बरही प्रखंड सचिव मनोज घोष ने दिया. बैठक में जिला सचिव शंकर प्रसाद, जिला राज्य प्रतिनिधि सुधीर कौशल आदि उपस्थित थे.


### तीन दिनों तक काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य करेंगे गुरुजी

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बहुतायत सहायक अध्यापक पिछले 19 दिसंबर को राज्य स्तरीय आंदोलन को लेकर काफी संख्या में रांची गए थे और कुछ शिक्षक आकस्मिक अवकाश में थे।इसके विरोध में जिला शिक्षक अधीक्षक ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से जानकारी मांगा है कि कौन-कौन से सहायक अध्यापक विद्यालय में अनुपस्थित थे। उन पर कार्रवाई करने की बात कही है।इसके विरोध में प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर ने कहा जिला समिति (सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा) के आदेशानुसार बरकट्ठा प्रखंड के तमाम सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को जिला शिक्षा अधीक्षक के पत्र के विरोध में 21 से 23 दिसम्बर तक काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य करेंगे। यदि जिला शिक्षा अधीक्षक अपने पत्र को वापस नहीं लेते हैं तो 26 दिसम्बर से जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय के समक्ष आंदोलन करेंगे। वही प्रखंड मीडिया प्रभारी राजेश ठाकुर ने कहा आंदोलन करना हम लोगों का संवैधानिक अधिकार है और हम लोग आकस्मिक अवकाश लेकर के रांची धरना में गए थे। इस पर यदि जिला शिक्षाअधीक्षक संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करती है तो हम लोग भी उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी जिला शिक्षा अधीक्षक की होगी।

### वार्षिक खेल महोत्सव में महिला एथलीटों ने जीते कई पदक

**बरही ।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक खेल महोत्सव के तीसरे दिन का गेम मेन्स वॉलीबॉल मैच से हुआ. जिसमें मेन्स टीम रेड फ्लैशेस ने 15 -14, 14-15, 15- 13 से ग्रीन एरोज को पराजित कर गोल्ड विजेता बना. वही सीनियर व जूनियर महिला टीम के वॉलीबॉल हुआ. जिसमे ब्लू जेट्स 12-4, 12-9 से गोल्डन बुलेट्स को और रेड फ्लैशेस ने ग्रीन एरोज को 12-4, 12-5 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया. वहीं गोल्ड मेडल मैच में ब्लू जेट्स ने 6-0, 11-9 से जीतकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया. खो खो गेम में भी चारों हाउस की महिला टीम का दबदबा रहा. जूनियर टीम खो खो का गोल्ड मेडल मैच में मेन्स टीम ने रेड फ्लैशेस, गोल्डन बुलेट्स को और जूनियर महिला टीम ने ग्रीन एरोज की टीम ब्लू जेट्स को हराकर गोल्ड मेडल जीता. इस वार्षिक खेल महोत्सव में अब तक विद्यालय की छात्राओं (महिला खिलाडियों) ने लडकों की अपेक्षा सर्वाधिक मेडल जीते है.

### बड़कागांव में लगाया गया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 105 मरीजों ने उठाया लाभ



**हजारीबाग ।** सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा लोगों के बीच आंखों को लेकर जागरूकता का पहल जारी है। सोमवार को हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में हजारीबाग का सबसे बड़ा निःशुल्क आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया और बुधवार को दूसरा शिविर का आयोजन बड़कागांव के एनटीपीसी, पकरी बरवाडीह कोल माइंस के कार्यालय क्षेत्र में आयोजित हुआ। इस शिविर में कुल 105 मरीजों ने पहुंचकर लाभ उठाया। सभी का आरोग्यम आई केयर यूनिट के आई स्पेशलिस्ट डॉ विवेक कुमार ने चिकित्सीय जांच किया और उचित चिकित्सा परामर्श दिया। कैंप में 3 लोगों को आंखों का ऑपरेशन कराने और 50 से अधिक लोगों को दवा, चश्मा के साथ इलाज कराने का सलाह दिया गया । शिविर में पहुंचे 100 से अधिक लोगों को भीड़ से हर्षित आरोग्यम हॉस्पिटल की निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की आंखों से संबंधित बीमारी और परेशानी को लेकर जनमानस के बीच हमारा जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेगा। हमारे हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर लगाया जा रहा है और लोगों को यह बताया भी जा रहा है की हमारे हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में आंखों से संबंधित संपूर्ण इलाज किफायती दर पर आधुनिक उपकरणों के साथ उन्नत सेवा के उपलब्ध है। शिविर के सफलता में आरोग्यम आई केयर यूनिट के नेत्र विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट विवेक कुमार गुप्ता, निशा मिश्रा, नर्सिंग स्टॉफ अविनाश, मार्केटिंग के राकिब फैजी, पीआरओ मनीष चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

### हजारीबाग : झारखंड में लूट और झूठ की सरकार चल रही है : विकास राणा

**हजारीबाग।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास राणा क केन्द्रीय प्रवक्ता नियुक्त किये जाने पर हजारीबाग जिला कमेटी ने बंशीलाल चौक स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में अभिनन्दन किया ! इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र सिंह ने किया तथा मंच संचालन नगर अध्यक्ष आफताब आलम ने किया ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा को केन्द्रीय प्रवक्ता, आनन्द को केन्द्रीय सदस्य, विजय वर्मा को केन्द्रीय सदस्य एवं संगीता बरला को केन्द्रीय सदस्य नियुक्त किये जाने पर बुके देकर और फूलमाला पहनाकर अभिनन्दन किया ! आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी एवं केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया !अभिनन्दन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के नवनियुक्त केन्द्रीय प्रवक्ता सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड में सिर्फ झूठ और लूट की सरकार चल रही है ! आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम फ्लॉप कर गई है धरातल पर कुछ भी काम नहीं हो रहा है विकास के सारे कार्य ठप्प हो गए हैं झारखण्ड के सारे युवा आज रोजगार की तालाश में दर दर भटक रहे हैं पाँच लाख नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार अपने वादे से मुकर गई है।



## बच्चों को 10वीं तक की मुफ्त शिक्षा देगा स्कूल प्रबंधन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सीबीएसई एफिलिएटड स्कूल फाहिमा अकादमी की प्राचार्या फरहा फातमी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि उनका ये निर्णय उनके दादा स्वर्गीय रफीक अंसारी के लिए एक श्रद्धांजलि है साथ ही 23 दिसम्बर दिन शनिवार को स्कूल प्रांगण में ब्लड डोनेशन कैंप, मुफ्त चिकित्सा शिविर, और 250 कम्बल एवं 250 गर्म टोपियों का वितरण जरुरतमंदो के बीच किया जायेगा, प्राचार्य ने कहा की स्वर्गीय रफीक अंसारी का सपना था लड़कियों के शिक्षा को बढ़ावा देना इसलिए उन्होंने हर धर्म जाति के लड़कियों के लिए एक निःशुल्क शिक्षा का मौका प्रदान कर उनके सपने को पूरा करने की छोटी सी कोशिश की है साथ ही उन्होंने ये भी कहा की उनके उज्जवल भविष्य के लिए और उनके सपने को पूरा करने के लिए स्कूल उनकी हर संभव मदद करेगा, उन्होंने लोगो से अपील किया है की वे वैसे जरूरतमंद बच्चियों को मुफ्त शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करे स्कूल ने 23 दिसंबर से 30 जनवरी 2024 तक जरूरतमंद 110 बच्चियों के एडमिशन का समय सीमा तय किया है स्कूल के शिक्षको ने भी स्कूल प्रबंधन के इस निर्णय की काफी सराहना की है।

### हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन आज

**हजारीबाग।** भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राज्य में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है । हेमंत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है ।विधि व्यवस्था ध्वस्त एवं पंगु है। सरकार की नाकामियों व वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा ,महिला, किसान, दलित ,आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है। आए दिन चारों तरफ हत्या,लूट, अपहरण, बलात्कार ,चोरी, डकैती की घटनाएं घटित हो रही है। अपराध ग्राफ इस तरह बढ़ा हुआ है की, जेल में भी हत्याएं हो रही है ।लूट का आलम यह है कि कांग्रेस सांसद धीरज साहु के ठिकानों से पांच सौ करोड़ से अधिक की नगद राशि बरामद हुई है। हेमंत सरकार के तानाशाही रवैया , सदन में भाजपा विधायकों के प्रति अभद्र व्यवहार ,उत्पन्न संवैधानिक संकट ,आकंठ, भ्रष्टाचार एवं ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा 21 दिसंबर को उपायुक्त के समक्ष आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल से हेमन्त सरकार को बर्खास्त करने की भी मांग की जायेगी।

## हड़ताल पर रहे दवा प्रतिनिधि निकाला बाइक जुलूस




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** फेडरेशन ऑफ मेडिकल और सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएमआरएआई) के आह्वान पर देशभर के लगभग तीन लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए बुधवार को हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल का असर हजारीबाग में भी देखा गया। बिहार झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (सीआईटीयू) के बैनर तले हजारीबाग के तमाम मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स दवा का दाम कम करने, तमाम दवाओं और चिकित्सीय उपकरणों को जीएसटी से बाहर करने, ऑनलाइन दवाइयां की बिक्री पर रोक लगाने, सेल्स प्रमोशन इंप्लाइज कंडीशन ऑफ सर्विसेज एक्ट 1976 को बरकरार रखने, काम की अवधि तय करने एवं सरकारी अस्पताल तथा संस्थाओं में प्रवेश पर लगे रोग को तत्काल हटाने, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने तथा इनका निजता के अधिकार का हनन करने आदि मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। इसे सफल करने के लिए हजारीबाग शहर में मोटरसाइकिल रैली निकालकर नुक्कड़ सभा की। रैली मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गेट से निकालकर शहर का भ्रमण करते हुए पुनः वहां पहुंची और हॉस्पिटल गेट के सामने नुक्कड़ मीटिंग की। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता यूनियन के सचिव विजय कुमार ने की।

## खिलाड़ी हुए सम्मानित

### सीजी नैडी मेमोरियल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन

# खेल में हार-जीत लगी रहती है, कभी निराश न हों : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सीजी नैडी मेमोरियल हजारीबाग जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन हजारीबाग स्टेडियम मे हुआ. हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन हजारीबाग के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में करीब 50 विद्यालय के 500 खिलाड़ी शामिल हुए. कुल 70 एथलेटिक्स के अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुई. प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे और विशिष्ठ अतिथि के रूप में हजारीबाग ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन अध्यक्ष कल्पना बाडा, संत कोलंबस कॉलेज के प्राचार्य विमल सोरेन, फैहमा अकेडमी के प्राचार्य फरहा, डीएवी के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार, साजिद हुसैन, बुलंद अख्तर और रियाज खान मौजूद थे. कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम दीप जलाकर की गई. इसके बाद तमाम अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया. अंडर 16 बालक वर्ग में 60 मीटर दौड़ मे प्रथम विशाल मोहन, द्वितीय अंशु कुमार यादव, तृतीय मोहम्मद कामरान आलम, 300 मीटर दौड़ मे प्रथम प्रभाकर कुमार, द्वितीय-संजीत कुमार यादव, तृतीय अजमान हक, लंबी कूद मे प्रथम ऋषभ यादव, द्वितीय रेहान अंसारी, तृतीय प्रभाकर कुमार, अंडर 14 बालक वर्ग लंबी कूद मे प्रथम सचिन सिंह, द्वितीय-आयुष कुमार, तृतीय निखिल तिर्की, 600 मीटर दौड़ मे प्रथम-रूपेश कुमार, द्वितीय रितिक कुमर, तृतीय निखिल तिर्की, 60 मीटर दौड़ मे प्रथम आयुष कुमार, द्वितीय निहाल तिर्की और तृतीय रितिक कुमार रहे. मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है. कभी भी निराश नहीं होना चाहिए, अपने लक्ष्य की ओर हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए. वहीं हजारीबाग ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि खेल के प्रति खिलाड़ियों का उत्साह देख मन प्रसन्न हो रहा है. आने वाले दिनों में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा. प्रतियोगिता मे अहम भूमिका निभाने वालों में साबिर हुसैन, अनवर हुसैन, प्रियरंजन कुमार सिंह, मुदस्सिर खान, अनुकंपा रूद्रा, कासिम हुसैन, रवि कुमार, मुकेश कुमार आदित्य रंजन, काजल कुमारी, आस्था ओझा राजेश कुमार, ज्योति कुमारी शामिल हैं.



# हड़ताल पर रहे मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों, चार लेबर कोड और दवाईयों पर जीएसटी के खिलाफ एफएमआरएआई के देशव्यापी आह्वान पर सीटू ने प्रदर्शन किया. सीटू से सम्बद्ध बिहार झारखंड स्टेट सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (बीएसएसआरयू) के बैनर तले एक सौ से ज्यादा एमआर देशव्यापी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे और डॉक्टरों से विजिट करना बंद रखा. यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता एवं सचिव दिलीप कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया. कला मंदिर से जुलूस निकाला गया जो ओवरब्रिज होते हुए गौरीशंकर मुहल्ला, राजगढ़िया रोड, डॉक्टर गली, स्टेशन रोड से झंडा चौक पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया. इस दौरान केन्द्र सरकार होश में आओ, दवाओं पर जीएसटी बंद करो, समान काम का समान वेतन लागू करो, न्यूनतम 26 हजार वेतन देना होगा आदि नारे लगाये गये. इस अवसर पर सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि मोदी सरकार नीतियों में बदलाव करके देश की जनता तथा मजदूरों को असहाय बना दिया है. उनके अधिकारों को कुचला जा रहा है. बड़े पूंजीपतियों और कम्पनियों के पक्ष में कानून बनाया जा रहा है. मेडिकल तथा सेल्स रिप्रेजेंटेटिव अपने कार्यों का डेली रिपोर्ट पेपर के माध्यम से भेजते थे लेकिन कम्पनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक गेजट से काम करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो निजता के अधिकार पर सीधा हमला है. मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि आम जनता के हित में लड़ाई लड़ती है. देश की गरीब जनता के लिए दवा का दाम तथा उस पर लगे टैक्स और जीएसटी को कम करने की मांग सरकार से लगातार कर रही है. साथ ही कहा कि दवाओं की बढ़ती कीमतों के कारण देश की गरीब जनता को समय पर दवा उपलब्ध नहीं होने के कारण मौत हो जाती है. दूसरी तरफ केंद्र सरकार कानून बनाकर हर तीन महीने में दवाओं और उपकरणों की दाम बढ़ाने का मालिकों को खुली छूट दे रखी है.

## प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें

कार्यक्रम में सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश, मुकेश कुमार,भरत राज, रविशंकर, सिंटु, गुलाब, प्रमेन्द्र, बबलू, मंटु वर्णवाल, सन्नी मोदी, अमित, पप्पू, राहुल, उपदेश, प्रकाश, कामेश्वर पण्डित, संतोष, सोनू, प्रवीण, ज्ञानदीप, श्रीकांत, अर्जुन, कुन्दन, प्रकाश रंजन, अभिषेक, राजन, लवकुश, पंकज, अमित आनंद, दीपक, मनीष, अनील, सुभाष, अभिजीत आदि शामिल थे. हड़ताल की मुख्य मांगों में स्वास्थ्य सेवा में बजटीय आवंटन बढ़ाने, सार्वजनिक क्षेत्र के कम्पनियों का पुर्णउद्धार करने, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी बंद करने, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने, सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज सेवा शर्त 1976 को बहाल रखने, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को सरकारी अस्पताल एवं संस्थानों में उनके काम करने की कानूनी अधिकारों की रक्षा करने, ट्रैकिंग व निगरानी का जरिए निजता का अधिकार का हनन बंद करने, कार्य क्षेत्र में प्रवेश एवं काम के कानूनी अधिकार को बहाल करने, सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज का सेल्स के आधार पर उत्पीड़न और छटनी बंद करने की मांग शामिल है.

## बिजली समस्याओं की जानकारी पर ग्रामीणों से मिले भाजपा नेता

**सिमडेगा।** भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पंचायत बिलिंगवीरा के राजस्व ग्राम ढोम्बावीरा दुखीटोली, विरंगा टोली के ग्रामीणों से मुलाकात किए एवं उनकी विद्युत संबंधित समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने बेसरा को बताया कि विगत दो सप्ताह से हम सभी ग्रामीण जनता विद्युत विभाग के द्वारा हाई टेन्सन विद्युत तार को डिस्कनेक्ट कर दिए जाने से गांव के तीन ट्रांसफार्मर से सप्लाई बंद हो गया है। जिसके कारण हम सभी ग्रामीण अंधेरे में जीवन बसर करने को मजबूर हैं। वही श्री बेसरा ने विद्युत विभाग सिमडेगा के जेई से मोबाइल फोन द्वारा बातचीत किया जिस पर बताया गया कि बिजली बिल जमा नहीं करने की वजह से कनेक्शन काटी गई है।

## एक नजर

### सिमडेगा : हाथी ने महिला को कुचला दहशत में ग्रामीण

**सिमडेगा।** दुमकी पंचायत के ढोड़ीबहार ग्राम निवासी उर्मिला केरकेट्टा (46 वर्ष) पति जेवियर केरकेट्टा जंगली हाथी के हमले का शिकार हुई. आज सुबह 5:30 बजे घर से बाहर स्वच्छ के लिए निकली थी. उसी समय जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया. हाथी के हमले से महिला पूरी तरह घायल हो गई. ग्रामीणों के मदद से रेफर अस्पताल ठेठईटांगर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने पीड़ित महिला के स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया है. इसकी जानकारी ग्रामीण एवं पीड़ित परिवार के लोगों ने प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज और युवा कांग्रेस नेता अमृत चिराग तिर्की को दिया गया. जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही प्रखंड प्रमुख एवं युवा कांग्रेस नेता सदर अस्पताल पहुंच कर जंगली हाथी के द्वारा घायल पीड़िता एवं उनके परिजनों से मिलकर हाल-चाल जाना एवं वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर पीड़ित महिला की उचित इलाज एवं स्वास्थ्य के विषय में चर्चा किया. वन विभाग के द्वारा कहा गया है कि जल्द से जल्द थाना में एक एफआईआर दर्ज कराई जाएगी. उसके बाद आगे की प्रक्रिया किया जाएगा, साथ ही प्रमुख विपिन ने पीड़िता के परिजनों से हर संभव मदद करने की बात कही.

### दो ग्रुपों के विद्यार्थियों के बीच मारपीट, थाने में आवेदन

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पानी टंकी स्थित एक्सीलेंट साइंस एकेडमी कोचिंग के बाहर दो ग्रुपों के विद्यार्थियों के बीच मारपीट हो गई. विनोद सिंह ने तिलैया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. आवेदन में कहा गया है कि सोनू कुमार, आकाश कुमार, अजीत कुमार और कुछ अन्य लड़कों ने मनीष कुमार, सुमन कुमार और आशीष कुमार पर हमला किया, जिससे मनीष कुमार के माथे पर गंभीर चोट आई. आवेदन में आगे कहा गया है कि कोचिंग सेंटर की तरफ से 18 दिसंबर को बस से पिकनिक के लिए ले जाया गया था. बस में सीट पर बैठने को लेकर दो ग्रुपों में बहस हो गई. बस से उतरने के समय दूसरे ग्रुप के लड़कों ने मारने की धमकी दी थी. बुधवार को कोचिंग में छुट्टी होने के बाद जैसे बाहर निकले तो पहले से तैयार दूसरे ग्रुप के लड़के और कुछ अन्य लड़कों ने हमला कर दिया.

### भाजपा महिला कार्यसमिति की बैठक

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कार्य समिति की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी ने किया कार्य समिति बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने महिला कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के संगठन की रीढ़ है। महिला कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को बताने का कार्यक्रम क्योंकि एक महिला कार्यकर्ता ही है, जो घर के अंदर तक जाकर अपनी बातों को पहुंचा सकते हैं।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की महिला मोर्चा मंडल स्तर तक बैठक कर संगठन को मजबूत करें एवं महिला कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें । भाजपा जिला प्रभारी अर्चना सिंह ने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा आम जनता महिलाओं पिछड़ों आदिवासियों के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं।

## जलडेगा के परबा और टाटी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा ।** प्रखण्ड के परबा और टाटी पंचायत सचिवालय में बुधवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सीओ मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मंचासिन मुख्य रूप से जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, भाजपा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला उपाध्यक्ष भोला साहु, सांसद प्रतिनिधि सुजान जोजो, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार, जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, परबा मुखिया बिमला देवी, टाटी मुखिया ज्योति टिडु आदि उपस्थित थे। मुखिया की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर एवं समूह की दीदियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीओ मधुश्री मिश्रा के नेतृत्व में विकसित भारत निर्माण हेतु सभी के द्वारा संकल्प लिया वहीं जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री का संकल्प हैं कि भारत को विकसित देश बनाना हैं जिसमे हर भारतीय का योगदान जरुरी हैं। इसलिए हमें मिलकर देश की प्रगति में कंधे से कंधे मिलाकर साथ चलना हैं एवं देश को विकास के रास्ते पर लेकर बढ़ना है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को पीएम विश्वकर्मा योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दिया और इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री का संदेश उपस्थित सभी लोगों को दिया गया। मौके पर केसीसी, मनरेगा, जेएसएलपीएस, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना के लाभार्थी ने अपनी सफलता की कहानी को साझा किया। कार्यक्रम में धरती कहे पुकार के थीम पर जेएसएलपीएस की टीम द्वारा नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में परिसंपत्तियों के वितरण के तहत उज्जवला गैस के लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। सीओ सह नोडल पदाधिकारी के संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त, केस दर्ज

**सिमडेगा।** सिमडेगा में इन दिनों अवैध बालू के खिलाफ प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है ,और इसी कड़ी में सिमडेगा सीओ इम्तियाज अहमद ने अवैध बालू लदा हुआ तीन ट्रैक्टरों को जप्त करते हुए 2 ट्रैक्टर सिमडेगा थाना एवं 1 ट्रैक्टर मुफस्सिल थाना को सुपुर्द किया है। जानकारी देते हुए को इम्तियाज अहमद ने बताया कि नदी घाट का टेंडर नहीं होने का बावजूद धड़ल्ले से बालू का उठाव कर शहर में बेचने का काम किया जा रहा है, जिसकी सूचना पर छापेमारी अभियान चलाई गई। इस दौरान खूंटी टोली चर्च के पास दो ट्रैक्टर एवं पालामाड़ा नदी में बालू का उठाव करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ते हुए थाना में दिया गया है ,उनके विरुद्ध अवैध खनन का मामला दर्ज कराया गया है ।साथ ही उन्होंने कहा लगातार प्रत्येक दिन छापेमारी अभियान चलाई जाएगी और इस दौरान जो भी अवैध बालू का उठाव करते हुए ट्रैक्टर पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### कुरडेग में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के झारेन टांगरटोली के माटी टोंगरी जंगल में आम के पेड से लटके युवक का शव कुरडेग पुलिस ने बरामद की. युवक की पहचान अतीत एक्का उम्र 18 वर्ष पिता वासील एक्का निवासी देवबहार डीपाटोली थाना रेंगारीह के रूप में हुई। पुलिस ने शव को उतार कर अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि कयास लगाया जा रहा है कि मामला प्रेम प्रसंग का है, इधर परिजनों के द्वारा भी इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर रहे हैं। वहीं पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए आज सिमडेगा भेजा जाएगा इसके बाद आगे की जानकारी मिलेगी।

### ढोड़ीबहार गांव में जंगली हाथी के हमले से महिला घायल, दहशत में ग्रामीण

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के ढोड़ीबहार ग्राम निवासी 46 वर्षीय उर्मिला केरकेट्टा बुधवार की सुबह जंगली हाथी के हमले से घायल हो गयी।बताया गया कि सुबह 5:30 बजे घर से बाहर शौच के लिए निकली थी उसी समय जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया।हांथी के हमले से महिला घायल हो गई ।ग्रामीणों के मदद से रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला के स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का पहुंचे एवं पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए हर संभव विभाग द्वारा मदद दिलाने की बात कही। वहीं इसके बाद प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं युवा कांग्रेस नेता अमृत चिराग तिर्की अस्पताल पहुंच कर जंगली हाथी के द्वारा घायल पीड़िता एवं उनके परिजनों से मिलकर हाल-चाल जाना एवं वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर पीड़ित महिला की उचित इलाज एवं स्वास्थ्य के विषय में चर्चा किया वन विभाग के द्वारा कहा गया है कि जल्द से जल्द थाना में एक एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उसके बाद आगे की प्रक्रिया किया जाएगा। इसके अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने भी सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचकर पीड़ित महिला का हाल-चाल जानते हुए हर संभव मदद देने की बात कही।मौके पर जिला सचिव सफीक खान, मो शाहिद ,जाफर खान,मो इरसाद मो सिकंदर, जावेद वारसी उपस्थित हुए।

### संत जॉन स्कूल आफ नर्सिंग बीरू में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**सिमडेगा।** संत जोंस स्कूल ऑफ निर्सिंग बीरू सिमडेगा में बुधवार को धूम धाम से फ्रेसर्स पार्टी और क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता तुलसी कुमार साहू एवं राजा साहब दुर्ग विजय सिंह देव उपस्थित थे ।विधिवत दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भाजपा नेता तुलसी कुमार साहू ने सभी को क्रिसमस त्योहार का शुभकामनाएं देते हुए कहा की क्रिसमस त्योहार शांति का संदेश लाता है ,शांति के बिना किसी का अस्तित्व संभव नहीं है। घृणा, हिंसा, युद्ध, का किसी भी धर्म में कोई जगह नहीं है और नए स्टूडेंट जो नर्सिंग में एडमिशन लिए हैं। उनको भी मैं शुभकामनाएं देता हूं वह पढ़ लिखकर अपना और अपने माता-पिता का अपने जिले एवं राज्य का नाम रोशन करें। इस संत जोंस स्कूल ऑफ नर्सिंग सेंटर बीरू के प्रिंसिपल एवं सभी शिक्षक बहुत अच्छे हैं इनके छत्रछाया में रहकर आपलोग अपना भविष्य उज्जवल करें मेरा शुभकामना आपके साथ है और समाज की सेवा करें आप भाग्यशाली हैं। ईश्वर ने आपलोगों को सेवा करने का सुनहरा अवसर दिया है। आप निस्वार्थ भाव से पढ़ लिख कर समाज का सेवा करेंगे मुझे ऐसा विश्वास है।मौके पर नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल निशा बेक, टीचर्स अंजना पन्ना, सुमति कुमारी, सोनी इक्का, प्रतिमा लकड़ा, निरंजन कुमार, राम पातर एवं नर्सिंग सेंटर के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे मौजूद रहे।



# चार दिनों घायल भाजपा नेता सड़क किनारे मिले, अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** चार दिनों से लापता बानो प्रखण्ड बीजेपी महामंत्री तिलक धारी सिंह घायल अवस्था में मंगलवार देर शाम सड़क किनारे मिले जिसे बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया गया। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 दिसम्बर को उकौली पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने के बाद तिलकधारी सिंह उस दिन घर से नही लौटा। जिसके बाद परिवार वालों द्वारा खोजबीन किया पर नही मिला। इधर आज मंगलवार को सिकोरदा गढ़ाटोली के कुछ ग्रामीणों ने तिलक धारी सिंह को सड़क किनारे पड़ा देखा इसकी जानकारी ग्रामीणों व परिजनों को दी गई ।परिवार वालो को जानकारी मिलने परिवार वालों ने मंगलवार शाम में इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया। डॉक्टर मनोरंजन कुमार ने प्राथमिक उपचार कर सिमडेगा रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि सिर में चोट लगने के कारण बेहोश है ।वही बताया गया कितीन दिन ढंड में रहने के कारण भाजपा नेता तिलकधारी सिंह की स्थिति बिगड़ गई है।जानकारी मिलने पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना ,बीजेपी प्रखण्ड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ,विश्वनाथ बड़ाईक आदि लोगो ने अस्पताल पहुंच कर तिलक का हाल चाल जाना ।तिलकधारी सिंह के बेहोशी में रहने के कारण घटना के बारे घटना के बारे में जानकारी नही मिल पाई। इधर परिजनों के द्वारा सड़क दुर्घटना है या फिर किसी के द्वारा मारपीट गई है की गई है इस संबंध में शंका जाहिर की है ।वही मामले की जानकारी मिलने के बाद बानो थाना प्रभारी सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं।



# पंचायत स्वयंसेवकों की नौकरी स्थायी करे सरकार: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शीतकालीन सत्र के शून्यकाल के माध्यम से स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि देने के बदले उचित मानदेय देने एवं उनकी नौकरी स्थायी करने की जोरदार तरीके से मांग की है। विधायक ने सरकार को बताया कि राज्य भर के सभी 18 हजार पंचायतों में पंचायत स्वयंसेवक कार्यरत है। इन स्वयंसेवकों को सिर्फ प्रोत्साहन राशि दिया जाता है। जो महंगाई के इस दौर में भूख मिटाने के लिए भी काफी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के पंचायत स्वंयसेवक प्रोत्साहन राशि के बदले उचित मानदेय देने तथा पंचायत राज विभाग में स्थायी समायोजन कराने की मांग को लेकर विगत 08 जुलाई 2023 से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बावजूद पंचायत राज विभाग द्वारा आंदोलनरत इन स्वयंसेवकों की मांगों पर अब तक कोई विचार नहीं किया गया है। विधायक सत्र में सरकार से कहा कि इन पंचायत स्वयंसेवकों को प्रोत्साहन राशि के बदले उचित मानदेय दिया जाय। साथ ही पंचायती राज विभाग में सभी पंचायत स्वयंसेवकों को स्थायी समायोजन की जाय।

## अनुसूचित क्षेत्रों में जनजातीय भाषाओं की हो पढ़ाई : विक्सल कोंगाडी

**कोलेबिरा।** विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शून्य काल के तहत उन्होंने अनुसूचित क्षेत्रों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई को लेकर मांग रखी है ,उन्होंने सदन के माध्यम से कहा अनुसूचित क्षेत्रों में जनजातीय भाषाओं संस्कृतियों एंव परंपराओं को संरक्षण देने के लिए प्राथमिक विद्यालयों एंव मध्य विद्यालयों में भी जनजाति बहुलता का सर्वे करा कर सीट सृजित कर जनजातीय भाषाओं से भी पढ़ाई के साथ भाषा संस्कृति एंव परंपराओं की भी शिक्षा सुनिश्चित करने कि आवश्यकता है जिससे पढ़े लिखे जनजातीय युवक युवतियों को भी एक सुरक्षित रोजगार मिलेगा।उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि प्राथमिक एंव मध्य विद्यालयों में जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।

## लिया जायजा

## विकास से अछूते गोंदलीपानी पहुंचे उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक

# टाना भगत परिवारों से डीसी ने की मुलाकात, सुनी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने पाकरटांड़ प्रखंड अंतर्गत आसनबेड़ा पंचायत के गोंदलीपानी गांव का भ्रमण किया। उपायुक्त ने गोंदलीपानी गांव पहुंच वहां के ग्रामीणों से मुलाकात की और कहा कि मैं आप लोगों कि समस्याओं को जानने आया हूं। उपायुक्त ने टाना भगत एवं ग्रामीण जनों से धुमकुडिया भवन प्रांगण में बैठक की। इस दौरान टाना भगत समुदाय के लोगों ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया।टाना भगत समुदाय के प्रधान कार्तिक टाना भगत एवं सचिव सोभा टाना भगत ने उपायुक्त को गांव के कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने ने उपायुक्त से कहा कि गोंदलीपानी के इस गांव में 100 से अधिक घर परिवार निवास करते है, आप प्रथम साहब है जो हम लोगों से मिलने और हमारी समस्याओं को जानने आये है। उन्होंने ने कहा कि आजादी के कई वर्ष बीत गए, पर आजादी के बाद से आप पहले साहब है, हमारे इस गांव को जो घने जंगलों में बसे, विकास से कोसो दूर है इस गांव को अंधेरे से दूर करें। ग्रामीणों ने उपायुक्त को गांव की स्कूल में पढ़ाने हेतु शिक्षक का मांग पत्र सौंपा। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर उसका जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया की स्कूल के सभी क्लास रूम में बारिश के दिनों छत से पानी टपकता है और भवन काफी जर्जर स्थिति में है। स्कूल शौचालय में पानी की व्यवस्था कराने की बात कहीं। आंगनबाड़ी भवन निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि आंगनबाड़ी भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए छत गिरने के डर से बच्चों को बाहर पेड़ के नीचे एवं खुलीं जगह पर पढ़ाया जाता है। उपायुक्त ने गांव के युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए खेल मैदान हेतु स्थल का निरीक्षण किया।



## सरकारी अनाज की कालाबाजारी पर झामुमो का रुख सख्त, जेएमएम जिलाध्यक्ष ने कहा

# जांच पर नहीं बनेगी बात, हो कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में गरीबों से लूट कोई नयी बात नहीं है. सरकारी गोदाम से अपने गंतव्य तक जाने वाले अनाज से लदे वाहनों के गायब होने के मामले भी समय-समय पर सामने आते रहे हैं. इतना ही नहीं बीच-बीच में खाद्यान्न के बैकलॉक के मुद्दे पर कार्डधारियों को अनाज नहीं दिया गया है. जब इसका विरोध किया गया तो डीलर पर गाज गिरी, जांच की बात हुई और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया.



### जांच दोबारा शुरू

अब इस कालाबाजारी की जांच दोबारा शुरू हो गई है. डीसी नमन प्रियेश लाकड़ा ने पिछले दिनों एक कमेटी बनाकर गोदामों का भौतिक सत्यापन कराया था. सत्यापन के दौरान 35354.83 क्विंटल गेहूं और 51635.85 क्विंटल चावल का हिसाब नहीं मिला. अगर यह कहा जाए कि अनाज किसने गायब किया और अनाज कहां है, इसका कोई हिसाब-किताब नहीं है. केंद्र से राज्य सरकार को मिलने वाला यह अनाज कहां है, इस पर सभी चुप हैं. मिली जानकारी के अनुसार कोरोना काल में गरीबों को दिये गये अनाज को कालाबाजारियों ने हड़प लिया. हालांकि, गायब अनाज को लेकर डीसी का रुख सख्त है.दूसरी ओर, करोड़ों रुपये के अनाज गायब होने के मुद्दे पर झारखंड मुक्ति मोर्चा भी गरम है. जेएमएम के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने इस पूरे मामले को गंभीर बताया है. उन्होंने कहा कि गरीबों को खाद्यान्न आपूर्ति में अनियमितता के मामले में सिर्फ जांच से कुछ नहीं होगा. जांच के साथ-साथ कार्रवाई भी जरूरी है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को बदनाम करने वाले अधिकारियों और कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है.

### डीसी से कार्रवाई की मांग

जेएमएम के जिला अध्यक्ष ने बताया कि पहले भी उन्होंने इस कालाबाजारी की जांच की मांग की थी. एफसीआई गोदाम से अनाज की हेराफेरी, तत्कालीन डीएसओ सुदेश कुमार द्वारा राशन दुकानों के आवंटन और राशन वितरण में भारी अनियमितता, डोर स्टेप डिलीवरी के लिए एजेंसी के चयन के लिए सरकार द्वारा अधिकृत एजेंसी एनईएमएल द्वारा अनियमितता, पीडीएस के अनाज की हेराफेरी. कालाबाजारी को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की गयी थी.संजय सिंह ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण गरीबों के अनाज की कालाबाजारी हुई है. जिस अधिकारी के विरुद्ध प्रपत्र क दाखिल किया गया है, उस पर कार्रवाई करने के बजाय मामले को लंबित रखा गया है. उन्होंने कहा कि डीएसडी के संवेदक की भूमिका की जांच कर एसएफसी से कार्रवाई करायी जाये. साथ ही गोदाम प्रबंधक और सहायक गोदाम प्रबंधकों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाये.

## एआईकेएफ नेशनल फेडरेशन कप में छात्रों को मिले 13 पदक



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** वेल्डन फ्यूचर एकेडमी स्कूल ने एआईकेएफ नेशनल फेडरेशन कप में 13 पदक हासिल किये. ऑल इंडिया कराटे डू फेडरेशन द्वारा आयोजित 32वें नेशनल फेडरेशन कप 2023 में बड़ाजामदा की वेल्डन फ्यूचर एकेडमी को बड़ी सफलता मिली. यह टूनार्मेंट रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था. प्रतियोगिता में शामिल 12 प्रतिभागियों के बड़ाजामदा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया. वे जापान सोटोकन कराटे एसोसिएशन जेएसकेए के तहत पिछले एक साल से वेल्डन फ्यूचर एकेडमी में कराटे का अभ्यास कर रहे हैं. सेंसेई अनिल सिंह के अनुसार, केवल एक वर्ष के प्रशिक्षण के बाद यह एक बड़ी सफलता है. अनिल कुमार सिंह जो जापान से चौथी डिग्री राष्ट्रीय ब्लैक बेल्ट और तीसरी डिग्री अंतरराष्ट्रीय ब्लैक बेल्ट हैं. 6 वर्ष से कम आयु की लड़कियों में अभिश्री बोस ने कुमिते में स्वर्ण और काटा में कांस्य पदक प्राप्त किया. 8 साल से कम उम्र की लड़कियों में नायला आनम ने किमाइट में गोल्ड और काता में गोल्ड जीता. 10 वर्ष से कम आयु की लड़कियों में श्रुति ने कुमाइट में सिल्वर, 11 साल से कम उम्र की लड़कियों में पलक सिंह कुमाइट में गोल्ड, 12 वर्ष से कम आयु की लड़कियों में अनुश्री कुमारी ने कुमिते में रजत और काता में कांस्य पदक प्राप्त किया.

## एक नजर

### मुखिया ने चापाकल की कराई मरम्मत

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा ने बुधवार को पेशम पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराई।। बता दे की खराब पड़े चापाकलों से स्थानीय ग्रामीणों का काफी समस्या होती थी,क्योंकि पानी पीने के लिए दूर से पानी लाना पड़ता था।। समस्या को गंभीरता से लेती हुई पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा ने अपने स्तर से खराब पड़े चापाकलों का मरम्मत कराई। इसके बाद वहां के स्थानीय ग्रामीणों का समस्या हल हुआ।पेशम मुखिया रागिनी सिंह ने कहीं कि पेशम पंचायत में कहीं, किसी गांव में खराब पड़े चापाकल है तो वह तुरंत अवगत करवाए ताकि वहां का समस्या दूर कर सके। सुयाडीह में आंगनबाड़ी और समुदायिक भवन पास चापाकल बनाया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिन्हा अनिल पांडेय प्रदीप वर्मा पूर्व पंचायत समिति सुखदेव वर्मा आदि मौजूद रहे।

### साइबर अपराध की जागरूकता पर विचार गोष्ठी

**गिरिडीह।** जिले के नगर भवन में आज गिरिडीह पुलिस के तरफ से साइबर क्राइम अवेयरनेस को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से सैकड़ो बुद्धिजीवी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में न सिर्फ साइबर क्राइम को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाई गई, बल्कि महिला सशक्तीकरण और सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दे पर भी बात की गई। आपको बता दें कि गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा की अगुवाई में साइबर क्राइम पर लगाम लगाने को लेकर लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।

### अमन हत्याकांड का आरोपी बजरंगी वापस गया जेल

**धनबाद।** यूपी के शूटर अमन सिंह हत्याकांड के नामजद आरोपियों में शामिल विकास बजरंगी को पुलिस ने बुधवार को वापस जेल भेज दिया. बजरंगी को पुलिस ने तीन दिनों की रिमांड पर लिया था, लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल में उसके कई टेस्ट हुए, तो पता चला कि उसके गाल ब्लाडर में स्टोन है. इस कारण उसे पेट में दर्द और उलटी हो रही थी. पुलिस सुरक्षा में उसका अस्तपाल में इलाज कराया गया. तबीयत में सुधार को देखते हुए चिकित्सकों की सलाह पर पुलिस ने उसे अस्पताल से कोर्ट में पेश किया, इसके बाद जेल भेज दिया गया.

### अवैध कोयला लदे दो ट्रक जब्त, चालक खलासी गिरफ्तार

**धनबाद।** खनन विभाग की टीम ने बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर मंगलवार की रात छापेमारी कर अवैध कोयला लदे दो ट्रकों को जब्त किया. टीम ने दोनों ट्रकों और उनके चालक- खलासी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया. जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर ने बताया कि रात 12 से 2 बजे तक विशेष अभियान चला कर दो ट्रकों जिनका नंबर जे एच 02 आर 8859 और बीआर 02 जीए 4840 को पकड़ा गया. कोयले से संबंधित पर्याप्त कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर दोनों ट्रक मालिकों के खिलाफ बरवाअड्डा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है.

## चंदौरी: शिक्षक ने वर्ग एक के छात्र को बेरहमी से पीटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी।** तिसरी प्रखंड के चंदौरी में संचालित सरस्वती बाल मंदिर चंदौरी नामक निजी विद्यालय में एक सनकी शिक्षक द्वारा पहली कक्षा के बच्चे को बुरी तरह पीटने का मामला प्रकाश में आया है। घायल बच्चा पहली कक्षा का छात्र 7 वर्षीय साजन कुमार पिता मनोहर साव है जबकि आरोप विद्यालय संचालक के पुत्र सह शिक्षक मोलू कुमार पर है। मिली जानकारी के अनुसार मोदीबीघा निवासी मनोहर साव का 7 वर्षीय पुत्र साजन कुमार चंदौरी स्थित सरस्वती बाल मंदिर विद्यालय का छात्र है। रोजाना की भांति मंगलवार को भी साजन विद्यालय गया था। इस दौरान टिफिन के बाद मनोहर साव को उनके बच्चे के चोटिल होने की जानकारी मिली। जानकारी मिलने पर परिजन स्कूल पहुंचे और बच्चे का निजी अस्पताल में इलाज करवाकर घर ले गए लेकिन बच्चा लगातार उल्टियां कर रहा था उसकी हालत को देखते हुए परिजन साजन को पुनः इलाज के लिए गुमगी में



उसके ननिहाल स्थित चिकित्सक के पास ले जाने लगे। इसी दौरान विद्यालय संचालक और उनके दूसरे पुत्र ने बच्चे को लेकर जा रहे ऑटो को तिसरी के केवटाटांड में रोककर अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद परिजन और विद्यालय संचालक में बहस छिड़ गई। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर सवेरा फउंडेशन की गुंजा कुमारी पहुंची साथ ही मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। किसी ने इसकी सूचना तिसरी पुलिस को दी जिसके बाद तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को इलाज के लिए भेजा।

### अपहरण के महज 6 घंटे के अंदर अपहृत युवक हुआ बरामद

**गिरिडीह।** अपहरण की सूचना मिलने के महज 6 घंटे के अंदर अपहृत युवक को एसपी के निर्देशन पर पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है. घटना में शामिल अपराधियों की पहचान हो चुकी है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है. अपहरण कांड में प्रयुक्त बोलेरो भी पुलिस के द्वारा बरामद कर लिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार मिथिलेश मंडल, उम्र- 29 वर्ष, पिता- जितेन्द्र मंडल उर्फ गुडरू मंडल सुबह करीब 9 बजे जरूरी काम बताकर अपने मोटरसाईकिल से डुमरी के लिये निकले थे. उसके बाद समय करीब 5 बजे संध्या को मिथलेश मंडल के मोबाईल नंबर से उनकी पत्नी अंजली देवी को पति मिथलेश मंडल के मोबाईल पर फोन कर यह बोला गया कि मिथलेश मंडल का अपहरण कर लिया गया है, यदि इनकी सलामती चाहते हैं तो दस लाख रुपये लेकर तुरंत डुमरी पहुँचे, अन्यथा इनकी हत्या कर फेंक दी जायेगी.

## भाकपा माले का भाजपा हटाओ देश बचाओ महारैली का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाकपा माले की हाई स्कूल मैदान में सोमवार को भाजपा हटाओ देश बचाओ महारैली सह संकल्प सभा में बगोदर विधायक विनोद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। महारैली को संबोधित करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि जनता को 2024 की चुनाव की तैयारी में लग जानी चाहिए क्योंकि इस बार भाजपा को केंद्र से हटाना काफी जरूरी है क्योंकि मोदी गारंटी की बात की जा रही है जबकि मोदी की गारंटी अडानी और अंबानी है 2 लाख करोड़ का लोन जो अदाणी और अंबानी ने लिया उसको पूछने वाला भी कोई नहीं है। धनवार विधानसभा के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि जब तक आप लोग जाति और धर्म के नाम पर वोट करेंगे आपको लूटा जाएगा । प्रखंड और अंचल कार्यालय में कोई भी काम के लिए जाइए तो बगैर चढ़ावा का कोई भी काम नहीं होता है, खिजुरसोता में खेल मैदान है जो सैकड़ो बरसों से वहां के नौजवान युवा खेलने आ रहे हैं एक खास व्यक्ति के द्वारा बताया जा रहा है कि यह जमीन उनकी राइटिंग जमीन है यह जमीन खेल मैदान था और खेल मैदान ही रहेगा ।दाखिल खारिज के नाम पर ऑनलाइन में खाता और प्लॉट अगर छूट गया है तो उसके नाम पर चढ़ावा की मांग की जाती है।

## एक नजर

### डुमरी में जंगली हाथियों का उत्पात जारी



**गिरिडीह।** डुमरी में जंगली हाथियों की झुंड का उत्पात लगातार जारी रहा। मंगलवार की देर रात्रि दो पंचायत के तडह घटिया और चैनपुर पंचायत के दो घरों सहित अनाज क्षतिग्रस्त कर दिया। जंगली हाथियों से इस क्षेत्र के लोग भय के माहोल में सो रहे है। झुंड ने लटकटो निवासी फागु मुर्मू का दरवाजा तोड़ कर बाजरा एक क्विंटल खा गया, वहीं राजकुमार यादव का 40 क्विंटल धान चट कर दिया। तहाड घटिया निवासी भिखली देवी के घर में रखे दो क्विंटल चावल व बाजरा दो क्विंटल खाते हुए घर को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि गुलि यादव का घर में सुराख कर दिया, साथ ही बिशुन यादव का सरसों एवं चना चट कर गया। इस दौरान ग्रामीण पवन यादव, मोहन मुर्मू, अरुण यादव, रवि यादव आदि उपस्थित थे।

### जमशेदपुर : मानगो का छात्र कौशिक आठ दिनों से लापता, नहीं मिला सुराग



**जमशेदपुर।** मानगो बालीगुमा गायत्री होम्स के रहने वाले संजीव कुमार गुप्ता का इकलौता पुत्र कौशिक गुप्ता 12 दिसंबर से लापता है. 12 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे ट्यूशन पढ़ने की बात कह कर कौशिक अपने घर से बैग लेकर निकला था लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटा. कौशिक सीतारामडेरा हाई स्कूल का विद्यार्थी है. परिजन जब विद्यालय पहुंचे और पुत्र के बारे में जानकारी ली तब विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कौशिक एक दिन पूर्व ही विद्यालय से अपना टीसी ले चुका है और विद्यालय दोबारा नहीं आने की बात कही है. कौशिक के परेशान परिजनों ने इस मामले की जानकारी एमजीएम पुलिस को दी. एमजीएम थाना के द्वारा मोबाइल का लोकेशन निकालने पर रांची में होने की बात पता चली, कुछ देर बाद लोकेशन बंद हो गया. उसके दूसरे दिन लोकेशन हावड़ा में बताया. परिजन पुलिस के साथ हावड़ा गए, लेकिन वहां कुछ पता नहीं चला. दो दिन बाद कौशिक का लोकेशन बनारस के अस्सी घाट बता रहा था. पुत्र के लापता होने के बाद से माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हुआ है. ग्रामीण एसपी ने परिजनों को भरोसा दिया कि पुलिस कौशिक को जल्द खोज निकलेगी.

### बिरनी में सड़क पर मिला नवजात शिशु

**बिरनी (गिरिडीह)।** बिरनी प्रखंड के बरहमसिया चौक में चलते वाहन से महिला ने गर्भपात नवजात शिशु को फेककर फरार हो गई। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने बाहर निकलकर देखा तो गर्भपात नौजात शिशु था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थी। उपस्थित महिलाओं ने कहा इस तरह की घटना होने से मानवता शर्मशार होती है। वहीं दुकानदारों ने कहा इस तरह की घटनाएं बिरनी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अवैध नर्सिंग होम के कारण इस तरह की घटनाएं होती रहती है।

### 10 लाख के लिए हुआ युवक का अपहरण, तीन घंटे में अपराधियों ने टेके घुटने, ऐसे हुई रिहाई

**गिरिडीह।** घर से निकले युवक का अपहरण कर लिया गया. अपहरण के कुछ घंटे के अंदर ही इसकी जानकारी जिले के पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा को लग गई. दिन दहाड़े हुई अपहरण की इस घटना की जानकारी पर पुलिस ने ऐसी घेराबंदी की कि अपराधियों को चंद घंटे में ही घुटने टेकने पड़े और एक पैसा लिए बगैर भुक्तभोगी को छोड़ना पड़ा. यह पूरा मामला अहिल्यापुर थाना इलाके के जोरासिमर के युवक मिथलेश मंडल (पिता-जितेंद्र मंडल) से जुड़ा है. दरअसल 18 दिसंबर को सुबह मिथलेश अपनी पल्सर बाइक जेएच 11 एके - 9643 पर सवार होकर घर से निकला. इस बीच रास्ते में उसका अपहरण कर लिया गया. सलामती के लिए मांगे पांच लाखः शाम पांच बजे मिथलेश की पत्नी अंजली देवी के मोबाइल पर अपराधियों ने फोन किया. अपहरणकताओं ने कहा कि मिथलेश को किडनैप कर लिया गया है, सलामती चाहते हो तो 10 लाख लेकर तुरंत डुमरी पहुंचो. अपराधियों ने जान तक मारने की धमकी दे डाली. 18 दिसंबर की शाम पांच बजे आए इस फोन कॉल से मिथलेश का पूरा परिवार डर गया. अंधेरा होने के बाद शाम 7:30 बजे मिथलेश की मां रधिका देवी थाना पहुंची और अपहरण की जानकारी पुलिस को दी.

### बांग्ला लेखक व साहित्यकार अजीत राय की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह का आयोजन

**धनबाद।** जिला के कोर्ट मोड़ स्थित गांधी सेवा सदन में बांग्ला के प्रसिद्ध लेखक व साहित्यकार स्व. अजीत राय की दूसरी पुण्यतिथि पर अजीत राय स्मृति साहित्य सम्मान समिति धनबाद द्वारा समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन की अध्यक्षता में अजीत राय स्मृति साहित्य सम्मान का प्रथम आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा किया गया. कार्यक्रम संचालन के दौरान डॉ. काशी नाथ चटर्जी ने बताया कि कोयलांचल के प्रख्यात बांग्ला व हिंदी के लेखक स्व. अजीत राय की मृत्यु 20 दिसंबर 2021 को धनबाद सदर अस्पताल ले जाते वक्त शाम 4 बजे हो गया था, उनकी याद में अजीत राय स्मृति साहित्य सम्मान समिति धनबाद द्वारा इस वर्ष से उनके नाम पर पुरस्कार की शुरूआत की गई है. इस बार पुरस्कार के लिए बांगला के चर्चित लेखक समीर भट्टाचार्य को प्रदान की जा रही है.

## दलित समाज के विकास के लिए हमें संघर्ष करना है



**हजारीबाग ।** हजारीबाग जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से बुधवार को लोकसभा स्तरीय दलित गौरव सम्मेलन को लेकर कांग्रेस जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें समाज के आगामी कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही मिलन समारोह को भव्य बना लोगों तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाना है। बैठक में कहा गया कि दलित समाज के विकास के लिए स्थानीय आवश्यकता के अनुसार नीति तैयार कर हमें संघर्ष करना है। इसमें कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का पूरा सहयोग मिलेगा। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान व वशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एलडीएम वशिष्ठ लाल पासवान उपस्थित थे। रंजीत बाउरी, मुकेश पासवान, अनिल भुईयां, दिगंबर भुईयां, विजय रविदास आदि ने भी समीक्षा बैठक में भाग लिया। इसके साथ ही सबरी सेना के जिला अध्यक्ष निर्मल राम को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग हजारीबाग जिला का उपाध्यक्ष बनाया गया।

### गिरिडीह : मवेशी लदे वाहन के साथ दो गिरफ्तार

**गिरिडीह।** खोरीमहुआ जमुआ मुख्य मार्ग पेठंडी में मवेशी लदे पिकअप वैन के साथ दो पशु तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है. गुप्त सूचना के आधार पर खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर जमुआ थाना प्रभारी बिपिन कुमार व एसआई रवि प्रकाश पंडित पुलिस बल के साथ खोरीमहुआ जमुआ मुख्य मार्ग पेठंडी में वाहन को पीछा कर पकड़ा. इस दौरान पिकअप वैन जेएच11 सीजी 0846 का चालक सुनील यादव भागने में सफल रहा. वहीं दो पशु तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार पशु तस्कर में जमुआ के काजीमगहा निवासी परवेज उम्र 42 वर्ष एवं राजधनवार थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी नागों राय उम्र 60 वर्ष शामिल है.

## वार्ड 31-32 के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी लाभुकों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में बुधवार को आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 31-32 का संयुक्त शिविर आदित्यपुर कॉलोनी रोड नंबर 13 स्थित सामुदायिक भवन परिसर में लगाया गया. इसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए. इसमें सुबह से ही लाभुकों की भीड़ देखी गई. इसमें ज्यादातर लाभुक राशन कार्ड एवं कंबल वितरण के स्टॉल पर नजर आए, हालांकि इस दौरान सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, कर वसूली, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, ई-श्रम निबंध आदि के स्टॉल लगाए गए. साथ ही वैसे योजनाओं का भी आवेदन लिया गया जिसका निष्पादन प्रखंड और आंचल स्तर से किया जाना है. इसमें आदित्यपुर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त शंभु प्रसाद कुशवाहा, अविषेक कुमार सिंह के साथ नगर निगम के तमाम कर्मी मौजूद रहे. बताया गया कि अबतक आदित्यपुर नगर निगम द्वारा लगाए गए शिविरों में पांच हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं. कार्यक्रम में लाभुकों का मार्गदर्शन करने पहुंचे आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह ने लाभुकों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बढ़-चढ़कर लाभ लेने की अपील की. वहीं पुरेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान बेहद ही कारगर और जन उपयोगी है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार आम जनता की समस्याओं को सुनने के लिए पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं के वास्तविक लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए कृत संकल्पित है.

**जागरूकता** | सीसीएल ढोरी में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन, बोले जीएम

# अंडर ग्राउंड खनन में सुरक्षा पर दें विशेष ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिला स्थित बेरमो कोयलांचल में सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के ढोरी खास परियोजना के 7, 8 इंकलाइन परिसर में मंगलवार को 66वां वार्षिक सुरक्षा सप्ताह मनाया गया. इसमें मुख्य रूप से सीसीएल ढोरी एरिया के महाप्रबंधक एमके अग्रवाल, ढोरी खास पीओ रंजीत कुमार, सुरक्षा पदाधिकारी गोपाल सिंह मीना एवं निरीक्षण के लिए पहुंची. सीसीएल चूरी यूजी माइंस के मैनेजर सह कन्वेनर शैलेश कुमार, सेफ्टी ऑफिसर सह मैनेजमेंट रिपर्जेंटिव खिवराज, प्रोजेक्ट इंजीनियर जॉर्ज




लोंगा, सर्वे ऑफिसर अरुण कुमार, डबल्यूआई माइनिंग दीपक कुमार मंडल, डबल्यूआई इलेक्ट्रिकल मनीष कुमार, सीसीएल आईएसओ बीपी सिंह आदि मौजूद थे. इस दौरान टीम के सदस्यों ने माइंस व कार्यक्रम स्थल पर लगाए सुरक्षा सामग्री के स्टॉल का निरीक्षण किया. मौके पर ढोरी जीएम एमके अग्रवाल ने कहा कि ओपेन कास्ट की अपेक्षा अंडर ग्राउंड माइंस में कार्य करना ज्यादा कठिन है. अंडर ग्राउंड में ज्यादा सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए परिश्रम करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि पुरे सीसीएल में ढोरी खास माइंस बेस्ट माइंस में आता है. विगत पांच साल में शून्य दुर्घटना के कार्य करना, यहां की बड़ी उपलब्धि है. इसके लिए यहां के अधिकारी व कर्मी बधाई के पात्र है. वहीं सीसीएल चूरी यूजी माइंस के मैनेजर सह कन्वेनर शैलेश कुमार ने कहा कि सुरक्षा बिना अनुशासन के संभव नहीं है. पिछले 5 वर्ष से दुर्घटना रहित माइंस का संचालन काबीले तारीफ है. इसे बरकार रखने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि सुरक्षा सब की जिम्मेवारी है. कार्यक्रम के दौरान सीसीएल कर्मियों द्वारा सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया. साथ ही परियोजना में बेहतर कार्य करने वाले मजदूरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट मैनेजर माइनिंग अंकित कुमार ने किया. मौके पर जीएम ऑपरेशन अमिताभ तिवारी, एसओपी प्रतुल कुमार, एसओ सिविल उज्जवल कुमार सिंह, एरिया सेल मैनेजर बैजनाथ प्रसाद आदि मौजूद थे.

सुप्रभात

**इंसान सफल तब होता है जब वह दुनिया को नहीं, खुद को बदलना शुरू कर देता है : अज्ञात**



# मरीजों की देखभाल हो..

***आये*** दिन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की खबरें मिलती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला धनबाद का सामने आया है। एक मरीज को रांची रिम्स लाने के दौरान एंबुलेस से आक्सीजन रास्ते में खत्म हो गयी। जिस कारण बीमार बच्ची की मौत हो गयी। यह दुखद घटना स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। आये दिन राज्य के कई हिस्सों से ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं। कहीं एंबुलेस नहीं मिलती तो कहीं कुछ लापरवाह डाक्टर की लापरवाही सामने आती है। ऐसे सहज समझा जा सकता है कि स्वास्थ्य विभाग खुद बीमार हो गया। ऐसे में क्या बीमार व्यक्ति के इलाज की जगह इन स्वास्थ्य विभागों की शल्य चिकित्सा आवश्यक है। कहने का अभिप्राय यह कतई नहीं है कि सारे हॉस्पिटल लापरवाही बरतते हैं। अपितु ज्यादातर अस्पतालों में लापरवाही चरम पर है। कोरोना काल में लगाये गये आक्सीजन प्लांट आज सभी जगह शिथिल पड़ गये हैं। साथ ही उपकरण भी बेकार पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में इन अस्पतालों में बीमार व्यक्ति का इलाज कैसे हो पायेगा? इस स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमें को चुस्त-दुरूस्त करना जरूरी है। अगर कोई बीमार व्यक्ति किसी स्वास्थ्य केन्द्र में जाता है तो उसे काफी उम्मीद रहती है कि उसकी बीमारी का इलाज होगा। लेकिन ऐसा नहीं होना यह दर्शाता है कि हमारी दी गई व्यवस्था काफी लचर हो गयी है। यही कारण है कि असमय लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। बच्ची की मौत उसकी एक बानगी भर है। ऐसे कई घटनायें राज्य में घट रही हैं। राज्य के पलामू जिले की बात करें तो यहां मेदिनीराय मेडिकल कालेज एन्ड हॉस्पिटल की अराजकता काफी बढ़ गयी हैं। ठंड के इस मौसम में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। लेकिन सुविधायें नगण्य हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हॉस्पिटल में जहां बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है वहीं सुधार की दिशा में हो रहे प्रयास असंतोषजनक हैं। यह हॉस्पिटल दलालों के कब्जे में है। ब्लड की कमी की वजह से पिछले दिनों एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। ऐसी अराजकता सब जगह देखने को मिल रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार को नीतिगत फैसले लेने की जरूरत है। कारण स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हमारा राज्य अन्य राज्यों से काफी पीछे चल रहा है। किसी राज्य के विकास में शिक्षा और स्वास्थ्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस बात का ख्याल रख कर ही झारखंड को आगे बढ़ाया जा सकता है। राज्य भयानक ठंड की चपेट में है। यही कारण है कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की संख्या बढ़ गयी है। इसलिए जरूरी है कि मरीजों की उचित देख भाल के लिए कारगर कदम उठाये जायें।

> **कोरोना काल में लगाये गये आक्सीजन प्लांट आज सभी जगह शिथिल पड़ गये हैं। साथ ही उपकरण भी बेकार पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में इन अस्पतालों में बीमार व्यक्ति का इलाज कैसे हो पायेगा? इस स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमें को चुस्त-दुरूस्त करना जरूरी है। अगर कोई बीमार व्यक्ति किसी स्वास्थ्य केन्द्र में जाता है तो उसे काफी उम्मीद रहती है कि उसकी बीमारी का इलाज होगा। लेकिन ऐसा नहीं होना यह दर्शाता है कि हमारी दी गई व्यवस्था काफी लचर हो गयी है। यही कारण है कि असमय लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। बच्ची की मौत उसकी एक बानगी भर है।**

# वैश्विक लोकप्रियता के शिखर पर नरेन्द्र मोदी

**इन दिनों**



डॉ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी पर विरोधियों द्वारा लाख आरोप-प्रत्यारोप लगाये जाते रहे हों पर इसमें दो राय नहीं कि आज लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह मोदी ही हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रूस के पुतिन हों या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प, नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते हैं। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरूआत में कराये गये सर्वे में यह साफ हो गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले दुनिया के अलग-अलग देशों के 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही हैं जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की। इससे पहले अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 8 वें पायदान पर हैं। विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना सामान्य बात नहीं है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। खास बात यह है कि लोकप्रियता के साथ विश्वसनीयता में भी वे सबसे आगे हैं। लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात है कि 76 फीसदी मामूली आंकड़ा नहीं है। यह लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है। सूची के अनुसार तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड, चौथे पर ब्राजील, पांचवें पर आस्ट्रेलिया और छठे पायदान पर इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी हैं। उनकी और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में पूरे 35 फीसदी का अंतर है। वैश्विक सम्मेलनों और मंचों पर ऐसा लगता है जैसे दुनिया के देशों का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी ही कर रहे हों। भले ही इतर राय रखने वाले कुछ भी कहें पर अभी तो यही दिख रहा है और नरेन्द्र मोदी को सर्वमान्य नेता के रूप में प्रतिस्थापित करता है। इसे यों भी समझा जा सकता है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का निर्णय और इसे लेकर दुनिया के देशों की चुप्पी, कूटनीतिक कौशल व क्षमता को ही सिद्ध करता है। पाकिस्तान और चीन को अलग-थलग करना हो या फिर रूस-यूक्रेन युद्ध या इजरायल-हमास युद्ध कहीं भी नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। विरोधी देशों के संकट के दौरान सहायता में सबसे आगे रहना, अरब देशों को भी भारत के पक्ष में बनाये रखना, अमेरिका और रूस दोनों को ही साधे रहना, अपने आप में बड़ी बात है। कोरोना दौर में भारतीय वैक्सीन के माध्यम से दुनिया के देशों के मानव इतिहास के सबसे बड़े संकटकाल में सहभागी के रूप में आगे आना लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनाये रखने की बड़ी सफलता है। अमेरिका में ओबामा, फिर ट्रम्प और अब जो बाइडन काल में भी समान अधिकार के साथ संबंध बनाये रखना, कम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां नहीं थी, लेकिन उससे भी पार पाने में कामयाबी हासिल की। पाकिस्तान को दुनिया के देशों से अलग-थलग करना तो मोदी के लिए मामूली बात सिद्ध हुई है। दरअसल, आज के दौर में वैश्विक नेता के लिए बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं।

> **अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरूआत में कराये गये सर्वे में यह साफ हो गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले दुनिया के अलग-अलग देशों के 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही हैं जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की। इससे पहले अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 8 वें पायदान पर हैं। विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना सामान्य बात नहीं है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। खास बात यह है कि लोकप्रियता के साथ विश्वसनीयता में भी वे सबसे आगे हैं। लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात है कि 76 फीसदी मामूली आंकड़ा नहीं है। यह लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है।**

## आप की बात

### सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीण परेशान

पेटरवार प्रखंड के पतकी पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य गांव किताटांड का सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई वर्ष बीतने के बावजूद महज पांच सौ मीटर का यह पथ आज तक नहीं बन पाया है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बताते है कि पक्की सड़क नहीं होने खास कर बरसात के दिनों में तो ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इस पथ को बनाने की दिशा में अब तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण इस आदिवासी गांव के ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं पतकी - किता टांड ग्रामीण पथ प्रखंड के दो पंचायतों पतकी और उलगड्डा पंचायत को जोड़ती है। वहीं उलगड्डा पंचायत के जोड़ा महुआ से छतर बोरवा तक ग्रामीण पथ का निर्माण कराया जा चुका है लेकिन पतकी पंचायत के अधीन पड़ने वाले किता टांड तक लंबे समय के बाद भी महज पांच सौ मीटर पथ का निर्माण नहीं कराया जा सका है। ग्रामीणों का कहना है कि जब ग्रामीण पथ की स्थिति काफी जर्जर हो जाती है तो उसमें मिट्टी, मोरम डाल दिया जाता है जो बारिश के पानी में बह जाता है। जिस कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**- गौतम शर्मा**

**राजनीति**

# निर्भया जैसी सामूहिक दुष्कर्म की घटनायें आखिर कब रुकेंगी?



विजय केसरी

***आज*** से ग्यारह वर्ष पूर्व निर्भया के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म की घटना ने भारत की राजधानी दिल्ली सहित पूरे देश को दहला कर रख दिया था। सामूहिक दुष्कर्म की यह घटना, जब दूसरे दिन प्रकाश में आई तो सारे देशवासी निर्भया कांड के विरोध में खड़े हो गये थे। समस्त देशवासियों ने इस घटना की तीव्र भर्त्सना की थी। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और दृश्य मीडिया में इस कांड को लेकरर जोरदार बहस हुई थी। सबों ने इस कांड की जमकर आलोचना की थी। समाज के हर वर्ग के लोगों ने निर्भया के प्रति अपनी - अपनी संवेदना भी प्रकट की थी। निर्भया कांड को लेकर देशवासियों ने राज्य सरकार सहित पुलिस प्रशासन की भी जमकर निंदा की थी। सामूहिक दुष्कर्म की इस वीभत्स घटना में निर्भया की मृत्यु घटना के 17 दिनों बाद हो गई थी। इस दरमियान उसे और उसके परिवार को जो कष्ट हुआ और पीड़ा सहना पड़ा था, उसे शब्दों में बयान करना बड़ी मुश्किल है। जिस अंदाज में दुष्कर्म की इस घटना को अंजाम दिया गया था। वह पैश्विकता की सारी हदों को पार कर गया था। राजधानी में तमाम सुरक्षा इंतजामों के बाद भी इस तरह की घटना घटी थी। लोगों ने राज्य सरकार से लेकर दिल्ली सरकार तक की जमकर आलोचना की थी। इस घटना के दुष्कर्मियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठी थी। पुलिस शीघ्र दूष्कर्मियों को पकड़ने में सफल हुई। निर्भया कांड के सभी दुष्कर्मियों पर लंबे समय तक कानूनी कार्रवाई चली। निर्भया कांड के मुख्य चारों आरोपियों को उसके किये की सजा आठ वर्षों बाद 20 मार्च 2020 को मिली। चारों दुष्कर्मियों को फांसी पर लटका दिया गया। इस दूष्कर्म में शामिल एक अभियुक्त जेल में फांसी लगाकर मर गया। बच्चे एक नाबालिक दुष्कर्म को 3 वर्ष की ही सजा सुनाई गई। जब तक निर्भया के दोषियों को सजा नहीं मिल गई, संपूर्ण भारत न्याय के लिए गुहार लगा रहे थे। ऐसा विरोध पहली बार देशभर में हुआ था। देश के हर हिस्से में निर्भया को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुए थे। उम्मीद थी कि निर्भया जैसी दुष्कर्म की घटना की पुनरावृत्ति इस देश में फिर नहीं होगी।

> **सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और दृश्य मीडिया में इस कांड को लेकरर जोरदार बहस हुई थी। समाज के हर वर्ग के लोगों ने निर्भया के प्रति अपनी - अपनी संवेदना भी प्रकट की थी।**

## फेसबुक वॉल से

Akhilesh Yadav
Suggested for you · 5d

बहुत गहरी बात लिखी है 🙏🙏🙏




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# विकसित भारत यात्रा के सहारे भाजपा की मजबूत तैयारी



मृत्युंजय दीक्षित

***आगामी*** लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए देश के सभी राजनैतिक दलों ने अपनी-अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। इस तैयारी पर यदि समग्र व निष्पक्ष दृष्टि से डाली जाय तो इस समय निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी आगे दिखाई पड़ रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है। इन सभी राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन ने विपक्ष की जातिवाद की राजनीति की गहरी काट खोजने का प्रयास किया है। भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन के बाद उनका प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का उत्तर प्रदेश के यादव बाहुल्य क्षेत्रों और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ब्राह्मणों सहित सवर्ण समाज के बीच में प्रचार हो रहा है। उधर विपक्षी दलों में भी एकता के लिए बैठकें चल रही हैं। विधानसभा चुनाव के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंचेगी। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से भाजपा उन वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूसरा यह कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस यात्रा में गांव व पंचायत में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचने पर उसका ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया जाता है और उसी स्थान पर लाभार्थी फार्म भी भरवाये जाते हैं। यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने को भी कहा जाता है और उनका फीडबैक लिया जाता है।

> **पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है।**



**बोधि वृक्ष**

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

***यहां*** यह बताना अति महत्वपूर्ण है कि ऋषि मार्कंडेय ब्रह्म-काल के ध्यान में रहते थे। श्रीमद्भागवत गीता अध्याय 8 श्लोक 16 में कहा गया है कि 'ब्रह्मलोक को प्राप्त करने वाले साधकों की पुनरावृत्ति होती है'। भगवान इंद्र (स्वर्ग के राजा) या भगवान कुबेर (धन के देवता) की स्थिति प्राप्त करने के बाद या ब्रह्मा, विष्णु और शिव या भगवान वरुण (जल के देवता), धर्मराय, आदि का पद प्राप्त करने के बाद भी और यहां तक कि स्वर्ग या ब्रह्मलोक में कोई देवता बनने के बाद भी सभी प्राणियों की पुनरावृत्ति होती है। **नोटः** स्वर्ग लोक में 33 करोड़ देव पद हैं। जैसे भारत वर्ष की संसद में 540 सांसदों के पद हैं। व्यक्ति बदलते रहते हैं। उन्हीं सांसदों में से प्रधानमंत्री तथा अन्य केंद्रीय मंत्री आदि बनते हैं। इसी प्रकार उन 33 करोड़ देवताओं में से ही कुबेर का पद अर्थात धन के देवता का पद प्राप्त होता है जैसे वित्त मंत्री होता है। ईश की पदवी का अर्थ है प्रभु पद जो कुल तीन माने गये हैं : 1. श्री ब्रह्मा जी 2. श्री विष्णु जी तथा 3. श्री शिव जी। वरूणदेव जल का देवता है। धर्मराय मुख्य न्यायधीश है जो सब जीवों को कर्मों का फल देता है, उसे धर्मराज भी कहते हैं। ये सर्व काल ब्रह्म की साधना करके पद प्राप्त करते हैं। पुण्य क्षीण होने के पश्चात पद से मुक्त होकर पशु - पक्षियों आदि की 84 लाख प्रकार की योनियों में चले जाते हैं। फिर नये ब्रह्मा जी, नये विष्णु जी तथा नये शिव जी इन पदों पर विराजमान होते हैं। उपरोक्त सर्व देवता जन्मते - मरते रहते हैं। ये अविनाशी नहीं हैं सतपुरुष की सच्ची उपासना से ही जन्म और पुर्नजन्म का रोग समाप्त होता है। **(क्रमशः)**

**टेक वर्ल्ड**

## सैमसंग अब भारत में बनायेगा लैपटॉप

सैमसंग अगले महीने से भारत में लैपटॉप का निर्माण शुरू कर देगा। विनिर्माण उसी ग्रेटर नोएडा सुविधा में होगा जहां यह पहले से ही स्मार्टफोन का उत्पादन करता है। कंपनी लैपटॉप विनिर्माण को समायोजित करने के लिए सुविधा का विस्तार करेगी। दक्षिण कोरियाई बहुराष्ट्रीय समूह सैमसंग, मजबूत वैश्विक उपस्थिति के साथ दुनिया की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है। वैश्विक तकनीकी दिग्गज बनने की अपनी यात्रा में, भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सैमसंग और भारत के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुए हैं, जिसमें विनिर्माण, नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव जैसे विभिन्न पहलू शामिल हैं। सैमसंग मेक इन इंडिया पहल में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। बताया गया है कि दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज अब अपने स्थानीय विनिर्माण को लैपटॉप तक विस्तारित करने के लिए तैयार है। कहा जा रहा है कि कंपनी अगले महीने भारत में लैपटॉप का उत्पादन शुरू कर देगी।



**बजट स्टीरियो स्पीकर्स के लिए गाइड मैन्युफैक्चरिंग हब :** भारत में सैमसंग की उपस्थिति पर्याप्त है, कंपनी ने खुद को एक महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित किया है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल ने विदेशी कंपनियों को देश में विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सैमसंग ने इस अवसर का पूरा फायदा उठाया और भारत में स्मार्टफोन, टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का निर्माण शुरू कर दिया। इससे न केवल सैमसंग को उत्पादन लागत कम करने में मदद मिली बल्कि भारतीय श्रमिकों के लिए हजारों नौकरियां भी पैदा हुईं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष चुने गये

**भोपाल।** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में तोमर की सीट बदल दी गई और उन्होंने मुरैना सीट से चुनाव जीतकर केंद्र में मंत्री पद बरकरार रखा। हाल में हुये राज्य के विधानसभा चुनाव के परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किये गये, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा ने 230 में से 163 सीट जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया, जबकि कांग्रेस ने 2018 में 114 सीट की तुलना में सिर्फ 66 सीट पर जीत दर्ज की, जबकि भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार कमलेश्वर डोडियार ने सैलाना निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की। वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को बुधवार को सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया।

### आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत तीन दिवसीय दौरे पर आज पटना में

**पटना।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत अपने तीन दिवसीय प्रवास पर 21 दिसम्बर को पटना आ रहे हैं। दक्षिण बिहार के प्रांत प्रचार प्रमुख अभिषेक कुमार ने बताया कि 21 दिसम्बर को सरसंघचालक पटना पहुंचेंगे। उसके अगले दिन यानी 22 दिसम्बर को भागलपुर के कुप्पाघाट स्थित महर्षि मेंही आश्रम में पूज्य संतों के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 23 दिसंबर को पटना से वापस प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि सरसंघ चालक अपने पटना प्रवास में राजेंद्रनगर स्थित विजय निकेतन के संघ भवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी का हेलिकॉप्टर फंसा, धक्का देकर बाहर निकाला गया

जालंधर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सोमवार को रुद्रपुर में एक युवा सम्मेलन के दौरान सुरक्षा संबंधी डर का सामना करना पड़ा। जैसे ही धामी का हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरा, नमी के कारण उसका अगला पहिया जमीन में फंस गया। घटना होने से पहले ही धामी हेलीकॉप्टर से उतर चुके थे।

## पहला अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम-2023

# बोधि चिंता के अभ्यास से ही दूसरों को सुख पहुंचा सकते हैं : दलाई लामा

**एजेंसी। बोध गया**

बिहार के बोधगया में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम का शुभारंभ हुआ। बोधगया के सांस्कृतिक केंद्र में इसका उद्घाटन बौद्ध धर्म गुरू दलाई लामा के द्वारा किया गया। अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम के तीन दिवसीय सम्मेलन में 35 देशों के करीब 2500 बौद्ध धर्म के विद्वान जुटे हैं। इस मौके पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम के तीन दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ बुधवार को बोधगया में हुआ है। यह सम्मेलन तीन दिवसीय है। बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार इस सम्मेलन में तीन दिनों तक बौद्ध धर्म, पाली और संस्कृत भाषाओं के परंपराओं की आधुनिकता पर चर्चा की जाएगी।



35 देशों के 2500 बौद्ध विद्वान हुए शामिल

अंतर्राष्ट्रीय स्थली बोधगया में इस तरह का पहला आयोजन है। इसमें 21वीं सदी में बौद्ध धर्म के विकसित होने का के संबंध में जानकारी और बौद्ध धर्म की शिक्षा पर चर्चा भी की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय संघ फोरम के तीन दिवसीय सम्मेलन में बौद्ध धर्म से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा होगी। 21वीं सदी में बौद्ध धर्म के विकसित होने से संबंधित तथ्यों पर भी बौद्ध धर्म के विद्वान अपना मंतव्य देंगे। विभिन्न भाषाओं में एफएम पर इसका प्रसारण भी किया जाएगा। दक्षिण एशियाई देशों के पाली परंपराओं के कलाकारों के अलावा तिब्बत के संस्कृत परंपरा के कलाकार एक मंच पर दिखेगें। इस दौरान नृत्य प्रस्तुति भी होगी। बौद्ध धर्म के विद्वान वक्ताओं के द्वारा तीनों दिन बौद्ध धर्म में पाली और संस्कृत भाषाओं के परंपराओं के अनुसार इसकी आधुनिकता पर चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय सम्मेलन का लक्ष्य कुछ जटिल पहलूओं पर ध्यान आकर्षण करना और 21 वीं सदी में बौद्ध धर्म की विकसित भूमिका के संबंध में जानकारी हासिल करनी है। सम्मेलन में 35 देशों के 25 सौ से ज्यादा संघ के सदस्य शामिल हुए हैं। इसमें भारत, थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका, कंबोडिया, बांग्लादेश, लाओस, भूटान, नेपाल, वियतनाम, ताइवान, जापान, कोरिया, रूस और मंगोलिया सहित अन्य देशों के सदस्य शामिल हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन के बाद 23 दिसंबर को महाबोधि मंदिर में विश्व शांति के लिए एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परम पावन बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा शामिल होंगे और संघ के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इस दौरान बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा ने बोधि चिंता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बोधि चिंता के अभ्यास से ही खुद को शांति और दूसरे को सुख पहुंचा सकते हैं, दूसरे को सुख पहुंचाना ही धर्म है। इसलिए बोधि चिंत का अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन की अवधारणा ही दूसरे को सुख पहुंचाना है। यदि दूसरों को सुख नहीं पहुंचाया गया तो जीवन का कोई मतलब नहीं है इसलिए सभी धर्म बंधु बोधि चिंत का अभ्यास करें।

## ओडिशा के राज्यपाल ने लोगों की शिकायतों पर नवीन पटनायक को लिखा पत्र



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को पत्र लिखकर राज्य के अंगुल और ढेंकनाल जिलों में उनकी हालिया यात्रा के दौरान लोगों द्वारा उनके ध्यान में लाई गई विभिन्न शिकायतों का समाधान करने का आग्रह किया है। दास ने अपने पत्र में कहा कि जब वह 5-7 दिसंबर की अपनी यात्रा के दौरान लोगों से मिले तो उन्होंने उनका ध्यान जमीनी स्तर की समस्याओं की ओर आकर्षित किया। दास ने लिखा, मैंने हाल ही में ढेंकनाल और अंगुल जिलों का दौरा किया। यह मेरे लिए बहुत विनम्र अनुभव था, क्योंकि मैं जमीनी स्तर पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिला। उनके साथ मेरी बातचीत के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों को सामने रखा, जो यहां संलग्न है। इस पर राज्य सरकार उचित कार्रवाई के लिए विचार कर सकती है। लोगों की शिकायतों में ढेंकनाल के जोरांडा में एक वृद्धाश्रम में भूमि की बंदोबस्ती और सुविधाओं की कमी, अंगुल के बनारपाल ब्लॉक में तुरंगा ग्राम पंचायत में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच के लिए ममता गृह का निर्माण, गंभीर स्वास्थ्य खतरों का सामना करना शामिल है। महानदी कोल फील्ड्स लिमिटेड द्वारा खनन गतिविधियों के कारण क्षेत्र में वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण और भूजल स्तर में गिरावट के कारण अंगुल जिले के तालचेर ब्लॉक के कंधाबेरिनी गांव के निवासियों को परेशानी हो रही है। इसी तरह, दास को बताया गया कि पुनर्वास और परिधि विकास सलाहकार समिति (आरपीडीएसी) की नियमित बैठकें पिछले दो वर्षों के दौरान नहीं हो रही हैं और स्थानीय लोगों की कई वास्तविक शिकायतों का लंबे समय से समाधान नहीं किया गया है।

### एनजीटी ने पर्यावरण मंत्रालय पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** एनजीटी ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को उसके पास जमा पर्यावरणीय मुआवजे को अनधिकृत उद्देश्यों के लिए खर्च करने को लेकर फटकार लगाई, और कहा कि यह घोर दुरुपयोग और गंभीर वित्तीय अनियमितता है। इससे पहले, एनजीटी ने मंत्रालय, सीपीसीबी और तीन अन्य को नोटिस जारी कर कहा था, ऐसे वायु प्रदूषणकारी घटकों और मानव शरीर के विभिन्न अंगों पर उनके प्रतिकूल प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त उपायों की आवश्यकता है, विशेषकरजो मस्तिष्क और भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक पहलू को प्रभावित कर रहे हों। पीठ ने कहा कि बार-बार पूछने के बावजूद मंत्रालय के वकील वायु प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण के लिए उठाए गए एक भी कदम का उल्लेख नहीं कर सके। पीठ ने कहा, इस तरह के अस्पष्ट और अप्रासंगिक जवाब दाखिल करने के लिए, हम प्रतिवादी नंबर 1 (मंत्रालय) पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाते हैं और उसे एक महीने में वायु प्रदूषण की प्रभावी निगरानी व नियंत्रण के लिए उठाए गए।

# केरल में कोविड-19 के 292 नए मामले, तीन मरीजों की मौत



**एजेंसी त्रिवेंद्रपुरम**

राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि केरल में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि राज्य वायरस से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 292 नए मामले सामने आये तथा संक्रमण से तीन लोगों की मौत हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, बुधवार सुबह आठ बजे तक देश भर में कोविड-19 के कुल 341 मामले सामने आए, जिसमें से 292 मामले केरल से हैं। मंत्रालय के मुताबिक राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 2,041 हो गई है। केरल में गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 से तीन मरीज की मौत हुई। इसी के साथ गत तीन साल में कोरोना वायरस से राज्य में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 72,056 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गत 24 घंटे के दौरान 224 मरीज संक्रमण मुक्त हुए या राज्य से बाहर गए, जिन्हें मिलाकर अबतक कुल 68,37,203 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि केरल में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि राज्य वायरस से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। मंत्री ने यह भी कहा था कि कोविड संक्रमितों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने और अस्पतालों में आईसोलेशन वार्ड, कमरे, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

## हिमाचल प्रदेश में व्हाइट क्रिसमस के आसार आईएमडी ने जारी किया बर्फबारी का अलर्ट



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार व्हाइट क्रिसमस के आसार बनते नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो 22 से 23 दिसंबर के दौरान एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सूबे पर दस्तक देगा। इससे पहाड़ों पर जोरदार बर्फबारी देखी जा सकती है। मौसम विभाग के इस पूवानुमान से पर्यटन कारोबारियों में उत्साह देखा जा रहा है। होटल कारोबारियों ने अच्छे कारोबार की उम्मीद जताई है। मौजूदा वक्त में सूबे के मैदानी हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप देखा जा रहा है। कई इलाकों में तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है। मौजूदा वक्त में देखें तो एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन लक्षद्वीप पर बना हुआ है। यही नहीं 22 से 23 दिसंबर के दौरान एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय पर दस्तक दे सकता है। इससे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम बदल जाएगा। मौसम विभाग ने इन राज्यों में दो दिन तक मौसम के खराब रहने की चेतावनी दी है। जम्मू-कश्मीर में 24 से 26 दिसंबर के दौरान अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन के मुताबिक, 22 से 24 दिसंबर के दौरान जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में जबकि 23 दिसंबर को उत्तरी पंजाब, उत्तरी हरियाणा और उत्तराखंड में हल्की बारिश, ओलावृष्टि या बर्फबारी देखी जा सकती है। धर्मशाला और आस-पास के ऊंचाई वाले इलाकों में 60 फीसदी बारिश होने के आसार हैं।

## बेगुसराय में शराब तस्कर ने दारोगा को गाड़ी से कुचला

# गिरिराज ने कहा-इसके जिम्मेदार हैं सीएम



**एजेंसी। बेगुसराय**

बेगुसराय में शराब तस्करों द्वारा दारोग को गाड़ी से कुचले जाने पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि शराबबंदी की गलत नीतियों के कारण, बिहार के सीएम नीतीश कुमार की जिद के कारण कई निर्दोष लोगों को जेल जाना पड़ा। शराब माफियाओं ने बहुत से लोगों की जान ले ली। माफिया ने एक एएसआई की हत्या कर दी। बिहार में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। इसी कड़ी में बेगुसराय जिले में शराब तस्करों द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को हुई जब सब-इंस्पेक्टर (एसआई) खमास चौधरी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम शराब ले जा रहे वाहन के पास पहुंची, तभी अज्ञात तस्करों ने टीम पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार उसे सूचना मिली थी कि छतौना गांव की ओर से एक चार पहिया वाहन से आल्टो कार में शराब की तस्करी करने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद, चौधरी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय पुलिस टीम शराब तस्करी की कोशिश को रोकने के लिए मौजूद थी। हालांकि, तस्करों ने गति सीमित करने के बजाय कार बढ़ा दी। कार ने एसआई चौधरी को टक्कर मार दी और वह एक पत्थर पर गिर गए, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। इसको लेकर भाजपा नीतीश कुमार की सरकार पर हमलावर हो गई है। पूरे मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि शराबबंदी की गलत नीतियों के कारण, बिहार के सीएम नीतीश कुमार की जिद के कारण कई निर्दोष लोगों को जेल जाना पड़ा।

## सुकमा में पुलिस नक्सली मुठभेड़, कई को गोली लगने का दावा

# भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



**एजेंसी। सुकमा**

कोत्तापल्ली व नागराम के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने 5 से 6 नक्सलियों को गोली लगने का दावा किया है। साथ ही बड़े नक्सली कैंप को ध्वस्त करने का दावा भी जवान कर रहे हैं। आसपास के इलाके में सर्चिंग कर विस्फोटक पदार्थ के साथ ही भारी मात्रा में नक्सली सामग्री भी बरामद किया है। फिलहाल जवानों का सर्चिंग अभियान इलाके में जारी है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया चिंतलनार थाना क्षेत्र के नागराम व कोत्तापल्ली के जंगलों में नागराम एलओएस के नक्सलियों की उपस्थिति की जानकारी मुखबिर से मिली थी। जानकारी मिलते ही नक्सल अभियान के लिए डीआरजी बस्तर फाइटर्स, कोबरा 201 बटालियन की संयुक्त टीम को ऑपरेशन के लिए कोत्तापल्ली के जंगलों में रवाना किया गया। जवानों ने नक्सलियों के डेरे पर धावा बोल दिया और दोनों ही ओर से भारी मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगलों की आड़ लेकर भाग खड़े हुए।

### गरीबों का गेहूं ट्रक समेत गायब सीसीटीवी के सहारे मिला खाली ट्रक

**ग्वालियर।** शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर गरीबों को बांटने के लिए भेजा गया पांच सौ बोरी गेहूं ट्रक सहित रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। इसकी सूचना से प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया है। सीसीटीवी कैमरों के सहारे पुलिस ने जैसे-तैसे खाली ट्रक तो बरामद कर लिया लेकिन उसमे भरकर भेजा गया गेहूं कहां गया इसका पता अब तक नहीं लग सका है। गायब हुआ ट्रक थाटीपुर निवासी रंजीत सिंह नामक ट्रक ऑपरेटर का है जिसे राम कुमार गुर्जर नामक ड्रायवर चलाता है।

**500 बोरी गेंहू गायबः** राम कुमार का कहना है कि "उसने घाटीगांव इलाके के रेंहट में स्थित शासकीय वेयरहाउस से गरीबों में बांटने वाला लगभग पांच सौ बोरी गेहूं अपने ट्रक में लोड किया था। इसको विभिन्न कंट्रोल की दुकानों पर वितरित करना था।

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद की थी नाबालिग की हत्या

# चार साल बाद एक को फांसी और दो को उम्रकैद की सजा



**एजेंसी। फरुर्खाबाद**

पिता को खेत से बुलाने गई 11 वर्षीय बालिका के साथ चार वर्ष पूर्व तीन अभियुक्तों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और हत्या कर शव मिट्टी में दबा दिया। इस मामले में पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने तीनों अभियुक्तों को दोषी करार दिया था। मंगलवार को सजा के बि्ंदु पर सुनवाई करते हुए एक दोषी को फांसी की सजा सुनाई गई। मामले के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है। अमृतपुर थाना क्षेत्र निवासी ग्रामीण ने 19 जनवरी 2019 को हत्या व साक्ष्य मिटाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया था कि उसकी पत्नी ने 11 वर्षीय पुत्री को उसे खेत से बुलाने के लिए भेजा था। छोटे पुत्र का बाइक एक्सीडेंट हो गया था। पुत्री खेत पर नहीं पहुंची। जब वह घर पहुंचे तो पता चला कि पुत्री घर नहीं आई। जब उन्होंने खोजबीन की कुछ दूरी पर सरसों के खेत में पुत्री की चप्पल पड़ी मिली। खेत में अंदर जाकर देखा तो मिट्टी में उसका शव दबा था। मुकदमे के विवेचक तत्कालीन थाना प्रभारी ने जांच के दौरान जनपद उन्नाव थाना शफीपुर निवासी राधेश्याम, गांव उधरनपुर लीलापुर निवासी मिंटू उर्फ शैलेंद्र व जितेंद्र के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, हत्या व साक्ष्य मिटाने के आरोप में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

# 'न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम', इंडिया गठबंधन में नीतीश की स्थिति पर उपेंद्र कुशवाहा ने किया तंज



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन की कोई बैठक के बाद से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार कहीं ना कहीं खुद को अलग-थलग पा रहे हैं। उन्हें भी इस बात का एहसास होने लगा है कि भले ही उनके द्वारा विपक्षी एकता की कोशिश की गई, लेकिन अब पूरा का पूरा कमान कांग्रेस के हाथों में आ चुका है। यही कारण है कि बैठक के दौरान नीतीश के गुस्से को लेकर भी खबर निकलकर सामने आई है। नीतीश कुमार को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि गठबंधन में उनकी भूमिका को भी सीमित करने की कोशिश की जा रही है। इन सब के बीच कभी नीतीश कुमार के करीबी रहे और वर्तमान में एनडीए में मौजूद उपेंद्र कुशवाहा ने उन पर तंज कसा है। उपेंद्र कुशवाहा ने एक एक्स पोस्ट किया है। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इंडी गठबंधन में नीतीश जी की हालत पर एक शेर याद आता है, कि...न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम, न इधर के रहे न उधर के हुए हम। उन्होंने आगे लिखा कि अब तो इंडी गठबंधन ने नीतीश जी को पीएम उम्मीदवार बनाने से साफ मना कर दिया। इधर बिहार में लालू यादव जी भी नीतीश जी को सीएम कुर्सी छोड़ने का दबाव बनाएंगे और भाई साहब मान गए तो ठीक, नहीं तो राजद के लोग धकियाकर नीतीश जी को सीएम की कुर्सी से हटा देंगे। फिर तो बड़के भइया क्या पीएम और क्या सीएम.....सारे रेस से बाहर हो जाएंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने का सपना लेकर 2022 में दूसरी बार भाजपा से नाता तोड़ा था और अब पटना में अपने पक्ष में पोस्टर लगवा कर बड़ी उम्मीद से गठबंधन की दिल्ली बैठक में गए थे।

## अभिनेत्री जयाप्रदा को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश

**एजेंसी। रामपुर**

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के दो केस दर्ज हैं। वह दोनों मामलों में बयान देने के लिए लंबे समय से कोर्ट नहीं पहुंच रही हैं। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए एसपी को विशेष निरीक्षक नियुक्त करने को कहा है। आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा को कोर्ट ने राहत नहीं दी है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी के लिए एसपी को विशेष निरीक्षक की तैनाती कर कोर्ट में पेश करने को कहा है। इसके साथ ही उनके जमानतियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई दस जनवरी को होगी।स्वार और केमरी थाने में लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 2019 में दो केस दर्ज किए गए थे। दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। स्वार में दर्ज एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है और पूर्व सांसद को अपने बयान दर्ज कराने हैं। वह बयान दर्ज कराने



के लिए कोर्ट नहीं पहुंची। केमरी थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के अन्य मामले में अभियोजन की गवाही चल रही है। इसमें भी पूर्व सांसद कोर्ट नहीं पहुंच रही। कोर्ट लगातार दोनों मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता असगर ने पूर्व सांसद की ओर से गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए फिर से प्रार्थना पत्र दिया था। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी के मुताबिक कोर्ट ने प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक की तैनाती करने के आदेश एसपी को दिए हैं।

## बेमौसम बारिश — जलजमाव के कारण 19 टेनें हुई रद्द

# प्रभावित जिलों में 223 नौकाओं व नौ हेलिकॉप्टरों की ली जा रही मदद

**एजेंसी। चेन्नई**

बचाव अभियान में 323 नौकाओं के साथ नौ हेलिकॉप्टर की मदद भी ली जा रही है। इस बीच, दक्षिण रेलवे ने बारिश प्रभावित जिलों में जलभराव के कारण बुधवार को 19 ट्रेन रद्द करने की घोषणा की, जबकि तिरुनेलवेली यार्ड को ट्रेन आवाजाही के लिए उपयुक्त घोषित किए जाने के बाद यहां से रेल यातायात सामान्य हो गया है। सबसे अधिक प्रभावित जिले तिरुनेलवेली और तूत्तुक्कुडि में स्थानीय प्रशासन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय कर रहे हैं, जबकि आवासों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में बिजली आपूर्ति एक या दो दिन में पूरी तरह से बहाल होने की उम्मीद है। तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में अभूतपूर्व बाढ़ और बारिश के कारण हुये नुकसान का आकलन करने के



लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम बुधवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर सकती है। सरकार ने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने वाले थे लेकिन अब वह कल दौरा करेंगे। तिरुनेलवेली, तूत्तुक्कुडि, कन्याकुमारी और तेनकासी जिलों में 17 और 18 दिसंबर को हुई रिकॉर्ड बारिश ने क्षेत्र के कई हिस्सों में कहर बरपाया, जिससे 10 लोगों की जान चली गई। कयालपट्टिनम (तूत्तुक्कुडि जिले की एक नगरपालिका) में दो दिनों में सबसे अधिक 1,192 मिलीमीटर, जबकि तिरुच्चेंदूर में 916 मिलीमीटर बारिश हुई। मुख्यमंत्री स्टालिन ने मंगलवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और प्रभावित जिलों के वास्ते दो हजार करोड़ रुपये की अंतरिम राहत की मांग की। प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात से पहले स्टालिन ने संवाददाताओं से कहा कि वह आज तूत्तुक्कुडि और तिरुनेलवेली जिलों का दौरा करेंगे।

## एक नजर

### लाठी स्पोर्ट्स फेडेरेशन कप के लिए झारखंड टीम हरिद्वार के लिए रवाना

**रांची ।** ऑल इंडिया ट्रेडिशनल लाठी चैम्पियनशिप 2023 हरिद्वार,उत्तराखंड में 23 तथा 24 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। जिसमे भाग लेने राज्य के 12 खिलाड़ी बुधवार को रांची से संस्था के महासचिव बिस्वजीत कर्माकर के नेतृत्व में रवाना हुए। अध्यक्ष अब्दुल कादिर तथा संरक्षक शैलेन्द्र मित्रा सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### स्टार्क से हमारे घरेलू गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी : गंभीर

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीदने से टीम को महत्वपूर्ण सीख देने में भी काफी मदद मिलेगी। मंगलवार को नीलामी में दो घंटे से भी कम समय में अपने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से टैग लेकर स्टार्क आईपीएल के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, क्योंकि कोलकाता ने नीलामी में अपने पर्स का 75% से अधिक खर्च स्टार्क पर किया। स्टार्क ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए 2014 और 2015 में आईपीएल के केवल दो सीजन खेले हैं और 2018 में केकेआर के लिए खेलने वाले थे, लेकिन पैर की चोट के कारण बाहर हो गए। वह एक एक्स-फैक्टर है, इसमें कोई संदेह नहीं है। कोई ऐसा व्यक्ति जो नई गेंद से गेंदबाजी कर सकता है, डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकता है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई ऐसा व्यक्ति जो आक्रमण का नेतृत्व कर सकता है।' गंभीर ने जियो सिनेमा से कहा, वह हमारे दो घरेलू गेंदबाजों के लिए बहुत मददगार साबित होने वाला है, क्योंकि वे दोनों बहुत प्रतिभाशाली हैं।

### बेन स्टोक्स का बेस्ट रिप्लेसमेंट है डेरिल मिचेल

**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि डेरिल मिचेल एक अलग प्रकार के खिलाड़ी हैं। साथ ही उन्होंने एक ऑलराउंडर के रूप में मिचेल को बेन स्टोक्स का बेस्ट रिप्लेसमेंट भी करार दिया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की नीलामी के दूसरे दौर में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शुरूआती लड़ाई के बाद देर से बोली लगाने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मिचेल को 14 करोड़ रुपये में खरीदा। मिचेल, जो पहले राजस्थान रॉयल्स से जुड़े थे। दिल्ली और पंजाब के बीच नीलामी की लड़ाई बढ़ने पर केंद्र बिंदु बन गए। अपने पास पर्याप्त रकम होने के कारण, सीएसके ने बोली को तेजी से बढ़ाकर 13.75 करोड़ रुपये कर दिया और फिर 14 करोड़ रुपये की साहसिक बोली लगाकर खिलाड़ी को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। स्टीफन फ्लेमिंग ने बेन स्टोक्स के स्थान पर मिचेल के रिप्लेसमेंट पर कहा, उन्होंने केवल एक मैच खेला, इसलिए उन्होंने उतनी छाप नहीं छोड़ी।

# आरसीबी को घरेलू स्तर पर सुधार करने की जरूरत : फाफ डू प्लेसिस



**एजेंसी। बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आगामी सीजन के लिए एक मजबूत टीम तैयार करने के लिए सोच-समझकर छह बोलियां लगाईं, कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने घरेलू प्रदर्शन को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। तथ्य यह है कि आरसीबी ने पिछले साल चिन्नास्वामी स्टेडियम से बाहर खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। आरसीबी ने मंगलवार को दुबई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 प्लेयर नीलामी में सफलतापूर्वक इष्टतम टीम संतुलन हासिल करने के लिए रणनीतिक अधिग्रहण किया। डू प्लेसिस, विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ियों के साथ शीर्ष क्रम में पहले से ही एक मजबूत केंद्र मौजूद है, और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की सेवाएं प्राप्त की हैं, जो बल्लेबाजी में उत्कृष्ट गहराई जोड़ते हैं, नीलामी में आरसीबी के केंद्रित दृष्टिकोण ने उन्हें गेंदबाजी विभाग में और अधिक मजबूती हासिल करते हुए देखा। डू प्लेसिस ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह उनके और थिंक टैंक के लिए एक व्यस्त समय था क्योंकि उन्होंने एक व्यापक योजना विकसित करने में बहुत समय लगाया जिससे नीलामी में अधिक स्पष्टता के साथ प्रवेश करने में मदद मिली। ह्लपिछले सीजन के बाद, हमें लगा कि हमें घरेलू मैदान पर सुधार करने की जरूरत है। एक चीज जो हमने वास्तव में अच्छी तरह से की वह थी चिन्नास्वामी से दूर सफल होना। तो, हम चले गए और अपने दिमाग को एक साथ रखा और घर पर बेहतर होने की क्या संभावना है और हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम किस तरह से सुधार कर सकते हैं? डू प्लेसिस ने कहा, "यह निश्चित रूप से नीलामी है और पिछले दो महीनों की प्रक्रिया पूरी तरह से घर पर बेहतर प्रदर्शन करने की योजना बनाने और घरेलू मैदान पर सफल होने वाले गेंदबाजों और बल्लेबाजों की योजना बनाने पर केंद्रित रही है।" उन्होंने कहा,ह्लहमने आरसीबी के बारे में और हम फ्रेंचाइजी को कहां ले जाना चाहते हैं, इसके बारे में बात करने में काफी समय बिताया। मुझे लगता है कि यह हमेशा महत्वपूर्ण होता है कि आप अपना होमवर्क करें और सुनिश्चित करें कि आप हर क्षेत्र को देखें और उस पर बात करें।

### आईपीएल 2024 के लिए आरसीबी की पूरी टीम

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** फाफ डू प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर (एसआरएच से), विजयकुमार वैश्य, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन (एमआई से)।

### आईपीएल 2024 की नई खरीद

नई खरीद अल्जारी जोसेफ (11.50 करोड़ रुपये), यश दयाल (5 करोड़ रुपये), टॉम करेन (1.5 करोड़ रुपये), लॉकी फर्ग्यूसन (2 करोड़ रुपये), स्वप्निल सिंह (20 लाख रुपये), सौरव चौहान (20 लाख रुपये)

# सौम्य सरकार ने वन डे में तोड़ा सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड



**एजेंसी। नेल्सन**

बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने बुधवार को नेल्सन में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सौम्य ने 151 गेंदों पर 111.92 की स्ट्राइक रेट से 169 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कीवी गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ 22 चौके और 2 छक्के लगाए। इसके साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 वर्षीय खिलाड़ी की पारी ने उन्हें न्यूजीलैंड में उपमहाद्वीप के एक खिलाड़ी द्वारा एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक रनों के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 2009 में 'मास्टर ब्लास्टर' ने क्राइस्टचर्च में कीवी टीम के खिलाफ नाबाद 163 रन की पारी खेली थी। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में किसी विदेशी मैदान पर बांग्लादेशी क्रिकेटर द्वारा सर्वाधिक रन का भी रिकॉर्ड बनाया। मैच की बात करें तो सैक्सटन ओवल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सौम्य सरकार (151 गेंदों पर 169 रन) और विकेटकीपर मुशफिकुर रहीम (57 गेंदों पर 45 रन) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 'बंगाल टाइगर्स' ने 291 रन बनाए। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी और विलियम ओ'रूर्के ने अपने-अपने स्पैल में तीन-तीन विकेट हासिल किये, एक-एक विकेट लिया।

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराया, शृंखला 1-1 से बराबर

**एजेंसी। गकेबरहा**

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को 8 विकेट से मात दी है। इस जीत से साथ मेजबान टीम ने श्रृंखला में एक-एक की बराबरी कर ली है। भारत की ओर से मिले 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम ने सधी शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज रीजा हैंड्रिक्स और टोनी डी जोर्जी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े। तभी हैंड्रिक्स 52 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रेसी वान डर डुसे ने टोनी का उम्दा साथ देते हुए 76 रन की साझेदारी निभाई। डुसे ने 36 रन की पारी खेली। वहीं दूसरे छोर पर युवा बल्लेबाज टोनी डी जोर्जी ने शानदार शतक लगाया और 119 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने एडन मार्कराम के साथ मिलकर टीम को 45 गेंद पहले ही जीत दिला दी। भारत की तरफ से अर्शदीप और रिंकू सिंह को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया 211 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ एक बार फिर बड़ा स्कोर बनाने से चूक गए और 4 रन बनाकर आउट हो गए।

### हमें गिल पर भरोसा है इसलिए उन्हें कप्तान बनाया गया है: नेहरा

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि फ्रेंचाइजी शुभमन गिल के नेतृत्व गुणों में विश्वास करती है, यही वजह है कि यह सलामी बल्लेबाज अब आईपीएल 2024 सीजन से पहले टीम का कप्तान होगा। शुभमन गिल को हार्दिक पांड्या के बाद जीटी का कप्तान बनाया गया था। नेहरा ने कहा, आईपीएल एक आक्रामक खेल है और यह सभी के लिए चुनौतियां पेश करता है, यहां तक कि उन लोगों के लिए भी जो सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं। हमने देखा है कि शुभमन गिल तीन-चार साल से कैसे खेल रहे हैं और कैसे उन्होंने खुद को तैयार किया है।

## एसजीएफआई राज्य स्तरीय अंडर 19 बालिका क्रिकेट ट्रायल 24 को

**एजेंसी। रांची**

स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर 19 बालिका स्कूली क्रिकेट ओपन ट्रायल 24 दिसंबर 2023 को स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी चुटिया रांची में सुबह 9:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस चयन ट्रायल के माध्यम से 9 से 11 जनवरी तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंडर-19 बालिका क्रिकेट टीम झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

### ट्रायल के लिए आवश्यक सूचनाएं

1 ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों का जन्म 01-01-2005 अथवा इसके बाद का होना चाहिए।

2 ट्रायल में सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के छात्र भाग ले सकते हैं।

3 ट्रायल हेतु एलिजिबिलिटी फॉर्म में फोटो और नीचे प्रधानाध्यापक या प्रभारी का सिग्नेचर दोनों जगह होना अनिवार्य है।

4 एलिजिबिलिटी फॉर्म के अलावा आधार कार्ड और बोनाफाइड सर्टिफिकेट भी लाना अनिवार्य है।

### आईपीएल में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों का चयन

**रायपुर।** आईपीएल में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों हरप्रीत सिंह, शशांक सिंह और अजय मंडल का चयन किया गया है। पंजाब किंग्स ने हरप्रीत सिंह भाटिया को 40 लाख रुपये में रिटेन किया है, वहीं शशांक सिंह को 20 लाख में तथा अजय मंडल को चेन्नई ने 20 लाख में रिटेन किया है। राजनंदगांव के अजय मंडल चेन्नई सुपर किंग्स से खेलते नजर आएंगे। पिछले वर्ष हुए आक्शन चेन्नई ने अजय को उनके बेस प्राइज पर खरीदा था। रणजी ट्राफी में अजय ने इस वर्ष जबरदस्त प्रदर्शन किया है ।

## महिला-पुरुष मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन



**एजेंसी। रांची**

पर्यटन ,कला ,संस्कृति ,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न। स्वागत भाषण जिला खेल पदाधिकारी रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने किया। जबकि आगन्तुको का स्वागत वरीय प्रशाखा पदाधिकारी मनोज पासवान ने किया। जबकि फाइनल मैच एवं समापन समारोह में मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। समापन समारोह के अवसर पर स्वागत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ओरमांझी के छात्राओं ने सभी अतिथियों का स्वागत बैंड डिस्प्ले के धुन के साथ मुख्य मंच तक लाये एवं मैदान में धुन पर की आकर्षक प्रस्तुति पेश की। तत्पश्चात स्वागत नृत्य आर्टिस्ट धुन पर नियमित योग करे,निरोग रहे₹ थीम पर योग प्रदर्शन के माध्यम से स्कूल आफ योगा, रांची विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## व्यापार

# सिंधिया ने सभी हवाईअड्डा संचालकों के पूंजीगत व्यय लक्ष्य की समीक्षा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय उड्डयन मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हवाईअड्डा संचालकों के साथ एक सलाहकार समूह की बैठक की और उन्हें यात्रियों के लिए एक सहज और समय बचाने वाली यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए सभी संभावित उपायों को लागू करने का आश्वासन दिया। आगामी छुट्टियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए मंत्री ने मंगलवार की बैठक में हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ को रोकने के महत्व पर जोर दिया। एक अधिकारी ने कहा, ह्लचर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय मैनुअल से डिजिटल चेक-इन और प्रवेश द्वार प्रक्रियाओं में रूपांतरण दर को बढ़ाने, परेशानी मुक्त और तेज यात्री आंदोलन सुनिश्चित करने के लिए ह्यडिजीयात्राह्न का प्रचार था।ह्व वर्तमान में, यह सुविधा घरेलू यात्रियों के लिए लखनऊ, मुंबई, अहमदाबाद, कोच्चि, जयपुर, गुवाहाटी, दिल्ली, बेंगलुरु, वाराणसी, विजयवाड़ा, पुणे, हैदराबाद और कोलकाता के हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। चर्चा के दौरान, प्रस्थान और आगमन दोनों पर अंतर्राष्ट्रीय यात्री पहुंच के लिए 'डिजीयात्रा' को एकीकृत करने का सुझाव भी सामने रखा गया। अधिकारी ने कहा, सर्वोत्तम प्रथाओं का पता लगाने के लिए हवाईअड्डा संचालकों को अन्य देशों में



सफलतापूर्वक उपयोग किए जा रहे बायोमेट्रिक सक्षम मॉडल पेश करने का भी काम सौंपा गया।₹ मंत्री ने सभी हवाईअड्डा ऑपरेटरों के पूंजीगत व्यय लक्ष्य की समीक्षा की, और इसे तीसरी तिमाही में प्राप्त वास्तविक आंकड़ों के साथ संरेखित किया। बैठक में जीएमआर एयरपोर्ट्स, अदानी एयरपोर्ट्स, बीआईएएल, कोचीन एयरपोर्ट और भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण सहित सभी हवाईअड्डा संचालकों ने भाग लिया। नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम, बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन, डीजीसीए के महानिदेशक विक्रम देवदत्त और मंत्रालय के अन्य संयुक्त सचिव तथा वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### मुंबई बिजनेसमैन कपल ने स्पाइसजेट में 1,100 करोड़ का निवेश किया

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और विकास को गति देने के लिए एक रणनीतिक कदम में, मुंबई स्थित व्यवसायी हरिहर महापात्रा और उनकी पत्नी प्रीति ने एयरलाइन में 1,100 करोड़ रुपये के बड़े निवेश की घोषणा की है। एयरलाइन द्वारा स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में ये बात बताई गई है, इस अधिग्रहण से दंपति को स्पाइसजेट में 19 प्रतिशत हिस्सेदारी मिल गई है। निवेश योजना में तीन प्रतिशत हिस्सेदारी वाले एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड और अधिकार के रूपांतरण के माध्यम से आठ प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने वाली एलारा कैपिटल की भागीदारी शामिल है। इससे पहले, स्पाइसजेट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने सर्वसम्मति से 2,250 करोड़ रुपये से अधिक की नई पूंजी डालने को मंजूरी दी थी। इस कदम में वित्तीय संस्थानों, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई), बड़ी आय वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और निजी निवेशकों को इक्विटी शेयर जारी करना शामिल है।

### केंद्र को सीपीएसई से लाभांश के रूप में 26,644 करोड़ मिले

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार को चालू वित्त वर्ष के दौरान 4 दिसंबर तक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) से लाभांश प्राप्ति के रूप में 26,644 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें कहा गया है कि सीपीएसई द्वारा लाभांश भुगतान पिछले तीन वर्षों में बढ़ रहा है। यह 2020-21, 2021-22 और 2022-23 में संशोधित बजट अनुमान से अधिक हो गया है। ओएनजीसी, ऑयल इंडिया, एनटीपीसी और कोल इंडिया जैसे सीपीएसई द्वारा बढ़ते लाभांश भुगतान से सरकारी राजस्व बढ़ाने और राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिली है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को संसद को बताया कि केंद्र सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.9 प्रतिशत के अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर आश्वस्त है।

## ओएनडीसी और मेटा ने साझेदारी की घोषणा की



**एजेंसी। रांची**

ओएनडीसी और मेटा ने छोटे व्यवसायों को डिजिटल कॉमर्स का लाभ उठाने में मदद करने के लिए साझेदारी की है। इस साझेदारी से छोटे व्यवसायों को व्हाट्सएप पर खरीदारी और बिक्री करने में मदद करेगी। मेटा अपने व्यापार और तकनीकी समाधान प्रदाताओं के इकोसिस्टिम के माध्यम से छोटे व्यवसायों को प्रशिक्षित और सक्षम करेगा। ओएनडीसी इन व्यावसायिक समाधान प्रदाताओं को सेलर एप्स बनने में मदद करेगा, ताकि वे अपने ग्राहकों को ओएनडीसी नेटवर्क पर ला सकें। इस साझेदारी की शुरूआत में अगले दो वर्षों में मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी के माध्यम से पांच लाख एमएसएमई को डिजिटली प्रशिक्षित और सशक्त बनाएगा। देश भर में 10 मिलियन छोटे व्यवसायों को कौशल प्रदान करने की प्रतिबद्धता के मुताबिक मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी उद्यमियों और मार्केटर्स को मेटा एप्स पर आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग कौशल हासिल करने में सक्षम बनाते हुए सर्टिफिकेशन की सुविधा प्रदान करता है।

## वित्त वर्ष 2024 में बीमा की तैयारी

# बचत को छेड़े बिना आर्थिक रूप से मजबूत बनें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हम सभी आर्थिक रूप से मजबूत होना चाहते हैं। ऐसा करने की कुंजी अनुशासन है। अनुशासन व्यवस्थित रूप से और लंबी अवधि के लिए निवेश करने के बारे में है, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह हमारे निवेश की सुरक्षा के बारे में भी है। कुछ इमरजेंसी हो सकती हैं और इसके कारण या तो उस महीने निवेश करने में सक्षम नहीं हो सकते, या इससे भी बदतर, हमें उन अप्रत्याशित खर्चों को पूरा करने के लिए कुछ निवेशों को बंद करना पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हम ऐसी किसी भी परिस्थिति में अपनी निवेश योजना की रक्षा करें। इसलिए, किसी को बीमा को केवल साधारण सुरक्षा की बजाय निवेश रणनीति के एक हिस्से के रूप में देखना चाहिए। जब हम बीमा को ₹खर्च₹ की बजाय एक रणनीतिक निवेश के रूप में देखते हैं, तो हमें अनिश्चितताओं, आपात स्थितियों या स्वास्थ्य देखभाल खर्चों के सामने अपनी बचत को खत्म नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि हम पहले से ही बीमा के दायरे में हैं। इसलिए, एक सर्वांगीण वित्तीय योजना के लिए तैयारी महत्वपूर्ण है। जब हम तैयार होते हैं, तो धन निर्माण और बीमा खरीदने पर केंद्रित निवेश साथ-साथ काम कर सकते हैं, बिना किसी की वृद्धि में बाधा डाले। स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर 80डी और 80सी के तहत कर लाभ भी मिलता है। उदाहरण के लिए, कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न हालिया वैश्विक संकट जोखिम शमन और ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खिलाफ सुरक्षात्मक उपाय के रूप में बीमा के सही मूल्य का एक प्रमाण है। कई व्यक्तियों को अपने वित्तीय लक्ष्यों में व्यवधान का अनुभव हुआ क्योंकि इस दौरान स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती लागत का प्रबंधन करने के लिए उन्हें अपनी सेविंग्स तोड़नी पड़ी। लेकिन जिनके पास स्वास्थ्य और जीवन बीमा था, वे तूफान का सामना करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार थे।



### वित्त वर्ष 2024 में सही से सुरक्षा जाल तैयार करना

क्या आप जानते हैं कि भारत में, बैंकों में भौतिक संपत्तियों और सावधि जमाओं के लिए पारंपरिक प्राथमिकता धीरे-धीरे म्यूचुअल फंड और स्टॉक जैसी वित्तीय संपत्तियों में निवेश की ओर स्थानांतरित हो गई है क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स द्वारा रिपोर्ट किया गया यह एक उल्लेखनीय बदलाव है। दिलचस्प बात यह है कि यह प्रवृत्ति शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी में परिलक्षित होती है, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में डीमैट खातों में साल-दर-साल 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो अगस्त 2023 तक 12.7 करोड़ तक पहुंच गई है। हालांकि ऐसी वित्तीय आकांक्षाओं में स्पष्ट वृद्धि हुई है, लेकिन कई लोग अपनी समग्र निवेश रणनीति में एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में बीमा को नजरअंदाज करते हैं।


### भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी, पड़ोसी और पश्चिमी देशों में बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2021 और नवंबर 2023 के बीच भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आई है, लेकिन पड़ोसी और पश्चिमी देशों में बढ़ गई है। ग्राफ बताते हैं कि नवंबर 2021 से नवंबर 2023 के बीच भारत में पेट्रोल की कीमत में 11.82 फीसदी और डीजल की कीमत में 8.94 फीसदी की गिरावट आई। दूसरी ओर, पड़ोसी देश श्रीलंका में पेट्रोल की कीमत 54.32 फीसदी और पाकिस्तान में 41.24 फीसदी बढ़ गई। अमेरिका, कनाडा और यूके में भी पेट्रोल की कीमत 9.32 प्रतिशत, 7.3 प्रतिशत और 11.36 प्रतिशत अधिक है। डीजल के मामले में, श्रीलंका में कीमत 110.24 प्रतिशत बढ़ी, जबकि पाकिस्तान में यह 53.55 प्रतिशत तक बढ़ी। नवंबर 2021-नवंबर 2023 के बीच अमेरिका में डीजल की कीमत 27.59 प्रतिशत, यूके में 9.92 प्रतिशत और जर्मनी में 11.36 प्रतिशत बढ़ गई।

## अगले पांच साल में अमेरिका के बराबर होगा भारत का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर : गडकरी

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

अगले पांच वर्षों के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के लक्ष्य को लेकर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महानगरों में भीड़ कम करने और यात्रा के समय और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के अलावा हमने अपने सड़क बुनियादी ढांचे को अमेरिका के बराबर बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। पिछले नौ वर्षों में देश की सड़कों को सुरक्षित और स्मार्ट बनाने के मिशन मोड में गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए काम सौंपा है। मौजूदा नीतियों में सुधार करके अनुबंधों को मंजूरी देने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया है। उन्होंने मनोरमा ईयरबुक 2024 में प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा, "किसी भी ठेकेदार को ठेका स्वीकृत कराने के लिए मेरे पास आने की जरूरत नहीं है। हम निर्णय लेने में पारदर्शी, समयबद्ध परिणामोन्मुख और



गुणवत्ता के प्रति जागरूक और तेज हैं। हम अच्छे काम को प्रोत्साहित करते हैं और यही कारण है कि हमारे पास सात विश्व रिकॉर्ड हैं। यह मंत्रालय की बड़ी उपलब्धि है।" गडकरी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच साल बाद हमारा सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर हो जाएगा। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत को नंबर एक बनाने को लेकर उन्होंने कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग हाल ही में जापान को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, हमारा उद्योग 7.5 लाख करोड़ रुपये का है और राज्यों और केंद्र सरकार को अधिकतम जीएसटी इसी क्षेत्र से मिलती है।

### रिकॉर्ड तेजी के बाद धड़ाम हुआ बाजार, सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,610 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त उतार-चढ़ाव का गवाह बना। आज के कारोबार की शुरूआत रिकॉर्ड मजबूती के साथ हुई थी। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही शेयर बाजार और मजबूत होकर नए शिखर तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.30 प्रतिशत और निफ्टी 1.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। रिकॉर्ड मजबूती के बाद मुनाफावसूली का दबाव बन जाने की वजह से बाजार के दोनों सूचकांक बुरी तरह से टूट गए। सेंसेक्स 72 हजार अंक के स्तर के करीब पहुंचने के बाद 1,600 अंक से भी अधिक टूट कर 70,300 अंक के करीब पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 21,600 अंक के करीब पहुंचने के बाद 500 अंक से अधिक लुढ़क कर 21,100 अंक से भी नीचे पहुंच गया। आज के कारोबार में बाजार में चौतरफा बिकवाली नजर आई। पावर, मेटल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही।

## एक नजर

### संत गाडगे का 67वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

हुसैनाबाद । हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला धरहरा स्थित आवास पर संत गाडगे बाबा का 67वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया. मौके पर संत गाडगे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि संत गाडगे बाबा एक व्यक्ति नहीं बल्कि विचार थे. उनके द्वारा किए गये जनहित कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता. उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के लिए न्यौछावर कर दिया. संत गाडगे आज ही के दिन 20 दिसंबर 1956 को पंचतत्व में विलीन हुए थे. मौके पर समाजसेवी जयश्री बैठा, श्रावण रजक, जनेश्वर बैठा, सेवा निवृत शिक्षक जगदीश बैठा, उमेश बैठा, दीपक कुमार मेहता, गुड्डू रजक, शशि रंजन, रामप्रसाद बैठा, रामसेवक विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

### विधिक सेवा प्राधिकार ने बांटे कंबल, गरीबों के चेहरे खिले

**लातेहार ।** पड़ रही कड़ाके के ठंड को देखते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देश पर मंगलवार रात्रि में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ण्वं अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार ने लातेहार के विभिन्न चौक चौराहा, रैन बसेरा एवं रेलवे प्लेटफार्म में जरूरतमंद व असहाय लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया. सचिव स्वाति उपाध्याय ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर रहने वाले जरूरतमंदों की सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार हमेशा तत्पर है. जिले के वैसे जरूरतमंद लोग जो लाचार, बेबस व गरीब हैं और इस कड़ाके की ठंड में ठिठुरने के लिए विवश हैं, उन्हें चिन्हित कर कबंलो का वितरण किया जा रहा है. एसडीजेएम मिथिलेश कुमार ने कहा कि गरीबों को मदद करना एक बड़ा पुनित कार्य है।

### 100 यूनिट फ्री बिजली योजना का लाभ उठाने के लिए मीटर को करें दुरूस्त

**लातेहार ।** लातेहार विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मो. शमशाद आलम ने झारखंड सरकार की 100 यूनिट फ्री बिजली योजना का लाभ उठाने के लिए वैध मीटर लगाये. वहीं अगर मीटर खराब हो गयी है तो उसे दुरूस्त करें. उन्होंने कहा कि वैध बिजली मीटर नहीं होने से आपको इस योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा. कार्यपालक अभियंता ने नियमित बिजली बिल भरने की भी अपील की. कहा कि लंबित बिजली बिल नहीं भरने पर बिजली कनेक्शन काट दिया जायेगा और सर्टिफिकेट केस कर कुर्की की कार्रवाई भी की जायेगी. उन्होंने कहा कि अगर चोरी या बाइपास कर बिजली जलाते पकड़े जाने पर भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने कहा कि आप नजदीकी एटीपी काउंटर या बिजली विभाग में आकर बकाया बिल जमा कर सकते हैं. इसके अलावा नियमित अंतराल में बिजली राजस्व संग्रहण शिविर भी लगाये जाते हैं, जिसमें आप बिजली बिल जमा कर सकते हैं।

# डोर स्टेप डेलिवरी नहीं करने वाले गोदाम प्रबंधक पर होगी कार्रवाई

**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को आपूर्ति विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लुंगी वितरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पाया कि पाटन व नावाबाजार में शत प्रतिशत धोती-साड़ी-लुंगी का वितरण नहीं किया गया है।

इसपर उपायुक्त ने नाराजगी प्रकट करते हुए आपकी योजना-आपकी सरकारी-आपके द्वार के शिविर में वितरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह समय से राशन का डीएसडी (डोर स्टेप डेलिवरी) नहीं करने को लेकर डीसी ने डीएसओ को छतरपुर के सहायक गोदाम प्रबंधक पर कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जनसेवक जो एमओ के चार्ज में है उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु व सभी एमओ को जिले में पूरे सप्लाई चेन को दुरूस्त करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी परिवार समय से राशन मिले, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिले में शत- प्रतिशत आधार सीडिंग करवाने पर भी बल दिया। इसमें पांकी व मनातू को विशेष ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर सभी एजीएम व एमओ सहित एफसीआई के अकाउंटेंट पंकज तिवारी व आपूर्ति विभाग के अंजय पांडेय उपस्थित थे।

समाहरणालय में आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त



### सड़क जागरूकता अभियान चला, 25 वाहन किए गए जब्त

**खरौंधी।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर एमविआई रामबली यादव तथा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। मंगलवार की शाम थाना के समीप एमविआई रामबली यादव ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लगभग 25 वाहन जब्त किए। इस दौरान लगभग दो लाख के राजस्व की वसूली की गई। जिस चालक के पास ड्राइवरी लाइसेंस नहीं था उसका ऑनलाइन चालान किया गया। चालान के बाद वाहन को छोड़ दिया जा रहा था। ऑनलाइन चालान की राशि को 15 दिनों के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एमवीआई रामबली यादव ने बताया कि राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर काफी सजग है। इसी कड़ी में जिले के कई स्थानों पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से वाहनों जांच की जा रही है ताकि लोग सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छोटे बड़े वाहनों का संचालन करना सूचित करें।

### मासिक बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिये निर्देश

# 25 दिसंबर तक बीएलए की नियुक्ति कर लें प्रखंड अध्यक्ष




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस जिला कार्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्षों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देशित किया कि 25 दिसंबर तक सभी अपने-अपने प्रखंडों में बूथ लेवल एजेंटों की हर हाल में नियुक्ति कर लें। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 28 दिसंबर को कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर जिले के समर्पित व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को वर्तमान में चल रहे प्रदेश सरकार के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभाग करते हुये जनसमस्याओं के निराकरण के प्रति मुखर रहने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। मौके पर ओमप्रकाश अमन, नसीम खान, जितेंद्र कमलापुरी, सिद्धनाथ गुप्ता, चिंतामणि तिवारी, इंदु भगत, मुन्ना खान,संजू देवी, संगीता देवी, विश्वनाथ साहू, रोशन पासवान मौजूद रहे।

### आयुक्त ने की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

# लंबित प्रपत्रों का करें निष्पादन : आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक दशरथ चंद्र दास ने अपने कार्यालय में पदाधिकारियों संग बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत चल रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पलामू प्रमंडल अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त दावा-आपत्ति संबंधी प्रपत्रों की प्राप्ति एवं निष्पादन के संबंध में विशेष जानकारी लेकर लंबित प्रपत्रों को यथाशीघ्र निष्पादित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को कार्यो की नियमित समीक्षा करते हुए कार्यो को ससमय निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, पलामू की प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, गढ़वा के उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार एवं लातेहार के प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी मो. परवेज आदि उपस्थित थे।

### झामुमो ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

हुसैनाबाद : हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में स्थानीय झामुमो नेताओं ने गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया. इस मौके पर झामुमो नेता ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में गरीब कैसे रात गुजारते हैं, इस पीड़ा को महसूस कर उन लोगों से रहा नहीं गया. उन्होंने असहाय व गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर उन्हें थोड़ी राहत देने का काम किया है. उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा कभी बेकार नहीं जाती. गरीबों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता है. इसी भावना का ख्याल रखते हुए उनलोगों ने कड़ाके की ठंड में गरीबों को कंबल देने का काम किया है. झामुमो नेताओं ने अपील करते हुए कहा कि संपन्न लोगों को अपनी आर्थिक क्षमता एवं सामर्थ्य के अनुसार असहाय व गरीबों की सहायता करनी चाहिए. मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय सचिव डॉ.एजाज आलम, 15 सूत्री अल्पसंख्यक कार्यक्रम समिति के सदस्य नेहाल असगर, मुन्ना कुमार देव, सद्दाम और डबली समेत कई लोग मौजूद थे.

# गुरुद्वारे में दर्शन के लिए रखा गया राम जन्म भूमि में पूजित अक्षत



**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

अयोध्या में नव निर्मित श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्मावलंबियों को सहभागी बनाने के लिए श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से प्राप्त पूजित अक्षत कलश को मेदनी नगर के विभिन्न धर्म स्थलों में श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए विश्व हिंदू परिषद पलामू के द्वारा बारी बारी से क्रमशः रखा जा रहा है। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज अक्षत कलश को नामधारी गुरुद्वारा नावाटोली में श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए रखा गया। अक्षत कलश आज से शुक्रवार पूर्वाह्न 11.00 बजे तक इसी गुरुद्वारा में रहेगा। तत्पश्चात इसे किसी दूसरे धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए रखा जाएगा। आज के कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला संरक्षक माननीय सोनू सिंह नामधारी, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलो पासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, रवि तिवारी, राजा जी, मनीष जी, महेश जी उर्फ लालटू जी और राकेश सिंह आदि की सहभागिता रही।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष की सजा

**लातेहार।** न्यायाधीश, पोक्सो एक्ट अमित कुमार की अदालत ने अभियुक्त राजेश उरांव उर्फ विपिन पासवान के मामले की सुनवाई करते हुए आरोप को सत्य पाया. स्पेशल पोक्सो अभियोजन पदाधिकारी अशोक कुमार दास के अनुसार गत 17 जनवरी 2020 को लातेहार थाना में प्राथमिक दर्ज की गई थी. इसमें बताया गया था कि पीड़िता के साथ चार माह पूर्व आरोपी ने खुखड़ी चुनने के बहाने जंगल में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया था. अशोक कुमार दास ने अदालत में कुल 10 गवाहों को पेश किया. गवाही के दौरान पाया गया कि पीड़िता दुष्कर्म के बाद गर्भवती हो गई थी. बाद में वह बच्चे को भी जन्म दिया. अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषी को 25 वर्ष सश्रम कारावास और 25000 रूपया जुमार्ना भुगतान करने का आदेश दिया. अदालत ने जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा दी है।

# ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप

**आरएनएम संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के पांडेयपूरा गांव में पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क निर्माण में व्यापक अनियमितता का आरोप लगाया है. ग्रामीणों का कहना है कि पीसीसी ढलाई में प्राक्कलन के अनुसार निर्माण सामग्रियां नहीं दी जा रही है. छरी व बालू की मात्रा अधिक है. जबकि सीमेंट प्राक्कलन के अनुसार नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यह अति महत्वपूर्ण पथ है. यह सड़क पांडेयपूरा को पतरातू व बालूमाथ तथा जिला मुख्यालय से जोड़ता है. काफी वर्षों की मांग के बाद सड़क का निर्माण कराया जा रहा है. यदि सड़क गुणवत्तापूर्ण नहीं बनेगी तो इसका कोई औचित्य नहीं रहेगा। अगर छह महीना और एक साल में पीसीसी टूट रहा तो ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी होगी।



#### गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी

बता दें कि ग्रामीण कार्य विभाग, लातेहार के द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कुल पांच फेज में लातेहार शहर के पानी टंकी के पांडेयपूरा बस्ती में इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है. सड़क कालीकरण व पीसीसी दोनो होगी. पांडेयपूरा बस्ती में सड़क पीसीसी की जा रही है. स्थानीय लोगों ने सड़क की गुणवता की जांच कराने की मांग उपायुक्त से की है।

### हत्यारोपी भीम खरवार को सश्रम आजीवन कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के षष्टम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमरेश कुमार की अदालत ने हत्या के आरोपी रोहतास जिला के अमझौर थाना अंतर्गत चितौली बालपर निवासी भीम खरवार को हत्या के एक मामले में सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वही 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी इस मामले में शहर थाना अंतर्गत रेड़मा झरना टोली निवासी लखन खरवार ने भीम खरवार व अन्य दो लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी शहर थाना में दर्ज करायी थी । सूचक की मृत्यु के बाद धारा 302 जोड़ा गया था। इस मामले में सूचक का आरोप था कि दिनांक 26 जुलाई 2013 को रात्रि 11बजे इस केस के अन्य अभियुक्त के साथ मिलकर पलामू जिला के सदर डाल्टनगंज थाना अंतर्गत ग्राम रेडमा रांची रोड भगवती अस्पताल के पास स्थित इस केस के सूचक लखन खरवार के घर में पुरानी दुश्मनी के कारण घुस गए।

# खेल की दोस्ताना परिपाटी को अपनाए राजनीति : नामधारी

### पलामू कप में खान एकादश को हरा फाइनल में पहुंची डीसीसी, मैन ऑफ द मैच बने गोला

**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पलामू कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाली डाली क्रिकेट क्लब पहली टीम बनी। इस टूनार्मेंट के नेतृत्वकर्ता अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष विनायक ने बताया पहले सेमीफाइनल मुकाबले में डीसीसी ने खान 11 को 3 रन से हराकर टुनार्मेंट से बाहर कर दिया। अंतिम गेंद तक दर्शक रोमांच से भरे रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रथम विधानसभाध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने मैन ऑफ द मैच 29 रन के साथ 2 विकेट लेने वाले गोला को दिया। 23 दिसंबर को साढ़े ग्यारह बजे से होने वाले फाइनल मुकाबले में डीसीसी ने जगह बनाई वहीं सॉल ट्रेकर्स और



बीडी फिटनेस के बीच सेमीफाइनल का दूसरा मुकाबला गुरूवार को होगा। मौके पर नामधारी जी ने कहा कि युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने जीएलए कॉलेज ग्राउंड में आमंत्रित कर बचपन की यादें ताजा कर दी। खेल जीत और हार के बाद हाथ मिलाकर दोस्ताना रिश्ता निभाने का संदेश देता है। खेल के समान ही राजनीति की परिपाटी होती तो भारत की राजनीति विकसित दिखाई पड़ती। खेल समाज और भविष्य दोनों के लिए कारगर है। झामुमो युवा मोर्चा के पलामू के युवाओं की पहल प्रशंसनीय है। मौके पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष सिंह देव ने अवस्था को देखते हुए इंदर सिंह नामधारी की मौजूदगी पर हर्ष जताया। साथ ही कहा कि आयोजन की सफलता राजनीति, व्यवसायिक, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्रों से लोगों का साथ मिलना सफलता का प्रमाण है। और झारखंड की झामुमोनीत सरकार की खेल एवं खेल प्रतिभा को निखारने की कोशिश को ऊंचा मुकाम मिल रहा है।

## धर्म-कर्म

### कार्यक्रम में गढ़वा के अलावा मेराल, बाना, लगमा, बघौता के लोग हुए शामिल

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ पर झूमते रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

लातदाग शिवनंदन पेट्रोल पंप परिसर में मंगलवार की रात्रि गढ़वा के मानस मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। इस दौरान कड़ाके के ठंड में भी लोग झूमते एवं थिरकते नजर आए। मानस मंडली के मुख्य गायक अरुण दुबे सह गायक आत्मा पांडे, बृजेश पांडे, अमरेंद्र कुमार मिश्र, मंडली के संयोजक के द्वारिका नाथ पांडे, अशोक पटवा के नेतृत्व में मानस मंडली के लोगों द्वारा सभी प्रकार का विघ्न, बाधा, दरिद्रता तथा नकारात्मक शक्तियों को दूर कर सकारात्मक शक्ति का प्रवाह करने, सुख, शांति समृद्धि एवं सभी प्रकार के मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला सुंदरकांड का सस्वर संगीतमय पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। यह कार्यक्रम अयोध्या दुबे के सुपुत्र अजय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना दुबे के ने अपने पेट्रोल पंप स्थित आवास पर कराया।



कार्यक्रम की शुरुआत मुन्ना दुबे,अनुराग द्विवेदी शिवांगी कुमारी एवं उनके परिवार के लोगों द्वारा राम दरबार एवं हनुमंतला के पूजा अर्चना के साथ किया किया गया। कार्यक्रम में गढ़वा के अलावे मेराल, बाना, लगमा,बघौता से बड़ी संख्या में मानस प्रेमी शामिल हुए थे। मंडली के मुख्य गायक अरुण कुमार दुबे संरक्षक द्वारकानाथ पांडे ने कहा कि सनातन की रक्षा तथा जन कल्याण के लिए विगत वर्षों से अनवरत मानस मंडली निशुल्क तथा पूर्ण समर्पण के साथ प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ करती रही है। लोगों ने कहा कि हम लोगों का संकल्प है कि यह कार्यक्रम भविष्य में भी अनवरत चलता रहे जिससे लोग लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम में शेखर सिन्हा, दिलीप श्रीवास्तव, रघुपत सिंह, अशोक पटवा राजनाथ दुबे, आनंद मिश्र, चंद्रशेखर दुबे, बृजमोहन प्रसाद हरिचरण ठाकुर आदि मौजूद थे।

# अपने हक -अधिकार के लिए एकजुटता जरूरी : बलियावी



**आरएनएम संवाददाता। पलामू**

एदार-ए-शरिया जागृति आंदोलन व समाज सुधार सम्मेलन का आयोजन बुधवार को डालटनगंज के ईदगाह मैदान में किया गया। मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना गुलाम रसूल बलियावी ने कहा कि अपने हक व अधिकारों के लिए जागरुकता और एकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि एदारा ए शरिया पटना की मुहिम से एक एक अल्पसंख्यक को जुड़कर अपने हक व अधिकार के लिए संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने मुसलमानों को भी दहेज समेत अन्य कुरीतियों को छोड़ने की हिदायत दी। कार्यक्रम में अन्य उलेमाओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में केंद्र व राज्य सरकार से मांग संकल्प पारित हुआ। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिसमें दहेज को रोकना, शादी में फिजूलखर्ची से बचना, शादी व अन्य आयोजनों में डीजे बजाने व डांस से दूर रहना, रोजा नमाज अदा आवश्यक है।

## पेज एक के शेष

### माननीय, मिमिक्री करेंग...

माध्यम से पूरे विश्व में फैलता है वह चिंताजंक है। ऐसा ही रवैया न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों के प्रति भी अपनाया हुआ है। कोई फैसला अपने मन मुताबिक नहीं आये तो न्यायपालिका पर सवाल उठा देना, चुनाव हार गये तो ईवीएम पर सवाल उठा देना, नोटिस मिल जाये तो आयकर विभाग या ईडी पर सवाल उठा देना और पूछताछ के लिए बुला लिया जाये तो सीबीआई पर राजनीतिक हमला कर देना आम है। सांसद व विधायक सदन में जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह समाज में बहस का स्तर तय करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे इस प्रकार चर्चा करें जो न केवल बहस की गुणवत्ता बढ़ाए बल्कि हमारी विधायी संस्थाओं का गौरव भी बढ़ाए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## विपक्षी सांसदों के निलंबन पर बोलीं सोनिया गांधी

# लोकतंत्र का गला घोंटा गया, मोदी-शाह पर साधा निशाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को संसद से 141 सांसदों के निलंबन को लेकर केंद्र की भाजपा नीत सरकार की आलोचना की और कहा कि लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया है। साथ ही उन्होंने 'इतिहास को विकृत करने' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना भी की। गांधी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसे महान देशभक्तों को बदनाम करने के लिए इतिहास को विकृत करने और ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की आलोचना की। कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की आम सभा की बैठक में पार्टी सांसदों को संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, "इस सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है।" उन्होंने कहा कि इससे पहले कभी भी संसद के इतने सारे विपक्षी सदस्यों को निलंबित नहीं किया गया था और वह भी सिर्फ एक उचित और वैध मांग उठाने के लिए। कांग्रेस नेता ने कहा, संसद के विपक्षी सदस्यों ने 13 दिसंबर की असाधारण घटनाओं के बारे में लोकसभा में गृह मंत्री के बयान देने की मांग की थी। इस अनुरोध को जिस अहंकार के साथ लिया गया उसका वर्णन करने के लिए कोई शब्द नहीं हैं। 13 दिसंबर को जो हुआ वह अक्षम्य है और इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है। प्रधानमंत्री को राष्ट्र को संबोधित



करने और घटना पर अपने विचार व्यक्त करने में चार दिन लग गए, और उन्होंने ऐसा संसद के बाहर किया। मैं यह कल्पना आप पर छोड़ती हूं कि अगर भाजपा आज विपक्ष में होती तो क्या प्रतिक्रिया देती।

सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि इस सत्र में जम्मू-कश्मीर से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए हैं। उन्होंने कहा, जो लोग (पंडित) जवाहरलाल नेहरू जैसे महान देशभक्तों को बदनाम करने के लिए इतिहास को विकृत करते हैं और ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ते हैं, वे लगातार अभियान चला रहे हैं। इन प्रयासों का प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने स्वयं नेतृत्व किया है, लेकिन हम डरेंगे नहीं। हम सच बोलने पर कायम रहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा तुरंत बहाल करने और जल्द से जल्द चुनाव कराने की माँग की। उन्होंने कहा कि लद्दाख के लोगों की आकांक्षाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, उन्हें संबोधित किया जाना चाहिए और वह सम्मान दिया जाना चाहिए जिसके वे हकदार हैं।




### निलंबित सांसदों ने संसद भवन परिसर में किया प्रदर्शन

संसद के दोनों सदनों से निलंबित किए गए सांसदों ने बुधवार को संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह आईएनडीआईए घटक दलों के सांसदों ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ संसद भवन परिसर में उनके दफ्तर में बैठक की। उसके बाद परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के सामने सभी निलंबित सांसदों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संसद से विपक्षी सांसदों का निलंबन ठीक नहीं है। यह मोदी सरकार की लोकतंत्र विरोधी सोच दिखाता है। हमारी यही मांग है कि गृह मंत्री संसद सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर दोनों सदनों में बयान दें। उल्लेखनीय है कि संसद में हुई सुरक्षा चूक के मुद्दे पर विपक्ष मांग कर रही है कि संसद के दोनों सदन में गृह मंत्री जवाब दें। इस मांग को लेकर दोनों सदन में विपक्ष के कुछ सांसदों ने असंसदीय आचरण अपनाया था।

### कई अहम विधेयक लोस में सूचीबद्ध

आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों विधेयकों भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक- 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक -2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर मंगलवार को लोक सभा में शुरू हुई चर्चा बुधवार को भी जारी रहेगी। चर्चा के बाद सरकार बुधवार को ही तीनों विधेयकों को पारित करने का प्रस्ताव भी सदन में रखेगी। इन तीनों विधेयकों के साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यालय अवधि) विधेयक - 2023, प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक - 2023 और टेलीकम्यूनिकेशन बिल -2023 भी बुधवार को लोक सभा में चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध है। आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्तमान सत्र के दौरान 12 दिसंबर को आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले इन तीन नए विधेयकों- भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक- 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक -2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 को लोक सभा में पेश किया था। इसके बाद शाह ने मंगलवार, 19 दिसंबर को इन तीनों बिलों पर एक साथ विचार करने का प्रस्ताव लोक सभा में रखा। इसके बाद मंगलवार को ही सदन में एक साथ आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों विधेयकों पर चर्चा शुरू हो गई जो आज भी जारी रहेगी।

### सदन में प्लेकार्ड लेकर आने वाले सांसदों को बिरला ने दी चेतावनी, कार्यवाही स्थगित

**सांसदों** के निलंबन को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति



लगातार बनी हुई है। बुधवार को सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने पर भी विपक्षी सांसदों का सदन में हंगामा जारी रहा। हंगामे और नारेबाजी के बीच लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया और लगभग 25 मिनट तक सदन में इसी माहौल में प्रश्नकाल चलता रहा लेकिन इसके बाद विपक्षी सांसदों का हंगामा और नारेबाजी लगातार बढ़ने लगा। विपक्षी सांसद लोक सभा स्पीकर तक पर आरोप लगाने लगे। विपक्षी सांसद सदन में प्लेकार्ड भी लहराते नजर आ रहे थे। लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने सदन में प्लेकार्ड लहराने वाले सांसदों को नामित करते हुए उन्हें गंभीर चेतावनी भी दी। सदन में प्लेकार्ड लहराने वाले सांसदों को चेतावनी देते हुए बिरला ने लोक सभा की कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### पीएम ने उपराष्ट्रपति को फोन कर अपमानजनक नाटकीयता पर जताया दुख

**पीएम** ने बुधवार को उपराष्ट्रपति को टेलीफोन कर कल संसद परिसर में कुछ सांसदों की अपमानजनक नाटकीयता पर गहरा दुख व्यक्त किया। बातचीत के दौरान पीएम ने धनखड़ से कहा कि वह खुद बीस साल से अधिक समय से इस तरह का अपमान झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले बीस वर्षों से इस तरह के अपमान सहते आ रहे हैं, लेकिन देश के उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ और वह भी संसद में, ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उपराष्ट्रपति ने बताया कि उन्होंने पीएम से कहा कुछ लोगों की बेतुकी हरकतें मुझे मेरा कर्तव्य निभाने और हमारे संविधान में निहित सिद्धांतों का सम्मान करने से नहीं रोक सकती हैं।

### कल्याण बनर्जी का माफी मांगने से इनकार, कहा- मिमिक्री एक कला है



**कोलकाता।** संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने की घटना का मामला गरमाने के बाद तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी खुद कैमरे के सामने आ गए हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मिमिक्री एक कला है, जिसे मैंने दिखाया। मुझे नहीं पता कि धनखड़ साहब ने इसे अपने ऊपर क्यों लिया। अगर वाकई ऐसा है तो क्या वह राज्यसभा के अंदर इस तरह का व्यवहार करते हैं? वह मेरे सीनियर हैं। हम दोनों एक ही प्रोफेशन में रहे हैं। हम जानते हैं कि किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। दरअसल, संसद परिसर में राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है।

## एक नजर

### जनवरी में नेपाल जाएंगे जयशंकर



**काठमांडू।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक में भाग लेने के लिए 4-5 जनवरी 2024 को काठमांडू की यात्रा पर जाएंगे। जयशंकर अपने नेपाली समकक्ष एनपी सऊद के निमंत्रण पर हिमालयी राष्ट्र का दौरा कर रहे हैं। वह नेपाल-भारत संबंधों की समीक्षा करने और उन्हें सुचारू करने के लिए दोनों पड़ोसी देशों के बीच सर्वोच्च द्विपक्षीय तंत्र में भाग लेंगे। यात्रा के दौरान कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। दोनों पक्ष लगभग तीन वर्षों के अंतराल के बाद होने वाली बैठक की तैयारी कर रहे हैं।

### शी चिनफिंग ने रूसी प्रधानमंत्री मिशुस्टिन से मुलाकात की



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को पेइचिंग स्थित जन वृहद भवन में रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन से मुलाकात की। इस दौरान, शी चिनफिंग ने कहा कि वह और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल की शुरूआत से दो बार मिल चुके हैं। दोनों देशों ने अपनी सरकारों, विधायी निकायों, राजनीतिक दलों और स्थानीय सरकारों के बीच घनिष्ठ आदान-प्रदान देखा है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में स्वस्थ, व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा मिला है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 9 करोड़ की ड्रग्स समेत विदेशी महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक विदेशी महिला को 9 करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। युगांडा से मंगलवार को देर रात मुंबई आई महिला ने अपने अंडरवियर में 890 ग्राम ड्रग्स छिपा रखी थी। कस्टम विभाग के अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को ड्रग सहित विदेशी महिला के मुंबई एयरपोर्ट पर आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर कस्टम की टीम एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। संदिग्ध महिला के दिखने पर कस्टम टीम ने उसे रोककर तलाशी ली। जब उसके सामान में ड्रग नहीं मिला तो उसके अंडरगारमेंट की तलाशी महिला अधिकारियों ने ली और 890 ग्राम ड्रग्स पाया गया। इसके बाद कस्टम की टीम ने विदेशी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

## डोनाल्ड ट्रम्प नहीं लड़ पाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव

### कैपिटल हिंसा मामले में अदालत ने अयोग्य ठहराया



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी सत्ता में दोबारा आने की होड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को कोलोराडो प्रांत की प्रमुख अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया है। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है। अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने का यह पहला मामला है। कोलोराडो हाई कोर्ट ने 4-3 के बहुमत वाले अपने फैसले में कहा कि ट्रंप 14वें संशोधन की धारा-3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के अयोग्य हैं। कोलोराडो प्रांत के हाई कोर्ट ने जिला अदालत के निर्णय को पलटते हुए यह आदेश दिया। जिला अदालत ने कहा था कि ट्रम्प ने 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद पर हुए हमले के लिए भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया था लेकिन ट्रम्प को राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह साफ नहीं है कि संविधान की धारा राष्ट्रपति पद को कवर करती है। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला कर दिया था। उनके हजारों समर्थक संसद भवन के भीतर घुसकर जमकर हिंसा व तोड़फोड़ कर दी थी। हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। ट्रम्प पर समर्थकों को संसद भवन में घुस कर हिंसा के लिए भड़काने का आरोप लगा था।

## सिलक्यारा टनल में 38 दिनों बाद बड़कोट सिरे से शुरू हुआ काम



**एजेंसी। उत्तरकाशी**

यमुनोत्री मार्ग पर बन रही निमार्णाधीन सिलक्यारा टनल का काम फिर से शुरू हो गया है। हादसे के 38 दिनों बाद काम शुरू हो पाया। अब सुरंग केवल 480 मीटर ही बची हुई है।

मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञ जांच समिति ने सिलक्यारा हादसे की जांच शुरू कर दी है। वहीं कंपनी पहले बड़कोट सिरे से काम कर रही है। जांच होने के बाद सिलक्यारा सिरे से भी सुरंग निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। सिलक्यारा टनल हादसे की जांच करने वाली टीम 4 दिनों की जांच के बाद दिल्ली वापस लौट गई है। अब जांच टीम अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौपेंगी। उसके बाद ही सिलक्यारा टनल के सिरे से काम शुरू होगा। एनएचआईडीसीएल के निदेशक, अंशु मनीष खल्खो ने बताया कि सुरंग के सिलक्यारा सिरे से जांच के बाद ही काम शुरू होगा, लेकिन बड़कोट सिरे से कंपनी ने काम शुरू कर दिया है। अभी जांच टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। बचाव में लगी कंपनियों के बिल के आधार पर ऑपरेशन के खर्च का कुल बिल निर्माण कंपनी को दिया जाएगा।

बता दें कि 12 नवंबर को दिवाली की सुबह टनल में भूस्खलन के चलते टनल के अंदर 41 मजदूर फंस गए थे। जिसके बाद उन्हें 17 दिन बाद तमाम एजेंसियां की मदद से रेस्क्यू किया गया।

## कई देश खरीदेंगे आकाश मिसाइल

**नई दिल्ली।** स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अब फिलीपींस, ब्राजील और मिस्र सहित कई देशों ने खरीद में रुचि दिखाई है। स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात बढ़ाने के प्रयासों के बीच आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली ने भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 'आत्म निर्भर' अभियान के तहत भारत रक्षा प्लेटफार्मों और अलग-अलग तरह की मिसाइलों का निर्माण करके लगातार एयरो स्पेस की दुनिया में अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है। स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम दूसरे देशों को भी निर्यात किये जाने के लिए 30 दिसम्बर, 2020 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। आकाश मिसाइल सिस्टम 96 प्रतिशत से अधिक स्वदेशीकरण के साथ देश की महत्वपूर्ण मिसाइल है। सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल की रेंज 25 किलोमीटर है।

### 15 ड्रग तस्करों को थाई सेना ने मार गिराया

**बैंकॉक।** थाइलैंड ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 ड्रग तस्करों को मार गिराया है। थाइलैंड की सेना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए म्यांमार सीमा पर यह कार्रवा की है। सेना ने तस्करों के पास से मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की 20 लाख गोलियां जब्त की। नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एनसीबी) के अनुसार, सेना को चियांग प्रांत में सीमा के पास तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। छापेमारी के दौरान सेना के अधिकारियों को इलाके में 20 लोग पीठ पर बैग लाद कर ले जाते हुए दिखे। जब अधिकारियों ने उन्हें पहचान बताने और बैग का निरीक्षण करने के लिए कहा तो तस्करों ने सेना पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने जवाबी गोलीबारी में 15 तस्करों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में मारे गए 15 तस्करों की पहचान अभी नहीं हुई है। मादक पदार्थों के स्त्रोत का पता लगाने में एनसीबी जुटी है।

## कोरोना जे एन-1 से घबराने की जरूरत नहीं : डॉ. वीके पॉल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के पॉल ने बुधवार को राज्यों के साथ समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में बताया कि कोरोना के नए वेरिएंट जे एन-1 से घबराने की नहीं बल्कि सजग रहने की आवश्यकता है। डॉ. पॉल ने बताया कि देश में कोरोना के लगभग 2300 सक्रिय मामले हैं। हाल ही में अचानक कोरोना के मामलों में आया उछाल जेएन.1 वैरिएंट के कारण है। उन्होंने कहा कि इस वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है। फिलहाल ज्यादातर मामले केरल, तमिलनाडु, गोवा और कर्नाटक से आ रहे हैं। कोरोना से पिछले दो हफ्तों में गंभीर सांस के रोग वाले लोगों में 16 मौतें हुईं। डॉ. वी के पॉल ने बताया कि कोरोना की स्थिति और सरकार की तैयारियों पर राज्यों के साथ समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से जागरूक और सतर्क रहने का अनुरोध किया है। इसके साथ निगरानी तंत्र को मजबूत करने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्यों को अस्पताल की उपलब्धता के लिए तैयारी के संदर्भ में पूर्ण तैयारी की जांच करने को कहा गया है।

फिल्म जगत

### मंदाना का डीपफेक वीडियो : मास्टर माइंड को तलाश रही दिल्ली पुलिस




**नई दिल्ली।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की डीपफेक प्रोफाइल बनाने के पीछे के मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस की तलाश अभी भी जारी है। एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि चार संदिग्धों को ट्रैक करने के बावजूद, यह पता चला है कि वे केवल अपलोडर थे और फर्जी वीडियो के वास्तविक निमार्ता नहीं थे। वीडियो में काली पोशाक में एक अलग महिला को लिफ्ट में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। कथित अपराधी ने वीडियो में मूल महिला के चेहरे पर मंदाना का चेहरा लगाने के लिए कथित तौर पर एआई टेकनीक का इस्तेमाल किया। एक सूत्र ने कहा, पुलिस ने मेटा से नवंबर में सोशल मीडिया पर उपरोक्त 'डीपफेक' वीडियो साझा करने के लिए जिम्मेदार इंस्टाग्राम अकाउंट के यूआरएल का खुलासा करने के लिए कहा था, हालांकि, कुछ सवालों के जवाब दिए गए थे। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी) और 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी और 66ई भी जोड़ी गई है। यह कानूनी कार्रवाई दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की एक शिकायत के बाद हुई, जिसने भारतीय अभिनेत्री से जुड़े 'डीपफेक' वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया। डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा था, हमारे नोटिस के बाद, दिल्ली पुलिस ने रश्मिका मंदाना फर्जी वीडियो मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## अभियान: सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी मिल रहा लाभ, बोले अर्जुन मुंडा

# एबी-पीएमजेवाई ने लिया जनांदोलन का रूप

### यह योजना दुनिया की सबसे बेहतर हेल्थ केयर योजना

### 16 लाख लोगों को सिकल सेल एनिमिया का कैरियर पाया गया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि बुधवार को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश में एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। यह योजना दुनिया की बेहतर हेल्थ केयर योजना है जिससे सुदूर क्षेत्र में रहने वाले लोगों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा रही है। बुधवार को केन्द्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में मीडिया से बातचीत में अर्जुन मंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य का क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। केन्द्र सरकार देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री ने युवाओं को फिट इंडिया आंदोलन से जोड़ा है। युवा फिट रहेंगे तो देश के विकास में भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए देश को टीबी मुक्त भारत बनाने की दिशा में भी मिशन मोड में काम शुरू किया गया है। इसके साथ हाल ही में जनजातीय मंत्रालय के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 की शुरूआत की है। यह दुनिया का अभिनव कार्यक्रम है जो 7.5 करोड़ लोगों की आबादी को ध्यान में रख कर शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनिमिया 1956 में देखा गया लेकिन इसके उन्मूलन की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काम शुरू किया। अब तक इस अभियान में 90 लाख डेटा बनाए जा चुके हैं। 16 लाख लोगों को सिकल सेल एनिमिया का कैरियर पाया गया है।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवा एवं शोध संस्थानों के रूप में आज 23 एम्स हैं, जिसमें से तीन निर्माणाधीन हैं। उसे भी जल्दी पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के साथ आज 1.37 लाख से अधिक जन आरोग्य मंदिर हैं जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत लोगों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की जा रही है। लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं जिससे वे साल में पांच लाख तक की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। कोरोना के नए वेयरियंट को लेकर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बुधवार को सभी राज्यों के साथ बैठक कर रहे हैं लेकिन लोगों को भी सजग रहने की आवश्यकता है।